■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 270
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
4 मार्च 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1788:** कलकत्ता गजट का प्रकाशन शुरू।
**1858:** ब्रिटिश अधिकारी जे पी वॉकर तकरीबन 200 कैदियों को लेकर कलकत्ता से अंडमान और निकोबार के लिए रवाना हुए थे।
**1951:** नई दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन हुआ।
**1961:** भारत के पहले विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने सेना के लिए अपनी सेवाएं देना शुरू किया।

**अगर हारने से डर लगता है तो जीतने की इच्छा कभी मत रखना।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रियों की लगाई क्लास

# अगले पांच वर्षों के लिए कार्य योजना पर मंथन

## विकसित भारत के रोडमैप पर पीएम ने की चर्चा, दिए अहम निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने सभी से विवादित बयान देने से बचने की सलाह दी। जबकि डीप फेक पर भी उन्होंने चिंता जताते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि योजनाओं पर बोलें, लेकिन विवादित बयान देने से बचें। इसके उन्होंने मंत्रियों से कहा कि आप जो भी बोलें, सोच-समझकर ही बोलें। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर से डीप फ़ेक को लेकर चिंता जताई और मंत्रियों से इसका शिकार होने से बचने का निर्देश दिया। पीएम मोदी ने कहा, डीप फ़ेक से सतर्क रहें। नरेंद्र मोदी ने



मंत्रिपरिषद के साथ विकसित भारत 2047 के विजन दस्तावेज और अगले 5 वर्षों के लिए विस्तृत कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया। सूत्रों के मुताबिक बैठक में 'विकसित भारत 2047' के लिए विजन डॉक्यूमेंट और अगले पांच वर्षों के लिए विस्तृत कार्य योजना पर मंथन किया गया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मई 2024 में नई सरकार के गठन के बाद योजनाओं पर तत्काल कदम उठाने के लिए सौ दिवसीय एजेंडे पर भी चर्चा की गई। विकसित भारत के रोडमैप को तैयार करने में दो साल से ज्यादा का समय लगा। इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाजा और वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक चर्चा और युवाओं के विचारों व सुझावों को शामिल किया गया। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर 2700 से ज्यादा बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से ज्यादा युवाओं से सुझाव मिले। 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन में आसानी, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा, सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। मंत्रिपरिषद ने विकसित भारत 2047 के लिए विजन डॉक्यूमेंट के साथ-साथ नई सरकार के गठन के बाद त्वरित कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदमों के 100 दिवसीय एजेंडे पर भी चर्चा की।

# विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष बने आमिर सुबहानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को नीतीश सरकार ने नई जिम्मेवारी दे दी है। राज्य सरकार ने आमिर सुबहानी को बिहार विद्युत विनियामक आयोग का अध्यक्ष बना दिया है। इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दिया गया है। सुबहानी अब अगले पांच वर्ष या 65 साल की उम्र तक इस पद पर बने रहेंगे। सरकार की तरफ से जारी की गई अधिसूचना 4 मार्च से प्रभावी होगी। उनकी सैलरी दो लाख 25 हजार रुपये होगी। मुख्य सचिव पद से वीआरएस लेने वाले आईएएस आमिर सुबहानी अप्रैल में रिटायर्ड होने वाले थे। रिटायरमेंट से पहले ही उन्होंने वीआरएस के लिए सरकार को आवेदन दिया, जिसको मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंजूरी दे दी। कयास लगाया जा रहा था कि आमिर सुबहानी को बीपीएससी का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। अतुल प्रसाद के रिटायरमेंट के बाद यह पद खाली है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अब उन्हें विद्युत नियामक आयोग में जगह दे दी गई है। बता दें आमिर सुबहानी के वीआरएस ले लिए जाने के



बाद 1989 बैच के आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा को राज्य का मुख्य सचिव बनाया गया है। फिलहाल वह राजस्व व भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित थे। इसके साथ ही 1990 बैच के आईएएस अधिकारी चैतन्य प्रसाद विकास आयुक्त बनाए गए हैं। वर्तमान में वह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर तैनात हैं। चैतन्य प्रसाद अगले आदेश तक अध्यक्ष-सह-सदस्य, राजस्व पर्षद और अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने भाजपा को दिया 2 हजार का चंदा

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कस लिया है। जहां भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। वहीं अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी के पार्टी फंड में 2,000 रुपये का चंदा दिया है। फंड में योगदान देने के बाद पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि मैं सभी से राष्ट्र निर्माण के लिए दान का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योगदान देकर उनको खुशी हो रही है।

### पवन सिंह ने किया चुनाव लड़ने से इंकार

**पटना।** भोजपुरी सुपरस्टार और भाजपा नेता पवन सिंह ने आसनसोल सीट से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उन्होंने इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संदेश भेजा है। अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट लिखते हुए पवन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

### बिहार में चलेंगी दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस

**पटना।** पटना जंक्शन से दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया गया है। पहली वंदे भारत ट्रेन पटना से लखनऊ वाया अयोध्या चलायी जाएगी, जबकि दूसरी वंदे भारत पटना से सिलीगुड़ी तक चलाने का निर्णय लिया गया है। पटना-सिलीगुड़ी वंदे भारत की समय सारणी निर्धारित कर ली गई है। वहीं, पटना-अयोध्या वंदे भारत का रैक शनिवार को राजेंद्र नगर टर्मिनल पर आ गया है। हालांकि इस ट्रेन की समय सारणी का निर्धारण नहीं किया गया है। शीघ्र ही इसकी तिथि और समय सारणी की भी घोषणा कर दी जाएगी। सिलीगुड़ी से पटना तक चलने वाली वंदे भारत उत्तर सीमांत रेलवे के अधीन होगी।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**आरा।** दानापुर रेल मंडल के बनाही स्टेशन के समीप रविवार की देर शाम ट्रेन से कटकर एक युवक का मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि देर शाम पोल संख्या 619/22 के समीप कटकर एक युवक का मौत हो गयी। सूचना पर रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पायी है। रेल पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में पूर्व सांसद आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देनेवाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। उन्हें पिछले साल अप्रैल में सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

# डाक विभाग और बीआईए मिलकर बिहार के उद्यमियों की करेंगे मदद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डाक विभाग और बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) मिलकर अब बिहार के उद्यमियों को मदद करने के लिए काम करेगा। इसके तहत दोनों के बीच जल्द समझौता होगा। डाक विभाग के निर्यात केंद्र से बिहार के उद्यमियों को जोड़ा जाएगा। मिथिला पेंटिंग से बने उत्पाद, कृषि उत्पाद, पारंपरिक कला और शिल्प से बने उत्पाद, कपड़े आदि का कारोबार कर रहे उद्यमियों को बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की मदद से चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद डाक निर्यात केंद्र से जोड़कर उनके उत्पादों को विदेशी बाजार तक पहुंचाया जाएगा। डाक निर्यात केंद्र से उत्पाद विदेशों में भेजने के लिए उद्यमियों को कस्टम क्लियरेंस के लिए बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे उद्यमियों को और भी सहूलियत होगी। कस्टम क्लियरेंस भी डाक विभाग में ही हो जाएगा। पहले कस्टम क्लि यरेंस के लिए कोलकाता जाना पड़ता था। कागजी प्रक्रिया से लेकर कस्टम क्लियरेंस की प्रक्रिया सभी डाक विभाग के कर्मचारियों की ओर से ही पूरी की जाएगी। डाक निर्यात केंद्र की मदद से उद्यमी या व्यापारी 35 किलोग्राम तक के वजन के पार्सल को विदेशों में भेज सकेंगे। इसके लिए उद्यमियों को डाक विभाग का भी चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उद्यमी घर बैठे लिंक पर जाकर अपना पंजीयन, केवाईसी और अनिवार्य दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद डाक विभाग के कर्मचारी उद्यमी के घर से पार्सल का संग्रह करेंगे। डाक विभाग में पार्सल के पैकेजिंग, लेबलिंग का जिम्मा डाक विभाग का होगा। उद्यमियों को सामान के वजन के हिसाब से ही शुल्क का भुगतान करना होगा।

# इंडिया के नेताओं ने जनविश्वास महारैली में भरी हुंकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंडिया गठबंधन द्वारा राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को शक्ति प्रदर्शन किया गया। इस जनविश्वास महारैली में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ-साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माकपा नेता सीताराम येचुरी, भाकपा महासचिव डी राजा, भाकपा माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य भी शामिल हुए। इस रैली को सभी दलों के नेताओं ने संबोधित करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला। जन विश्वास महारैली को संबोधित करते हुए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने पुराने दिनों की याद ताजा कराते हुए कहा कि पहले दलित, पिछड़ा, आदिवासियों को वोट के अधिकार से दूर रखा जाता था। मतदान केंद्र को सामंती लोग अपने दरवाजा पर रखते थे। इसलिए कि ये लोग वोट



डालने नहीं आए और उनके वोट को लूट लिया जाए। हमने उनको ताकत दिया। उन्होंने कहा कि हमने मंडल कमीशन लागू कराया जिसका नतीजा हुआ कि आज कोई भी गरीबों के तरफ आंख नहीं दिखाता। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि देश से भाजपा और आरएसएस को हटाकर इंडिया की सरकार बनाएंगे। देश में जब भी बदलाव आता है तो बिहार से तूफान शुरू होता है। बिहार राजनीति का नर्व सेंटर है। आज देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ नफरत, हिंसा, अहंकार है तो दूसरी तरफ मोहब्बत, भाईचारा और दूसरे की इज्जत। नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं हम। ये नफरत का देश नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश को बर्बाद करने में पीएम मोदी लगे हुए हैं। मैं बताता हूं कि मोदी जी की गारंटी क्या है? उन्होंने 2014 में कहा था कि 2 करोड़ नौकरियां हर साल युवाओं को दूंगा लेकिन ये प्रधानमंत्री कैसा झूठ बोलता है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मैं तेजस्वी और उनके दल को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि यूपी के साथ-साथ बिहार भी बदलाव की तरफ चलेगा। श्री यादव ने कहा कि एक तरफ वे लोग हैं, जो संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ संविधान के भक्षक हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा मैंने हाल ही में बिहार में 3500 किमी का सफर तय किया है। आज सभी रैलियों का रिकॉर्ड टूट गया है। तेजस्वी यादव जब सरकार में था तो नौकरी का भी रेला लगा था। हमने इसी गांधी मैदान से नियुक्ति पत्र बंटवाया था। आप इतनी बड़ी संख्या में अपने भाई और बेटे को आशीर्वाद देने आए हैं। 17 महीने की सरकार में हमने काफी काम किया। रोजगार दिया, जातीय आधारित गणना कराई, आरक्षण बढ़ाया। जो काम आजादी के बाद से बिहार में नहीं हुआ था, वो काम हमने करके दिखाया है।

# युवक की गला दबाकर हत्या

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड के चेरो ओपी के द्वारिका बिगहा गांव के नजदीक रविवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। बदमाशों ने गला दबाकर हत्या करने के साथ ही उसका गुप्तांग भी काट दिया। मृतक की पहचान चखामिंद गांव निवासी 35 वर्षीय अभिनव कुमार के रूप में हुई। उधर जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। हत्या क्यों की गई है इस पर परिजन अभी कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। परिजन ने बताया कि किसी के फोन आने पर वह घर से निकला था। उसके बाद नहीं लौटने पर खोजबीन के दौरान सीधे लाश ही मिली। वहीं सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वाड को भी बुलाया गया है। गला दबाकर हत्या के साथ-साथ शरीर पर जख्म के भी निशान मिले हैं, गुप्तांग भी कटा हुआ है।

# शौचालय की टंकी में गिरने से तीन बच्चियों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**किशनगंज।** शनिवार की रात एक दर्दनाक हादसे में तीन मासूमों की मौत हो गयी। घटना जिले के बहादुरगंज नगर के बाराडांगा गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार बच्चे खेलने के दौरान इस हादसे का शिकार बन गए। टंकी का ढक्कन टूट गया और तीनों बच्चियां टंकी में गिर गयीं। मृतकों में दो सगी बहनें बतायी जा रही हैं जबकि एक बच्ची पड़ोस की रहने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों शनिवार की देर शाम को अपने घर के बाहर खेल रही थीं। लेकिन जब वो अपने-अपने घर वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी खोज शुरू की। खोजबीन के दौरान परिजनों को तीन बच्चियों के शव टंकी में होने की सूचना मिली। इसके बाद आनन-फानन में सभी टंकी की तरफ गए। तीनों बच्चियों को बाहर निकाला गया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को भी इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि टंकी का ढक्कन टूट जाने से तीनों बच्चियां गिर गयीं और उनकी जान चली गयी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। वहीं दूसरी ओर मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान बारडंगा निवासी अजमल आलम की बेटी प्रवीण और अकबर आलम की दो बेटियां आयात और सीमा के रूप में की गयी है। तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तीनों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है।

# सीएम ने गढ़वा को दी 93 करोड़ की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को गढ़वा को 93 करोड़ रुपए की सौगातें दीं। खराब मौसम की वजह से सीएम को पहुंचने में साढ़े चार घंटे की देरी हुई। झारखंड के मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से दोपहर बाद 4:30 बजे गढ़वा पहुंचे। यहां सबसे पहले सीएम ने गढ़वा के नवनिर्मित समाहरणालय भवन का उदघाटन किया। श्री सोरेन ने रविवार को अपराह्न जिला मुख्यालय गढ़वा में 93 करोड़ की लागत से निर्मित 5 महत्वपूर्ण योजनाओं का उदघाटन किया। इसमें 60 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक समाहरणालय भवन, 15 करोड़ की लागत से बना बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क,



7 करोड़ रुपये से बने बहुप्रतीक्षित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन, 4 करोड़ की लागत से नवनिर्मित अंतरराज्यीय पालिका परिवहन पड़ाव और 7 करोड़ की लागत से बने फुटबॉल स्टेडियम शामिल हैं। मुख्यमंत्री के साथ सभी कार्यक्रमों में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, बसंत सोरेन और हफीजुल हसन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री को रांची से सड़क मार्ग से गढ़वा आना पड़ा। इसके कारण वे निर्धारित कार्यक्रम में समय से साढ़े चार घंटे देरी से पहुंचे। मुख्यमंत्री के गढ़वा पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पारंपरिक झारखंडी गीत व नृत्य से उनका स्वागत हुआ। समय की कमी की वजह से चंपाई सोरेन ने यहां कोई भाषण नहीं दिया। शाम करीब 5:30 बजे वह हेलीकॉप्टर से रांची रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के सड़क मार्ग से आने के बाद हेलीकॉप्टर वहां पहुंचा था।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7




नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga (अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : 10th) | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science (अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10th)

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science (अवधि: 3 वर्ष, योग्यता :10+2) | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science (अवधि: 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2)
MD (Acu Yoga) MD (TM) अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY




Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
● एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

Apply Online: www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसीन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# सीट शेयरिंग को लेकर मुख्यमंत्री जाएंगे दिल्ली, पीएम मोदी आ रहे हैं बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा चुनाव नजदीक देख बिहार की सियासत गरमाई हुई है। एक ओर जहां आज राजद गांधी मैदान में महागठबंधन की जनविश्वास महारैली हुई। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली जाने की खबर है। सूत्रों से मिली जानकारी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 5 मार्च को दिल्ली दौरे पर जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक 5 मार्च को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर बिहार एनडीए की बैठक होगी। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। वहीं इस बैठक में बिहार एनडीए के सभी शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में नीतीश कुमार सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा करेंगे। वहीं, इस बैठक के बाद पीएम मोदी की मौजूदगी में भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी जिसमें बिहार को लेकर भी चर्चा हो सकती है। भाजपा ने बीते दिन 16 राज्यों के लिए 195 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। इस बीच 6 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेतिया आने वाले हैं। इसको लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारी तेज कर दी है। इस कड़ी में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पं.चम्पारण पहुंचे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कई परियोजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि चम्पारण हमारे बिहार का मुकुट है। नौतन में गंडक नदी पर देश का सबसे बड़ा पुल बनने जा रहा है। सिलीगुड़ी से गोरखपुर तक छह लेन का एक्सप्रेस वे बन रहा है जो नौतन से होकर ही गुजरेगा। उन्होंने कहा कि चंपारण से ही राजनीतिक विरासत, सांस्कृतिक विरासत व समाज को देश की दशा व दिशा तय होती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में रेलवे क्षेत्र में 70 हजार करोड़ की योजना चल रही है जो 1947 से 2014 तक के बीच भी कभी नहीं हुआ था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री हजारों करोड़ की लागत से बनने वाला रेलवे, सड़क, पेट्रोलियम और बिजली के सेक्टर में चल रहे कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे और जनता को संबोधित भी करेंगे।

# मोतिहारी में "हमारा संकल्प विकसित भारत" विषय पर जागरुकता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/मोतिहारी।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मोतिहारी में 9 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता कार्यक्रम के साथ आज बाल कला प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तीसरे दिन के कार्यक्रम का आरंभ बच्चों ने बाल संगीत और बाल नृत्य के साथ किया जिसके बाद विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। सुबह से शाम तक चलने वाले इस कार्यक्रम में करीब - करीब 1000 लोगों ने हिस्सा लिया और करीब 600 लोगों ने यहां लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अख्तर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जनता दल यूनाइटेड लोकसभा सीट को लेकर आशान्वित

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू स्थित एक निजी बैंकवेट हॉल में जनता दल यूनाइटेड द्वारा रविवार को मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान मोटीया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी अपने संगठन के समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ अपने मजदूर संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की। जनता दल यूनाइटेड झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने पार्टी में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के कई पदाधिकारी मौजूद थे। मिलन समारोह में जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संतोष कुमार सोनी को पूरा सम्मान दिया जाएगा एवं जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सहित पूरे देश स्तर में आगे ले जाने का काम किया जाएगा ।

# बिहार के लिए काला अध्याय था तेजस्वी यादव के माता-पिता का राज : सुशील कुमार मोदी

## लालू प्रसाद ने रेलवे को मुनाफा कराया तो 90 हजार करोड़ रुपये कहां गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार के रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद का कार्यकाल एक काला अध्याय था। यदि उनके समय रेलवे को 90 हजार करोड़ का मुनाफा हुआ तो वह पैसा कहां चला गया। उस समय न एयरपोर्ट जैसे विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बने, न वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें चलीं। श्री मोदी ने कहा कि लालू प्रसाद के बाद यूपीए-2 में रेल मंत्री बनी ममता बनर्जी ने ही मुनाफे में लाने के दावे की पोल खोल दी थी।



उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद ने नौकरी के बदले जमीन लेने का ऐसा घोटाला किया जिसमें परिवार के पांच लोगों को जमानत लेनी पड़ी।

श्री मोदी ने कहा कि तेजस्वी यादव बताएं कि उनके माता-पिता के राज में दलितों के नरसंहार क्यों होते थे? किसानों के खेत क्यों जलाये जाते थे और क्यों सवर्णों को लाइन में खड़ा कर गोली मार दी जाती थी? उस समय सड़कें जर्जर क्यों थीं? लाखों लोगों को दो वक्त की रोटी के लिए पलायन क्यों करना पड़ा। उन्होंने कहा कि राजद अब कितनी भी रैली-रैला कर ले, बिहार की जनता भय-भ्रष्टाचार का पुराना दौर नहीं लौटने देगी।

# परिवारवाद का शो साबित हुआ 'जन विश्वास रैली' : प्रभाकर मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने महागठबंधन पर तंज कसते हुए हुए कहा कि जन विश्वास रैली में परिवारवाद का शो दिखा। मंच पर एक ही परिवार के पांच लोग दिखे। इस रैली में जनता का विश्वास नहीं, बल्कि एक बार फिर परिवारवाद दिखा। श्री मिश्र ने कहा कि महागठबंधन की रैली जन विश्वास रैली नहीं, बल्कि 'बकवास' रैली साबित हुई जिसमें बकवास करने के कांग्रेस सहित महागठबंधन के दूसरे नेताओं को बुलाया गया था। यह जनता को विश्वास दिलाने के लिए नहीं, बल्कि असामाजिक और अपराधी तत्वों को विश्वास दिलाने के लिए बुलायी गयी थी। महागठबंधन के नेताओं की करतूतों को कौन नहीं जानता। परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के अलावा महागठबंधन में शामिल दलों ने और क्या किया। जनता के साथ धोखाधड़ी करने वाले महागठबंधन की इस रैली में जनता कहीं नहीं दिखी। श्री मिश्र ने कहा कि राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों ने रैली की नौटंकी बहुत कर ली। काठ की हांड़ी बार-बार नहीं चढ़ती। लालू और उनके शागिर्दों का तिलिस्म अब खत्म हो चुका है। बिहार के लोग लालटेन युग से बाहर निकल चुके हैं।

# राजद कार्यकर्ताओं ने फाड़ डाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की ओर से आयोजित जनविश्वास महारैली में भाग लेने आए राजद कार्यकर्ताओं ने पटना में जमकर उत्पात मचाया। महारैली रैली में शामिल होने वाले उपद्रवियों के द्वारा जदयू कार्यालय के बाहर लगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर, बैनर और गुब्बारे को फाड़ दिया गया। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही जदयू कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। बताया जाता है कि महारैली में शामिल राजद समर्थकों की भीड़ जदयू कार्यालय के बाहर आई तो कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विरोध में नारे लगाने शुरू कर दिए और मुख्यमंत्री का पोस्टर भी फाड़ दिया। जदयू के नेता मुन्ना चौधरी ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी कि राजद समर्थकों के बीच कुछ उपद्रवियों ने उनके कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर और बैनरों को नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में जदयू नेता भी उपद्रवियों को सख्ती से निपटने की योजना बना रहे हैं। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर मुकम्मल पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। यह घटना राजनीतिक माहौल में गंभीरता का संकेत है।




# जमशेदजी टाटा की 185वीं जयंती मनाई गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी टाटा की 185 वी जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को जमशेदपुर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम टाटा स्टील मुख्य द्वार एवं पोस्टल पार्क, बिस्टुपुर में आयोजित किया गया जिसमें टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने टाटा जी के प्रतिमा में पुष्प चढ़ा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और 1मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि आज बदलते परिवेश में तकनीक का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा हो रहा है। आज हमें स्टील उत्पादन के क्षेत्र में चीन से मुकाबला करना पड़ रहा है। इसलिए हमें अपने उद्योग के विकास के साथ नई तकनीकी का अधिक से अधिक प्रयोग करना है। उन्होंने कहा कि हम इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। वहीं टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि जमशेदपुर की गुणवत्तापूर्ण जीवन काफी लोगों को संतुष्टि प्रदान कर रहा है और हमें इससे और अच्छा करना है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा शहर को बनाना है कि आनेवाले 100 वर्ष बाद भी इसकी गुणवत्ता काफी अच्छी रहे। हमें पानी की बर्बादी को रोकना है। स्वच्छता को बनाए रखना है। तभी हमारा जीवन स्तर में सुधार रहेगा।

# क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के बापू सभाकक्ष में बोर्ड द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के 22 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बिहार आज खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर गणतंत्र दिवस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें देश भर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया था। पूछे गए सवालों के सर्वाधिक सही जवाब देकर 22 प्रतिभागियों ने विजेताओं की सूची में अपना नाम दर्ज किया। सभी विजेताओं को बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार व सहायक लेखा पदाधिकारी




प्रदीप कुमार सिन्हा द्वारा खादी घड़ी, डायरी व कैलेंडर देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार विजेताओं में मोहम्मद अब्दुल अहद, समीर परिमल, पंकज, पूजा गुप्ता, संगीता चौधरी, ऋषभ कुमार, उषा कुमारी कामत, राजू कुमार, काजल शर्मा, स्नेहु, मनीष कुमार, हेमंत नारायण, शिवांगी अभिषेक कुमार, निखिल राजपूत, सोनू कुमार, अबसर नजाकत, मनोहर कुमार, कृष्णा कुमारी, संगीता सिन्हा, पिंटू कुमार, नीरज कुमार सिंह और संजय सिन्हा शामिल रहे। विजेताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण के उपरांत सभी विजेताओं ने खादी मॉल का भ्रमण किया जहां बिहार खादी एवं हस्तनिर्मित उत्पादों ने उनका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। समय-समय पर युवाओं का मनोबल बढ़ाए रखने तथा खादी के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड पटना द्वारा ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से विशेष कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर वस्तु एवं सेवाकर के उप आयुक्त समीर परिमल, खादी मॉल प्रबंधक रमेश कुमार एवं अन्य कर्मचारी अब्बास रिजवी, रवि प्रकाश, प्रियंका, विनय कुमार, सुभाष कुमार, आरती, दीपांजलि, अंकिता, अफजल आलम, कुमार विकास आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महाज्योर्तिवैज्ञानिक वराहमिहिर स्मृति अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन 11 से 21 मार्च को रात्रि 8:30 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। यह संस्कृत सम्भाषण शिविर अति विशिष्ट होने वाला है क्योंकि इसमें दस दिवस तक निरन्तर महाज्योर्तिवैज्ञानिक आचार्य वराहमिहिर के जीवन और कृतित्व के साथ-साथ ज्योतिष विद्या के विविध बिंदुओं पर चर्चा-परिचर्चा सह संस्कृत बोलना भी सिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के गृह विभाग के विशेष सचिव डॉ. अनिल कुमार सिंह होंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा प्रशिक्षक आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा के द्वारा किया जाएगा। साथ ही वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक यथा डॉ. मिथिलेश झा, शैलेन्द्र सिंहा, डॉ. अनिल चौबे, धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तरप्रदेश, पत्रकार एवं संपादक महेश मिश्र, उग्र नारायण झा आदि विद्वानों का सान्निध्य भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी तथा आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय संयोजक पिंटू कुमार के द्वारा सम्पन्न होगा। स्वागताध्यक्ष आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय संयोजिका एवं सह आचार्या, संस्कृत विभाग, गंगा देवी महिला कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के डॉ. रागिनी वर्मा के द्वारा किया जायेगा।

# जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी का मना ज्ञान कल्याणक महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रविवार को श्री चन्द्रप्रभु जी दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, जियातमोलीन की गली, मंदिर पटना में धूमधाम के साथ भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः जिनमन्दिर में मंगलाष्टक से प्रारम्भ हुई, इसके पश्चात भगवान का अभिषेक तथा वृहद शांतिधारा की गई। इसके बाद भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी की ज्ञान कल्याणक की पूजा कर भव्य मंगल आरती की गई। मौके पर बिहार दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि इस चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर में विराजमान सभी भगवान की प्रतिमायें लगभग 600 वर्ष से भी अधिक प्राचीन एवं अतिशयकारी होने के कारण यहां दर्शनार्थ जैन तीर्थ यात्री आते रहते



हैं। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विनोद जैन, विजय जैन, सोनु जैन, सवि जैन, मंजू जैन, नेहा जैन, नैतिक जैन एवं स्थानीय जैन समाज उपस्थित थे। एम पी जैन ने बताया कि जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु का ज्ञान कल्याणक फागुन कृष्ण सप्तमी को मनाया जाता है। भगवान चंद्रप्रभु का जन्म वाराणसी के चंद्रपुरी में हुआ था। उनका जन्म पौष कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को हुआ था। चंद्रप्रभु भगवान के बारे में एक और बात यह है कि चंद्रमा की तरह संसार के भौतिक सुख और इच्छाएं बढ़ती-घटती रहती हैं। जन्म से मृत्यु तक जीवन-कलाएं घटती-बढ़ती रहती हैं, इसलिए ये नश्वर हैं। इस नश्वर संसार में भी चंद्रमा हमें आभायुक्त बने रहने का संदेश देता है। अगर शुभ भावों का उदय होगा तो जीवन विकसित होता हुआ एक दिन पूर्णिमा तक पूर्णोदय प्राप्त हो जाएगा।

# बिहार की सभी 40 सीटों पर महागठबंधन की होगी जीत : पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महागठंबधन के आह्वान पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास महारैली को सफल बनाने में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की महती भूमिका रही। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक लाख से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली को भाकपा की तरफ से राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डी. राजा, राज्य सचिव कॉमरेड रामनरेश पाण्डेय, राज्य सचिवमंडल सदस्य कॉमरेड अवधेश कुमार राय और विधायक कॉमरेड रामरतन सिंह ने संबोधित किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कॉमरेड डी. राजा ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए केन्द्र की सत्ता से भाजपा को हटाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संविधान और लोकतंत्र पर हमले किये जा रहे हैं। धर्मनिरपेक्षता को समाप्त कर रही है। देश को बचाने के लिए केन्द्र की सत्ता से मोदी सरकार को हटाना है और बिहार में महागठबंधन को जिताना है। भाजपा की केन्द्र से विदाई होगी और इंडिया गठबंधन की सरकार केन्द्र में बनेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार आर.एस.एस. के इशारे पर चलती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आर एस एस के एजेंडों को लागू कर रहे है। उन्होंने मोदी की गारंटी पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी की गारंटी छलावा है। मोदी के राज में गरीबों पर लगातार हमले हो रहे हैं। मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास नारे के साथ सत्ता में आयी थी, लेकिन इस सरकार में पूंजीपतियों का विकास हो रहा है।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने किया शिक्षाविदों के मिलन सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने पटना में शिक्षाविदों की मिलन सभा और सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया। इस आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सविता ओझा द्वारा स्वागत भाषण के साथ आरंभ हुआ। इस कार्यक्रम में शिक्षकों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला। इसके बाद कार्यक्रम के अतिथि पटना की मेयर सीता साहू, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, डीजी पटना विकाश वैभव, बीजेपी एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा, राष्ट्रीय जन लोक पार्टी के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह




व अकाश शर्मा द्वारा शिक्षाविदों को उनके मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता कुमार रौशन ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय एवं इस कार्यक्रम के अपने सभी सहभागियों को इस आयोजन को सफल बनाने में उनके समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद देते हैं। मौके पर करुणा कंदरा, भानु प्रताप सिंह, अंकुर शर्मा, तरुण प्रताप सहित नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय से जुड़ी टीम के लोगों की उपस्थिति रही।

# मतदाता सूची में नाम चेक करने के लिए आज से चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर आज से पूरे राज्य भर में मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को सभी बूथ स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) को बूथ पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। आम लोगों से अपील की जा रही है कि बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जाकर जरूर चेक कर लें। कई बार देखने में आता है कि किसी विसंगति वश नाम कट जाता है किंतु मतदाता इससे अनभिज्ञ रहते हैं, ऐसी स्थिति में मतदान के दिन ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।इसलिए जो लोग अपना नाम चेक करने के लिए कल बूथ नहीं जा सकते हैं वे कम से कम इतना कार्य जरूर करें कि गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर उसमें अपना नाम जरूर सत्यापित कर लें, किसी भी विसंगति की स्थिति में अपने बीएलओ को बताएं या निर्वाचन हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें। अपना नाम सत्यापित करने के उपरांत मतदाता इस बात का जिक्र अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी जरूर कर दें कि उन्होंने अपना नाम चेक कर लिया है ताकि उनसे अन्य लोग भी प्रेरणा ले सकें।

# महागठबंधन की जन विश्वास रैली मात्र भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों का जमावड़ा : भीम सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के उपाध्यक्ष और नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद भीम सिंह ने आज महागठबंधन की जन विश्वास रैली को पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए कहा कि यह रैली विरोधाभासियों, भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों का जमावड़ा भर था। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस रैली को जनता ने नकार दिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस रैली के जरिए प्रदेश में



सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि इसमें आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे तो आपातकाल का विरोध करने वाले लालू प्रसाद भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि इस रैली को जनता ने नकार दिया। सिंह ने आगे कहा कि संसाधनों के बल पर इस रैली में भीड़ जुटाई गई थी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने सत्ता में रहकर जो धनोपार्जन किया गया है उसी का इस रैली के लिए उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने अपनी रैली में शामिल भाकपा माले को कभी मुडकटवा पार्टी तक कहते थे, आज साथ हैं। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि लालू और तेजस्वी अब लाख कोशिश कर लें, लेकिन अब बिहार पुराने दौर में नहीं लौटने वाला है यह मोदी जी की गारंटी है। बिहार की जनता भी अब बिहार को उस दौर में नहीं लाने को लेकर दृढ़संकल्पित है। इधर, विधान पार्षद और प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता जनक राम ने कहा कि लालू प्रसाद नौवां पास बेटे को उप मुख्यमंत्री बनवा दिया। इसे लेकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि अब बिहार के दलित गुमराह नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के दलित राजद का वह समय नहीं भूले हैं जब दलितों का कत्लेआम करवाया जाता था। श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास की बात कर उनकी व्यवस्था में सुधार लाने का काम कर रहे हैं और महागठबंधन के नेता नफरत फैलाकर सत्ता में आने का प्रयास करने में जुटे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि महागठबंधन के नेताओं का सपना कभी पूरा नहीं होने वाला है। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलू और प्रेस पैनलिस्ट पूनम सिंह उपस्थित थी।

CMYK

# कैमूर में अज्ञात अपराधियों ने युवक को दिनदहाड़े मारी गोली, घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के समीप बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा जख्मी युवक को प्राथमिक इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जख्मी युवक की पहचान मोहनियां थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी सुरेंद्र चौरसिया के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति के बयान पर



एफआईआर दर्ज की गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि जख्मी युवक सुधीर अपने गांव के दोस्त मन्नु कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर जयपुर पुल के पास वाले पेट्रोल पंप पर डीजल लाने जा रहा था। अभी वह दोनों रास्ते में मुबारकपुर गांव के ही शकील के बगीचा के समीप पहुंचा था कि पीछे से आए दो की संख्या में नकाबपोश अपराधकर्मियों द्वारा सुधीर को निशाना बनाया गया। गनीमत रही कि गोली सुधीर के पैर में लगी। इस गोलीबारी में सुधीर लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौका देखकर अपराधकर्मी फरार हो गए। पुलिस द्वारा जख्मी युवक को इलाज हेतु अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां पर जख्मी सुधीर कुमार के फर्द बयान के आधार पर मोहनिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक गोली मारने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है जिसको गोली लगी है उसने भी अपराधियों को नहीं पहचाना है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एक चालान से दो बार बालू परिवहन, चार ट्रक जब्त

## लाइनर समेत ट्रक मालिक व चालक पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के कुंवर सिंह चौक पर एक चालान से दो बार बालू परिवहन करते खनन विभाग ने चार ट्रकों को जब्त किया है। इस संबंध में नगर थाने में शनिवार को प्राथमिक की दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार खनन निरीक्षक ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि शुक्रवार की रात नगर थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक पर बालू लदे ट्रकों की जांच की गई। ट्रक संख्या यूपी 67 ए टी 2135 के चालान की जांच की गई। उक्त ट्रक पर डालमियानगर के मकराइन घाट से बालू लोड कर वाराणसी की ओर जा रहा था। चालान की जांच से पता चला कि वह मकराइन घाट से 29 फरवरी को 6.49 बजे सुबह को निर्गत है जिसकी वैधता 1 मार्च की सुबह 6.49 बजे तक थी। घाट से वीर कुंवर सिंह चौक पहुंचने में 16 घंटे लगे। शिवसागर टोल प्लाजा से जांच से पता चला कि उक्त ट्रक 1 मार्च की रात 9 .50 बजे पुनः जिले में प्रवेश किया है। पुराने चालान पर दुबारा परिवहन किया जा रहा था। वहीं बी आर 45 जीबी 1122 की जांच की गई। कटार बालू घाट से 29 फरवरी को 11 बजे दिन में निर्गत है। कटार बालू घाट से सात किमी की दूरी तय करने में इसे 13 घंटे लगे। शिवसागर टाल से जांच में पता चला कि यह ट्रक 29 फरवरी को 6 बजे शाम को जिले में प्रवेश किया है जबकि बालू लदे ट्रक संख्या बी आर 04 क्यू 3634 की जांच में पता चला कि इसका चालान मकराइन बालू घाट से 29फरवरी 7.21 बजे सुबह का निर्गत है। उसी दिन यह ट्रक शिवसागर टाल से 8.45 बजे वाराणसी की ओर गया है। उसी रात 21.05 बजे रात जिले में प्रवेश किया है। एक ही चालान पर दुबारा बालू का परिवहन किया जा रहा था। वहीं यूपी 67ए टी 2511 की जांच में पता चला कि 29 मार्च को कटार बालू घाट से प्रात 9.06 बजे चालान निर्गत किया गया। उसी रात यह वाहन शिवसागर टोल से 9.05 बजे पुनः जिले में प्रवेश किया। उसी चालान पर दुबारा बालू का परिवहन किया जा रहा था। खनन निरीक्षक संजीव रंजन ने एक चालान पर दुबारा परिवहन कर खनन राजस्व की क्षति पहुंचाने की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# आप पार्टी नेता सत्येंद्र कुमार समर्थकों संग आजसू में शामिल

## सुदेश महतो गिरिडीह सीट को लेकर आश्वस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू स्थित आजसू पार्टी मुख्यालय में रविवार को मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मिलन समारोह में मुख्य रूप से आप पार्टी के महानगर इकाई के सत्येंद्र कुमार सहित अन्य समर्थकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । सभों को पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया । मिलन समारोह में उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि उनके आने से पार्टी की ताकत में इजाफा होगा ।



हमारी पार्टी की मंशा होगी कि राज्य में एक नया जनादेश लेकर राज्य को एक वाजिब जगह स्थापित किया जाए । एनडीए गठबंधन के सीट शेयरिंग के विषय में आजसू सुप्रीमो गिरिडीह सीट को लेकर आश्वस्त दिखे और कहां कि आने वाले एक से दो दिनों में वस्तु स्थिति को क्लियर कर दिया जाएगा । लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन जीत हासिल करेगा । वही आप पार्टी से आए सत्येंद्र कुमार का कहना है कि आप पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से कई बार झारखंड में पार्टी की मजबूती एवं चुनाव के विषय में हमारी लगातार चर्चा हुई पर केंद्रीय नेतृत्व अभी वर्तमान समय में झारखंड में चुनाव को लेकर संजीदगी नहीं दिख रही । इसी कारण झारखंड को राजनीतिक रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए आजसू पार्टी के झारखंड हित को लेकर नीति और सिद्धांत से प्रभावित हो हम इस पार्टी का दामन थामे है ।

# बैंक का ऋण जमा नहीं करने पर न्यायालय ने ऋणी को भेजा जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** चोलामंडलम कंपनी सासाराम द्वारा डिफॉल्टर कस्टमर और उसके गारंटर के ऋण न चुकाने पर कोर्ट के आदेश के अनुसार जेल भेजा गया। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी सासाराम द्वारा ऋण न चुका पाने के कारण ऋणी एवं गारंटर के विरुद्ध एक इजराय वाद दायर किया गया था। कई नोटिस देने के बावजूद दोनों कस्टमर और गारंटर कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए जिसके फलस्वरूप कोर्ट द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया। न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए थाना इंचार्ज ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया जिसके पश्चात कोर्ट ने सशर्त सेटलमेंट की राशि जमा करने के पश्चात दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया। चोलामंडलम कंपनी की तरफ से कंपनी के अधिवक्ता सुनील कुमार राय, विधिक प्रबंधक मतीन्द्र कुमार गौतम और विधिक कार्यकारी अभिषेक सिंह वहां पर उपस्थित थे।

## सोन डीला में खेती बचाने को लेकर बैठक

# 5 को नासरीगंज ब्लॉक में दिया जाएगा धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज।** सोन डीला बचाओ मोर्चा के बैनर तले नासरीगंज प्रखंड अंतर्गत आतमीगंज गांव में आम ग्रामीणों ने आगामी 5 मार्च को नासरीगंज ब्लॉक परिसर में धरना करने को लेकर बैठक किया गया। आम ग्रामीणों ने बालू खनन के नाम पर हो रहे सोनडीला खेती को ढाहने पर आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी के नाम चिट्ठी लिखकर खनन विभाग को मामले में हस्तक्षेप कर किसानों के पक्ष में फैसला लेने को कहा। बैठक में उपस्थित पारसनाथ चौधरी, महेन्द्र सिंह, जाप नेता विशाल कुशवाहा ने संयुक्त रूप से बयान जारी किया कि सरकार सोन नदी खनन के नाम पर गरीबों को उजाड़ने की साजिश रच रहे हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी डीले पर खेती करते



आ रहे भूमिहीन किसानों को उजाड़ना न्याय संगत नहीं है। नेतृत्वकर्ताओं ने यह भी कहा कि जिले से बिहार सरकार के राजस्व के बड़ा हिस्सा सरकार को राजस्व जा रहा है, लेकिन रोड पर पसरे बालू और तेजी से चल रहे ट्रक डंफर से जिलेवासियों को सड़क दुर्घटना नसीब हो रहा है तथा भूमिगत जल का लेयर भाग रहा है। जिले में यूनिवर्सिटी तथा मेडिकल कॉलेज की मांग तथा काराकट के पत्रकार अशोक कुमार को न्याय आदि प्रमुख मांगों में शामिल है। मौके पर अजय कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, बिहारी चौधरी, उदय चौधरी, सतेन्द्र बैठा, प्रयाग राम, तूफानी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# ए के एफ ग्रामीण चिकित्सक मंच का अधिकार सम्मेलन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** ए के एफ बिहार ग्रामीण चिकित्सक मंच का अधिकार सम्मेलन सासाराम में आयोजित किया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए वरिष्ठ बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ आलोक तिवारी ने बताया कि बदलते राजनीतिक समीकरण के बीच कहीं न कहीं ग्रामीण चिकित्सकों का ज्वाइनिंग का कार्य विलंबित हो रहा है। साथ ही ग्रामीण चिकित्सकों की सुरक्षा की बात कही जाए तो आए दिन ग्रामीण चिकित्सक भाइयों की हत्या तक हो रही है और सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। ट्रेनिंग के बाद भी जॉइनिंग कब होगी ? इसका कोई ठोस जबाब नहीं मिल रहा और अलग-अलग संस्थाएं अपनी राजनीति की रोटी सेकने में लगी है। इसी बीच हमारे राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर मिथिलेश कुमार चौबे एवं पूरे बिहार के समस्त ग्रामीण चिकित्सकों ने एकजुट होकर सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया है और यह प्रयास राज्य के हर जिले में अनवरत जारी रहेगा जब तक कि सरकार द्वारा ज्वॉइनिंग न करा दी जाय। इन्ही बिंदुओं पर चर्चा करने हेतु रौजा रोड स्थित आर्श मल्टीस्पेशलिटी नर्सिंग होम, रौजा रोड सासाराम के सभागार में ग्रामीण चिकित्सकों का बैठक और मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, बक्सर जिलों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया।

# आइएमए के प्रदेश सचिव बने रामगढ़ के डॉ.संतोष सिंह

## डॉक्टरों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** नगर क्षेत्र स्थित पीहू हॉस्पिटल के संचालक जनरल फिजिशियन डॉ. संतोष कुमार सिंह को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहार राज्य का अवैतनिक प्रदेश सचिव बनाया गया है। इससे कैमूर के चिकित्सकों में खुशी का माहौल है। आईएमए कैमूर शाखा के अध्यक्ष डॉक्टर डीके सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह कैमूर के चिकित्सकों के लिए गर्व की बात है। हमारे बीच रहने वाले डॉक्टर संतोष कुमार सिंह प्रदेश भर के चिकित्सकों के हितों की बात राज्य पटल पर करेंगे। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह आम जनता से सीधे जुड़े रहते हैं। लोगों का निस्वार्थ भाव से न सिर्फ इलाज करते हैं, बल्कि हर संभव मदद को तैयार रहते हैं। इनकी प्रशंसा हर कोई करता है।

बता दें कि कैमूर के दो चिकित्सकों को राज्य में नई जिम्मेदारी दी गई है जिसमें डॉ.संतोष कुमार सिंह के अलावा आईएमए कैमूर शाखा के अध्यक्ष डॉ. डी के सिंह शामिल हैं जिन्हें आईएमए सीजीपी विंग का



सह सचिव बनाया गया है।

बताते चलें कि कैमूर के उक्त दोनों चिकित्सकों को शनिवार की देर रात बोधगया में आयोजित आईएमए बिहार राज्य शाखा के 79 वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान नए पद की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ.संतोष सिंह ने कहा कि आईएमए बिहार के इस वार्षिक सम्मेलन में आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर .वी अशोकन ( मुख्य अतिथि) राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अनिल कुमार नायक (विशिष्ट अतिथि), राष्ट्रीय वित्त सचिव डॉ. क्षितिज बाली (विशिष्ट अतिथि) डॉ .वेद प्रकाश मिश्र विशिष्ट अतिथि थे। अधिवेशन के साइंटिफिक सत्र का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। अधिवेशन में आईएमए बिहार राज्य शाखा के वर्ष 2024- 25 के लिए निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई जिसमें गया के डॉ.ए एन राय को राज्य अध्यक्ष एवं कैमूर के डॉ संतोष कुमार सिंह को अवैतनिक राज्य सचिव चुना गया तथा डॉ .शिवेंद्र सिन्हा को वित्त सचिव बनाया गया। उन्होंने कहा कि पहली बार पटना से बाहर का कोई चिकित्सक राज्य सचिव बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आईएमए कैमूर के अध्यक्ष डॉ. डी के सिंह को आईएमए सीजीपी विंग का सह सचिव बनाया गया है। अधिवेशन के दौरान आईएमए कैमूर के तीन चिकित्सको डॉ .अशोक कुमार सिंह, डॉ. संजय कुमार व डॉ. सिद्धार्थ राज सिंह को उत्कृष्ट कार्यों को लेकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सचिव बनने से उनकी जिम्मेदारियां और चिकित्सकों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। वह अपनी जिम्मेदारियां का बखूबी पालन करेंगे। इस उपलब्धि के लिए आईएमए कैमूर के डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. लोकनाथ तिवारी, डॉ. त्रिभुवन नारायण, डॉ .पारसनाथ सिंह, डॉ विनोद कुमार, डॉ. एम के उपाध्याय, डॉ विनोद शंकर सिंह, डॉ. ए के दास व अन्य ने बधाई दी है।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स की हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के 60 साल पूरा होने पर भव्य तरीके से हीरक जयंती मनाया जाएगा। 10 मार्च को उत्सव के रूप में हीरक जयंती मनायी जाएगी। बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में दोपहर बाद आयोजित होने वाले समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर होंगे। उद्घाटन सत्र के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स के उत्सव में प्रमंडल भर से करीब 500 से अधिक व्यवसायी शामिल होंगे। भव्य आयोजन की जोरदार तैयारी चल रही है। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप केडिया ने दी। केपी रोड स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में 10 मार्च शाम चार बजे से समारोह शुरू होगा। राज्यपाल उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन सत्र के बाद नाट्य कला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित रंजना झा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगी। समारोह में मगध भर के व्यवसायी शामिल हों चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. कौशलेंद्र प्रताप ने बताया कि 1962 में सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना हुई थी। 50 साल पूरा होने पर 2013 में स्वर्णजयंती समारोह मनाया गया था।

## एक नजर

### कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**अकोढ़ीगोला।** थाना क्षेत्र के बांक गांव से एक युवक को कट्टा के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। रोहतास पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अकोढ़ी गोला की पुलिस ने बांक निवासी विकास शर्मा का पुत्र राहुल कुमार कांटा के साथ गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अपने गांव में हथियार लहरा रहा है। पुलिस को देखते ही यह व्यक्ति घर में छिप गया, परंतु घर की तलाशी लेने पर कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**कोचस।** प्रखंड के ग्राम पंचायत नरवर के गांव भगीरथा डेरा पर एक मकान में लगी आग से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। आग दीपक कुमार नट के घर में शाम को बिजली से शॉर्ट सर्किट से लगी जिसमें जलकर सभी सामान राख हो गये। अगल-बगल के ग्रामीणों ने दौड़कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सभी सामान जलकर राख हो गये। उक्त घर झोपड़ी का था गरीब परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटनाक्रम से गरीब परिवार खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को विवश हो गये हैं।

### बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**कोचस।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर नौंवा मोड़ के समीप एक पिकअप ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया जिसमें बाइक सवार घायल हो गए। दोनों बाइक सवारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान धनसोई थाना क्षेत्र के खरवनिया गांव निवासी मुन्ना पांडे व रंजन पांडे के रूप में हुई। दोनों लोग अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए नोवा गांव जा रहे थे। तभी नौंवा मोड़ के निकट एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। डॉक्टर तुषार कुमार ने दोनों को प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### माता देवरानी चिकित्सालय में असाध्य रोग का सफल आपरेशन

**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन बीघा स्थित माता देवरानी चिकित्सालय के डॉक्टर निर्मल कुमार सिंह ने एक मरीज का ऑपरेशन कर करीब 6:30 किलो का फाइलेरियल हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन किया। डॉक्टर सिंह ने बताया कि बंजारी स्थित रंजीत गंज के जितेंद्र ठाकुर उम्र 45 वर्ष का फाइलेरियल हाइड्रोसिल करीब 10 वर्षों से हुआ था जितेंद्र ठाकुर बहुत कष्ट में रहते थे इन्होंने बहुत जगह डॉक्टर को दिखाया। गरीबी के कारण बहुत पैसा लग रहा था। बहुत जगह दिखाने के बाद मेरे पास आए मैंने बहुत कम खर्चे में इनका सफल ऑपरेशन किया तथा ऑपरेशन के बाद एक बोतल खून भी चढ़ाया गया। आज मरीज स्वस्थ और अच्छे हैं। मरीज ने कहा कि माता देवरानी चिकित्सालय के डॉक्टर निर्मल ने हमारी जान बचाई। उनके परिजन भी डॉक्टर को दुआ दे रहे हैं।

# लाभार्थियों से संपर्क कर लाभार्थी योजना से जुड़ी दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा अंतर्गत नगर डिहरी स्थित वार्ड संख्या 19 में स्थित बूथ संख्या 241 एवं 242 पर आज 3 मार्च 2024 दिन रविवार को चलाया गया। लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लाभार्थियों से संपर्क कर लाभार्थी योजना से जुड़ी जानकारी दी गई। वहीं प्रदेश से चलकर आए प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं काराकाट लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रभारी अश्वनी तिवारी ने सभी लाभार्थी से संपर्क कर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा पूर्व में मिली योजनाओं के बारे में जानकारी भी ली और साथ में उनके घरों के दरवाजों पर मोदी की गारंटी वाली स्टिकर चिपकाए गया एवं एक प्रपत्र भी दिया गया लाभार्थी योजना के लाभ ले चुके सभी लाभार्थियों को सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए उनके मोबाइल नंबर से मिस कॉल भी करवाया गया वहीं लाभार्थी संपर्क अभियान के मौके पर उपस्थित रहे। डिहरी के पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव रोहतास जिला महामंत्री सह डिहरी विधानसभा प्रभारी प्यारे लाल ओझा, रोहतास जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह, रोहतास जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पहाड़ पर कब्जा कर भू-माफिया बना रहा मकान, प्रशासन चुप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बंधुआ रेलवे स्टेशन सामन `पहाड़ पर माफिया सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बना रहे हैं। इसको लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई है। बावजूद इसके माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि कुछ माह पूर्व तत्कालीन सीओ अनुज कुमार ने इसको लेकर जांच की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर पुलिस के रवैये से स्थानीय महादलितों के बीच आक्रोश व्याप्त है। इनको कहना है कि सरकार एक तरफ बेघर गरीबों को मकान बनाने के लिए साढ़े तीन-तीन डिसमिल जमीन मुहैया कराने की घोषणा करके भूल जा रही है। वहीं दूसरी तरफ भू-माफिया अतिक्रमण कर रहे हैं और प्रशासन कुछ नहीं कर रही है। इस मामले में मानपुर अंचल में पदस्थापित नए सीओ आशुरंजन ने बताया कि वे अभी नए आए है। जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक समेत 6 कोरोना संक्रमित मिले

## पीएम मोदी से मिलने से पहले हुआ था कोविड टेस्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जिले में विधायक समेत 6 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने से पहले इनका कोविड टेस्ट कराया गया था जिसमें पुष्टि हुई है।

बिहार में एक बार फिर कोविड संक्रमण की चिंता बढ़ गई है। गया जिले में एक माह बाद फिर एक बार कोरोना संक्रमित मिले हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गया आगमन के दौरान उनसे मिलने वालों का पहले कोविड टेस्ट कराया गया था। इनकी जांच के दौरान 6 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें एक विधायक भी शामिल है। सिविल सर्जन डा. रंजन कुमार सिंह ने बताया कि पीएम मोदी से मिलने से पहले सभी लोगों की आरटीपीसीआर जांच कराई गई। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य राजनेता सहित कुल 187 लोगों का कोविड टेस्ट हुई। इनमें से 6 लोग संक्रमित पाए गए। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद इन लोगों को होम आइसोलेट किया गया है। इनमें पहले से खांसी-सर्दी के लक्षण थे। सभी ठीक हैं। किसी प्रकार की परेशानी की बात नहीं है। जिलेमें 29 दिसंबर 2023 को दो कोरोना संक्रमित मिले थे। इसके बाद बीच-बीच में कोरोना संक्रमित मिलते रहे। वहीं, 30 जनवरी 2024 को अंतिम बार 647 लोगों की जांच में पांच संक्रमित मिले थे। फरवरी माह में एक भी संक्रमित नहीं मिले। वहीं, मार्च महीने में छह संक्रमित मिले हैं। वर्तमान समय में अस्पताल में एक भी संक्रमित नहीं है।

**मगध मेडिकल में कोरोना के लिए 36 बेड सुरक्षित**

अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना संक्रमितों के लिए प्रीफैबरीकेटेड वार्ड में 36 बेड सुरक्षित रखा गया है जहां आईसीयू की भी सुविधा है। मगध मेडिकल अधीक्षक डॉ. विनोद शंकर सिंह ने बताया कि चिकित्सक, नर्स व पैरामेडिकल स्टाप को एक्टिव मोड में रखा गया है। सभी प्रकार की दवा की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 782 बेड है। इसके अलावे यहां तीन ऑक्सीजन प्लांट है। सभी की जांच कर एक्टिव मोड में रखा गया है। अगर यहां मरीज भर्ती होते हैं तो किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# सूबे के गांव अब शहर से ज्यादा सुंदर : श्रवण

## नूरसराय प्रखंड में 57 लाख की लागत से मनरेगा की योजना का मंत्री व सांसद ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रविवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी रोजगार योजना के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र में 57 लाख की राशि से निर्मित नूरसराय प्रखंड के मुजफ्फरपुर पंचायत के ग्राम सिरसियाबीघा में आरईओ रोड से सचिदानंद प्रसाद के घर से होते हुए अनिल प्रसाद के घर तक पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन, मुजफ्फरपुर ग्राम में वृन्द प्रसाद के बोरिंग से संत कबीर मठ के चबूतरा तक मिट्टी भराई, ईंट सोलिंग व पीसीडी ढलाई कार्य का उद्घाटन, सूर्य मंदिर तालाब मुजफ्फरपुर से मठ तक मिट्टी भराई, ईंट सोलिंग व पीसीसी ढलाई का उद्घाटन, ग्राम नोनौरा में भूषण सिंह के घर से शालिग्राम ठाकुर के घर तक पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन, वृजपुर में हिलसा रोड से देवीस्थान तक पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन और बृजपुर में ही देवी स्थान से अश्वनी महतो जी के घर तक ईंट सोलिंग व पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस मौके पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान पार्षद रीना यादव भी मौजूद थे। मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि मौजूदा समय में मौजूदा राज्य सरकार के द्वारा सूबे में विकास की गंगा बह रही है सूबे का गांव अब से सुन्दर बन रहा है ये सब सम्भव हुआ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच और मेहनत के कारण मनरेगा हो या शिक्षा, सड़क हो या पुल पुलिया, स्वास्थ्य हो या नल जल योजना समेत तमाम विभाग में विकास तेजी से हो रही है। वहीं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार के विकास का अनुकरण अब दूसरे राज्य भी कर रहें हैं। विधान पार्षद सदस्य रीना यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सूबे के महिलाएं भी आत्मनिर्भर हो रही है। मौके पर जदयू के वरिष्ट नेता र राजेन्द्र प्रसाद प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार निराला, झुन्नू यादव मुकुल यादव कारू यादव धर्मेन्द्र यादव भोला चौधरी दीपू सिंह पूर्व प्रमुख सुमित कुमार सुमन जनार्धन चंद्रवंसी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# भारत संकल्प यात्रा में बेहतर कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारत सरकार द्वारा नवम्बर 2023 से जनवरी 2024 तक पूरे भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया गया था। इस यात्रा कार्यक्रम में नवादा जिला का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन भारत सरकार के संयुक्त सचिव अभिजित नरेन्द्र इस्पात मंत्रालय द्वारा किया गया था और जिला स्तर पर जिला प्रशासन नवादा जिनमें दीपक कुमार मिश्र उप विकास आयुक्त का महत्वपूर्ण नेतृत्व में समपन्न हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा नवादा में 187 पंचायतों में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जिसमें अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार दास, नाबार्ड डीडीएम सुशान्त रौशन, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक केआरएम विपुल सौरभ एवं वित्तीय साक्षरता समन्वयक डॉ सुबोध कुमार की भूमिका सराहनीय रही थी। इस यात्रा कार्यक्रम में विशेष महत्वपूर्ण सराहनीय योगदान दिये जाने पर नवादा जिला अन्य जिलों में शीर्षस्थ बना रहा।विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की सफलता पर भारत सरकार ने 29 फरवरी 2024 को प्रशंसा पत्र निर्गत किया, जिसे उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा द्वारा संजीव कुमार दास, विपुल सौरभ, सुशान्त रौशन एव डॉ सुबोध कुमार को प्रशंसा पत्र समहरणालय सभा भवन में प्रदान किया गया।



# राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ का ग्यारहवां वार्षिक अधिवेशन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहर के एक निजी होटल के सभागार में राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ का ग्यारहवां वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता रजनीकांत कुमार और मंच का संचालन राजेश्वर कुमार ने किया। अधिवेशन में ओल्ड पेंशन की मांग सभी उपस्थित डाककर्मियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किया। डाक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार निराला, जबकि सचिव के लिए जितेन्द्र कुमार को सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसके अलावे उप सचिव अजय कुमार, सहायक सचिव सतेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, पूजा कुमारी, उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार, सहायक अध्यक्ष रजनीकांत कुमार ज्योति प्रिया राजेश कुमार, ऑडिटर लक्ष्मीकांत कुमार, कोषाध्यक्ष गौरी शंकर कुमार, सह कोषाध्यक्ष अंकित कुमार संगठन सचिव रवि कुमार, रणधीर कुमार, अनुराग कुमार, ललित मोहन और शंकर कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी नव चयनित अधिकारियों को माल्यार्पण किया गया। अपने संबोधन के दौरान ज़ितेन्द्र कुमार ने कहा कि हम सभी डाककर्मी हर प्रकार को टारगेट को पूरा करने में सक्षम है। आदरणीय प्रधानमंत्री के सभी प्रकार के डाक से सम्बंधित योजना को सफल बनाने में हम सभी तत्पर है। पीएम मोदी ने स्वच्छ ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के लिए सूर्योदय योजना की शुरुआत की है। जिसमें हमारे नवादा मंडल के सभी डाककर्मी योजना को सफल बनाने में लगे है।

# जिला आईकॉन व फिल्म अभिनेता राहुल वर्मा ने मतदाताओं को किया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला आईकॉन राहुल वर्मा ने रविवार मतदान जागरुकता को लेकर वारिसलीगंज एवं पकरीबरावां के प्राथमिक विद्यालय बरडीहा व बलियारी गांव मे लोगों से मिले। पिछले लोक सभा चुनाव में 0.20 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार बरडीहा के लोगों से मिलकर उनके द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया गया एवं प्रेरित कर वोट का अधिकार को बताया गया। लोगों ने शपथ लिया कि आने वाले लोक सभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस अभियान में लोगों ने समर्थन दिया और कहा कि इस बार बहिष्कार नहीं बल्कि इस बार जागरूक होकर मतदान करेंगे।

जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने मतदाताओं को सक्षम ऐप के बारे में बताया एवं चुनाव आयोग द्वारा दी गयी जानकारी से रूबरू कराया।

# मासूम अलीशा को मिली ममता की छांव, कोलकाता के दंपति ने लिया गोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला दत्तक गृह में पल रही अलीशा को आखिर ममता का छांव मिल गया। उसे कोलकाता की दंपति ने दत्तक ग्रहण कर अपने परिवार में शामिल किया है। जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा द्वारा कोलकाता के दंपति राजीव घोष एवं उनकी पत्नी सौमिता घोष को दत्तक ग्रहण पूर्ण पोषण हेतु शिशु अलिशा को गोद दिया गया। दंपति द्वारा शिशु को प्राप्त करते ही अत्यंत हर्ष प्रकट किए। दंपति के गोद में जैसे हीं जिलाधिकारी ने बच्चे दिए दोनों पति-पत्नी के आंखों से आंसू छलक गया। उन्होंने बताया कि इस बच्ची को पाकर आज से हमारा परिवार पूर्ण हो गया। हमारे यहां हर सुख-सुविधा थी, कमी थी तो एक बच्चे की जो आज पुरा हो गया। वे पिछले लगभग तीन वर्ष से दत्तक ग्रहण की प्रतीक्षा कर रहे थे।

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण न्यू दिल्ली, भारत सरकार के केरिंग्स पोर्टल के माध्यम से दत्तक ग्रहण विनियमन 2022 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 में निहित प्रवधानानुसार सभी कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर विधिवत दत्तक ग्रहण किया गया। अर्पणा झा सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई नवादा द्वारा बताया गया कि वर्तमान में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में 11 शिशु आवासित हैं. जिनका दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की जारी है। इस अवसर पर मुकेश कुमार बाल संरक्षण पदाधिकारी, सुधा रानी बाल कल्याण समिति नवादा, आदर्श निगम प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



# महिला धंधेबाज के घर से शराब बरामद, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**15 लीटर देसी शराब बरामद**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के डीह रजौली से एसआई अखिलेश्वर सिंह ने शुक्रवार की शाम को एक महिला शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया।साथ ही मौके से 15 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से लगातार छापेमारी अभियान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की शाम को डीह रजौली में शराब बिक्री की गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में गश्त में रहे पुलिस बलों को सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर भेजा गया।इस दौरान महिला शराब धंधेबाज के घर से कुल 15 लीटर शराब बरामद किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि महिला शराब धंधेबाज की पहचान डीह रजौली निवासी रामबिलास चौधरी की पत्नी सुनरपा देवी के रूप में हुई है।जिसको लेकर थाना काण्ड संख्या 95/24 में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में गिरफ्तार महिला का स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पहले दिन 819 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड, नगर पंचायत का नहीं हो रहा लॉग इन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखण्ड के 15 ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान आशा से कम लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बन पाया। इस दौरान पीएचसी प्रभारी डॉ सौरभ कुमार विभिन्न पंचायतों में लगे शिविर का निरीक्षण करते नजर आए। पीएचसी प्रभारी ने कहा कि रजौली पूर्वी पंचायत के पचम्बा स्थित सामुदायिक भवन,अमावां पश्चिमी पंचायत के दरियापुर स्थित सामुदायिक भवन, चितरकोली पंचायत के गढ़ दिबौर स्थित पंचायत भवन, सवैयाटांड़ पंचायत के पंचायत सरकार भवन, धमनी पंचायत के छतनी स्थित समुदाय भवन, लेंगुरा पंचायत के पंचायत सरकार भवन, रजौली पश्चिमी पंचायत के पंचायत सरकार भवन, मुरहेना पंचायत के पंचायत भवन, सिरोडावर पंचायत के जोगियामारण स्थित समुदाय भवन, अमावां पूर्वी पंचायत के समुदाय भवन, हरदिया पंचायत के डीलर मदन रजक के घर के समीप, अंधरबारी, बहादुरपुर एवं फरका बुजुर्ग के पंचायत सरकार भवन में शिविर लगाकर ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पहले दिन मात्र 819 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड हेतु ऑनलाइन हो पाया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर लाइट, ऑपरेटर के स्किल में कमी और कई अन्य कारणों की वजह से कम लोगों का आयुष्मान कार्ड ऑनलाइन हो पाया है। वहीं उन्होंने कहा कि नवसृजित नगर पंचायत अथवा टकुआटांड़ पंचायत के लोगों द्वारा जानकारी मिली कि कॉमन सर्विस सेंटर पर आयुष्मान बनाने हेतु लॉग इन नहीं हो रहा है। पीएचसी प्रभारी ने इस सम्बंध में वरीय पदाधिकारियों से बात करने की बात कही है।




# दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में तीन गम्भीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया स्थित पानी टंकी के समीप रविवार की दोपहर को दो बाइकों की आमने-सामने हो गई।जिससे दोनों बाइकों पर सवार कुल तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई।सूचना के आलोक में डायल 112 की टीम ने तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान गझण्डी गांव निवासी जानकी विहोर के पुत्र गोविंद कुमार, कुंभियातरी गांव निवासी बाले मुंडा के पट मटुन मुंडा एवं बखौरी गांव निवासी बाबूलाल प्रसाद के पुत्र शैलेश कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि तीनों घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया है।वहीं घायल शैलेश कुमार की स्थिति थोड़ी गम्भीर थी।जिसके कारण शैलेश कुमार को बेहतर इलाज हेतु नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है।घायल के परिजनों ने कहा कि एक बाइक दिबौर से रजौली की ओर जा रही थी एवं एक बाइक रजौली से ट्रैक्टर के कुछ सामान खरीदकर वापस घर आ रहे थे। वहीं प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाने में पदस्थापित पीटीसी पवन कुमार को पुलिस बल के साथ भेजा गया है।

# कार्यकर्ताओं के बल पर ही नवादा पहले जीती है और इस बार भी जीतेगी : दीपक प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी, जिला नवादा कार्यालय में लोक सभा चुनाव प्रबंधन कमिटी और प्रबुद्ध जन सम्मेलन सह वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल मेहता और मंच संचालन जिला महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के सह प्रभारी राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम भारत माता एवम श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि एवं द्वीप प्रज्वलित कर शुभ आरंभ किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव नजदीक है। सभी कार्यकर्ता चुनाव मैदान में लग जाएं। सभी को अलग अलग कार्य हेतु जवाबदेही मिलेगा। उसे ईमानदारी से काम कर लोकसभा चुनाव जीतने का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश से कहा कि नवादा लोक सभा भाजपा हमेशा जितने का काम किए है। आपसे मांग करता हूं कि इस बार नवादा लोक सभा सीट भाजपा का कमल निशान हो। यह नवादा कार्यकर्ता से लेकर आम जन मानस का आवाज है। लोक सभा प्रभारी सुबोध पासवान ने लोक सभा चुनाव प्रबंधन कमेटी में किस कार्यकर्ता को क्या दायित्व मिला वह बताए। मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने कहा कि आज चुनाव प्रबंधन में जिसको जो दायित्व मिला है वह ईमानदारी से अपने काम में लगकर चुनाव जिताने में लग जाए। पूरे देश में प्रधानमंत्री के द्वारा जो कल्याणकारी काम हुआ है, उसे जनता के बीच बताने का काम करें। आप कार्यकर्ता के बल पर ही नवादा पहले जीता है और इस बार भी जीतेगा। देश में दो तरह का विचार धारा की पार्टी है। एक देश को विकसित होते नही देखना चाहते है और एक भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक देश में विकसित भारत बनाने में लगा हुआ है। मोदी जी गरीब, महिला, किसान और युवा के विकास में दिन रात लगे हुए है। अगले बार जब मोदी जी प्रधान मंत्री बनेंगे तो देश तीसरी अर्थ व्यवस्था वाला शक्ति मान देश बनायेंगे।

बैठक में लोक सभा संयोजक विनय कुमार सिंह, वारीसली गंज विधायक अरुणा देवी, पूर्व विधायक अनिल सिंह , पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो विजय कुमार सिन्हा, राजेंद्र सिंह, संजय कुमार मुन्ना, वीरेंद्र सिंह भी लोकसभा चुनाव प्रबंधन के कार्यकर्ता को संबोधन किया और चुनाव जीतने का मंत्र दिया।



# दूसरी पाली की स्थगित सक्षमता परीक्षा 6 को

**मुजफ्फरपुर।** नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा की 27 फरवरी को दूसरी पाली की परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। अब यह 6 मार्च को होगी। बिहार बोर्ड ने परीक्षार्थियों को निर्देश दिया है कि पुनर्निर्धारित परीक्षा का एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें। दूसरा एडमिट कार्ड परीक्षार्थियों के लिए जारी कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी अपने यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर इसे डाउनलोड कर सकेंगे। डाउनलोड किए एडमिट कार्ड पर डीपीओ स्थापना से हस्ताक्षर कराकर लाना है। इसके आधार पर ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

# जिले में 86 शिक्षकों के सर्टिफिकेट मिले डुप्लीकेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में कुल 86 नियोजित शिक्षक चिह्नित किए गए है, जो 15-15 नियोजित शिक्षक के टीईटी प्रमाणपत्र पर दो से तीन जगह काम कर रहे हैं। जी हां, समक्षता परीक्षा का मकसद धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगा है। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिए जाने के लिए सक्षमता परीक्षा ली जा रही है, लेकिन सक्षमता परीक्षा में शामिल होने के पहले ही फर्जी तरीके से बहाल गुरु जी बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बिछाए जाल में फंसने लगे हैं।

**केके पाठक के बिछाए जाल में फंसने लगे शिक्षक :** जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थापित 86 ऐसे शिक्षकों का सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया है, जिनके नाम पर नवादा के अलावा राज्य के 25 जिलों में 89 गुरु जी बने हैं। हालांकि यह बात जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि नवादा में पदस्थापित गुरु जी बीटेट सार्टिफिकेट के आधार पर गुरु जी बने है लेकिन इतना तय है कि इनमें से एक ही गुरु जी सही है। ताज्जुब है कि फर्जी कागजात पर बहाल जिन नियोजित शिक्षकों को अब तक जिला प्रशासन के अधिकारी और निगरानी नहीं पकड़ पाए। वह बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बिछाए जाल में फंस गए हैं।

दरअसल, सक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। पहले और दूसरे चरण में बहाल नियोजित शिक्षकों का दक्षता प्रमाण-पत्र जबकि तीसरे से छठे चरण तक बहाल शिक्षकों का बीटेट और सीटेट सर्टिफिकेट भी अपलोड करवाया गया था। पहले और दूसरे चरण के शिक्षक अभी पकड़ से बाहर हैं, क्योंकि उस दौर में फर्जी तरीके से बहाल हुए गुरु जी का मामला मेघा सूची, ट्रेनिंग सार्टिफिकेट और अमान्य संस्थाओं की डिग्रियां का रहा है, लेकिन बीटेट और सीटेट सार्टिफिकेट पर बहाल हुए शिक्षकों का सीधे तौर पर सॉफ्टवेयर से मिलान हो जा रहा है। इसके चलते बहुत आसानी से डुप्लीकेट पकड़ में आने लगे हैं।

# बदमाशों ने युवक की हत्या कर शव फेंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में रविवार की सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिला। हत्यारों ने युवक का प्राइवेट पार्ट काट दिया। उसके शरीब पर कई जगहों पर कई जख्म के निशान मिले हैं। रविवार को जब लोग काम के लिए अपने खेत की ओर और बाजार निकले तो सभी की नजर लाश पर पड़ी। मृतक की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के डाकबंगला गांव निवासी स्व. डॉ. दिनेश सिन्हा का 35 वर्षीय पुत्र अभिनव उर्फ विकास कुमार के रूप में की गई है, जो बीती शाम से लापता था। काफी बर्बरता से उसकी हत्या की गई है। युवक ड्राइवरी का काम किया करता था। चेरो ओपी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पंडित ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर जाकर जांच प्रक्रिया किया। घंटे देरी बाद शव की पहचान कर ली गई। मृतक के परिजनों द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराया है। दर्ज होने पर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि सुबह में पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव हिराजित तिमोहनी के पास पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, इसके बाद शव की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। एफएसएल और डॉग स्कॉड की टीम घटनास्थल पर बुलाई जा रही।




# नि :शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के बराह गांव में रविवार को चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। समाजसेवी इंजीनियर अशोक सिंह ने बताया कि नारायण हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर संपतचक द्वारा बराह गांव के समीप तालाब पर आयुष्मान भारत निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र इलाके के 1000 से अधिक विभिन्न रोग से ग्रसित मरीजों का डॉक्टरों द्वारा जांच कर इलाज किया गया। शिविर के दौरान शिशु रोग, नाक, कान, गला, हीमोग्लोबिन स्त्री रोग, बीपी, शुगर एवं अन्य प्रकार की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। सभी मरीजों को मुफ्त में दवा भी दिया गया। जांच शिविर सुबह 10 बजे से शुरू हो गया था, जो करीबन देर शाम तक चलता रहा। शिविर के दौरान डॉ. मनीष कुमार, नीतीश कुमार, रागिनी, अंजनी के अलावा दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने एक टेंपो से 87 बोतल विदेशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। होली त्यौहार को लेकर बिहार के शराब धंधेबाज प्रतिदिन शराब की खेंप को बिहार पहुंचाने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाते रहते हैं। किन्तु उत्पाद विभाग शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बीते दो दिनों से लगातार उत्पाद विभाग टेंपो में बने तहखानों से शराब बरामद कर रही है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। साथ ही कहा कि जांच के क्रम में टेंपो संख्या बीआर01पीई1254 से कुल 87 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। बरामद शराब में रॉयल स्टैग के 750 एमएल के 45 बोतल एवं इम्पेरियल ब्लू के 375 एमएल के 42 बोतल है। मौके से एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 7 के नाला पर नामक मोहल्ला निवासी स्व प्रदीप प्रसाद के बेटे दीपक कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि टेंपो में बरामद शराब एवं गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।



# मंत्री ने ढुंगेश्वरी और प्रेतशिला पर रोप वे निर्माण का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** सूबे के पर्यटन विभाग के मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने गया जिला अवस्थित ब्रह्मयोनी, ढुंगेश्वरी तथा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य का संयुक्त शुभारंभ ब्रह्मयोनी पर्वत पर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री के कहा कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना द्वारा ब्रह्मयोनी एवं ढुंगेश्वरी पर्वत पर रोपवे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही बिहार राज्य पूल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आपको बता दें कि ब्रह्मयोनी पर्वत पर रोपवे का कार्य कराया जा रहा है, जो 867.60 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसे बनाने में 15 माह का समय लगेगा। इसी प्रकार दूंगेश्वर पर्वत पर रोपवे परियोजना 1676 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है जिसे पूर्ण करने में 18 माह का समय लगेगा। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे परियोजना का कार्य किया जा रहा है जिसमें 1048.67 लाख रुपए की लागत से 15 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसकी तकनीकी विशिष्टता में 6 केबिन, प्रति केबिन 04 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था तथा रोपवे की कुल लंबाई 312.38 मीटर है। यह रोपवे ब्रह्मकुंड स्थान से प्रेतशिला पर्वत पर स्थित प्रेतशिला मंदिर तक है। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, गया डॉ. त्यागराजन एसएम, एसडीओ सदर, जिला जन संपर्क पदाधिकारी दीपक चंद्रदेव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 8 किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**शेरघाटी ग्रामीण।** लुटुआ थाने की पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान 8 किलो अफीम के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इमामगंज पुलिस अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना क्षेत्र के लुटुआ गांव के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। एक मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार हो कर जा रहे थे मोटरसाइकिल को रोक कर तलाशी ली गई जिसमें 8 किलो अफीम के साथ दो को पुलिस ने धर दबोचा है। अफीम तस्कर की पहचान लुटुआ गांव के रामअनुज कुमार उर्फ प्रमोद कुमार के रूप में किया गया है जबकि दूसरा व्यक्ति नाबालिग होने के कारण नाम नहीं ले सके।

## आंती थाना में एसआई ने किया योगदान

**कोंच।** आंती थाना में नए एस आई के पद पर राम प्रवेश सिंह ने रविवार को अपना योगदान दिया। एस आई ने बताया कि इसके पूर्व में वे मोतिहारी जिला के थाना में पदस्थापित थे और वे गृह जिला रोहतास के करगहर निवासी हैं। बता दें कि हाल ही के दिनों में पुलिस अधिकारियों के अन्यत्र स्थानों पर स्थानांतरण होने से आंती थाना में पुलिस पदाधिकारी कम पड़ गए हैं।

# अंतरराज्यीय साइबर आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार, उपस्कर बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं जिनके पास से लैपटॉप, मोबाइल सहित अन्य उपस्कर और नकदी राशि बरामद की गई। इस गिरोह के द्वारा देश के कई राज्यों में साइबर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। गिरोह के सदस्यों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में भी मामला दर्ज है। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि पिछले वर्ष गया में ही एक व्यक्ति के अकाउंट से 2 लाख 45 हजार फ्रॉड कर निकासी कर ली गई थी। पीड़ित के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के उपरांत पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही थी। इसी क्रम में जानकारी मिली कि जिस अकाउंट में फर्जी तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए थे, वह गुरारू थाना क्षेत्र के बहबलपुर गांव निवासी सिद्धार्थ कुमार का है। पुलिस ने बहबलपुर गांव से सिद्धार्थ कुमार एवं संदीप कुमार को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर अमन कुमार खांजेकला पटना, मोहम्मद आफताब अख्तर नालंदा सिलाव एवं राहुल कुमार जहानाबाद को गिरफ्तार किया गया। मोहम्मद आफताब अख्तर का गया में ही साइबर कैफे है जहां से यह लोग फ्रॉड का काम करते थे। इनके पास से 11 मोबाइल, एक लैपटॉप, कई पासबुक व एटीएम कार्ड सहित अन्य उपस्कर बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में भी मामला दर्ज है। पुलिस तमाम बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

## गया जंक्शन पर जल्द मिलेगा अत्याधुनिक सुविधा युक्त प्लेटफार्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया जंक्शन पर यात्रियों को जल्द प्लेटफार्म पर अत्याधुनिक सुविधा युक्त यात्री शेड की सुविधा मिलेगी। इसका निर्माण कार्य तेज किया गया है। जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 6-7 से अत्याधुनिक व खूबसूरत यात्री शेड निर्माण को लेकर लोहे का बड़े-बड़े पोस्ट खड़ा किया जा रहा है। साथ ही गेन्ट्री भी लगाए जा रहे हैं। प्लेटफार्मों पर यात्री शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण रविवार को विभागीय इंजीनियर व निर्माण कार्य विभाग से जुड़ी टीम ने किया। यात्री शेड का निर्माण के लिए कोलकाता से मंगाए गए उच्च क्षमता का क्रेन से लोहे का पोस्ट व गेन्ट्री लगाया जा रहा है। बताया गया कि प्लेटफार्म संख्या सात से कार्य प्रारंभ किया गया है जो जल्द सभी प्लेटफार्मों पर पूरा किया जाएगा।

## अनुसूचित जाति मोर्चा बूथ स्तर तक बस्ती संपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बिहार की वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष सह पातेपुर विधायक लाखेन्द पासवान की अध्यक्षता में हुई। वर्चुअल बैठक में उन्होंने आगामी 10 मार्च तक बस्ती संपर्क अभियान चलने को लेकर मार्गदर्शन दिए। उन्होंने बताया कि 10 मार्च तक जिले के प्रत्येक मंडल में जिला के पदाधिकारी को प्रभारी के रूप में जाकर मण्डल अध्यक्ष एवं उनके सभी कमेटियों के साथ बूथ स्तर तक बस्ती संपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस अभियान के तहत पूरे देश में लगभग 1 लाख दलित बस्ती में भाजपा कार्यकर्ता सम्पर्क कार्यक्रम चलाएंगे, इसके साथ ही साथ सरल एप पर कार्यक्रम का फोटो को भी पोस्ट करेंगे, वहीं बिहार के 1126 मंडलों में संपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया तथा हर मंडल में लगभग 30 बस्तियों में जाकर केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताएंगे। इन सभी कार्यक्रमों को सरल ऐप पर डाउनलोड करेंगे। इस वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं जिले के सभी अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन बस्ती सम्पर्क संयोजक सह प्रदेश महामंत्री मनोज चौधरी ने किया है। बैठक में संयोजक आनन्द राम, संजय राम, प्रदीप रावत, संगीता पासवान, अनिल राम, राजेश पासवान, किरण कुमारी, गौतम कुमार, ललित दास, सुनीता पासवान अमीर राम, मुकेश कुमार, मनोरमा देवी, गोपाल सुनील पासवान, कुमार, रिशु प्रसाद, गजेंद्र पासवान, संजीव कुमार, मीनू कुमारी, रणधीर दास सहित सैकड़ों पदाधिकारी शामिल हुये। वर्चुअल बैठक में इसकी जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती ने दी।

### सीनियर प्रोटोकॉल अधिकारी ने प्रीपेड इंस्टालेशन कार्य का किया निरीक्षण

# एजेंसी के प्रतिनिधियों को इंस्टालेटर की संख्या बढ़ाने की दी हिदायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया अर्बन के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के इंस्टालेशन की रफ्तार तेजी होगी। इंस्टालेटर की संख्या बढ़ाकर 300 की जा रही है। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस के दिशा निर्देश पर बीएसपीएचसीएल के सीनियर प्रोटोकॉल अधिकारी ख्वाजा जमाल ने गया अर्बन के विभिन्न क्षेत्रों चांद चौराहा, गोल पत्थर, करीमगंज, जीबी रोड और छत्ता मस्जिद में चल रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के इंस्टालेशन का कार्य का निरीक्षण करने के बाद यह निर्देश दिया है। इन क्षेत्रों में अब तक कुल 1842 स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल किये जा चुके हैं। पावर सबस्टेशन में 1007, चांद चौराहा में 250 और गोल पत्थर में 550 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जा चुके हैं। इसमें तेजी लाने लिए ख्वाजा जमाल ने इंटेलिस्मार्ट एजेंसी के प्रतिनिधियों को इन क्षेत्रों में इंस्टालेटर की संख्या बढ़ाने की हिदायत दी है। अभी इन क्षेत्रों में 70 इंस्टालेटर कार्यरत हैं। इनकी संख्या 250 से 300 के करीब करने को कहा है। उनके साथ गया के अधीक्षण अभियंता संजय कुमार बैरियो, कार्यपालक अभियंता प्रेम सुमन, पावर सबडिवीजन के सहायक कार्यपालक अभियंता सूरज कुमार और कनीय अभियंता चंदन भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने गया अर्बन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली इंटेलिस्मार्ट एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की और इंस्टालेशन कार्य में तेजी लाने के लिए जरूरी हिदायतें भी दीं। उन्होंने इंस्टालेटर की संख्या 70 से बढ़ाकर 250-300 करने की हिदायत दी है। इसके साथ ही गया अर्बन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खूबियों से उपभोक्ताओं को अवगत कराने के लिए उनके बीच निरंतर जागरुकता अभियान चलाने को कहा है। जागरुकता अभियान के तहत कैंप लगाने, माइक से घोषणा करने, डोर टू डोर संपर्क करने व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से उपभोक्ताओं तक पहुंचने की हिदायत दी है। इन इलाकों में स्थानीय वार्ड प्रतिनिधियों की कुल संख्या 54 हैं। उन सभी के सहयोग से उपभोक्ताओं तक अपनी बात पहुंचाने को कहा है। जोर देते हुए कहा है कि यदि कोई उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने में आनाकानी करता है या फिर टीम के सदस्यों के साथ किसी तरह की बदसलूकी करता है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये। ख्वाजा जमाल ने उपभोक्ताओं से भी अपील करते हुए कहा कि सभी के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाना अनिवार्य है। अतः इसे लगाने वाली टीम के साथ वे पूरा सहयोग करें। पूरे शहर में कैंप लगाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे से लोगों को अवगत कराने को कहा है। मुख्य सड़क और चौर चौराहों पर टेस्ट स्मार्ट प्रीपेड मीटर का प्रदर्शन करते हुए उपभोक्ताओं को यह समझाने पर जोर दिया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की रफ्तार पुराने मीटर की तुलना में तेज नहीं है। यह पुराने मीटर की तरह ही काम करता है। इससे बिजली की बचत करना भी आसान होगा जब चाहें आसानी से मीटर रीडिंग चेक किया जा सकता है। इस दौरान ख्वाजा जमाल ने उन उपभोक्ताओं से भी मुलाकात की जिनके घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुका है और उनसे यह जानने की कोशिश की कि नये स्मार्ट प्रीपेड मीटर की वजह से उन्हें किसी तरह की परेशानी तो नहीं हो रही है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का रुख काफी सकारात्मक दिखा। बता दें कि गया जिले में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की शुरुआत विगत दिनों बोध गया में स्थित 80 फीट पावर सबस्टेशन से बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार द्वारा टेस्ट मीटर लगा कर की गई थी।

## आजाद युवा प्रगति क्लब ने किया प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरारू।** आजाद युवा प्रगति क्लब, रौंदा के तत्वावधान में प्रखण्ड क्षेत्र के सर्वोदय उच्च विद्यालय गुरारू बाजार, उच्च विद्यालय इस्माईल, उच्च विद्यालय बरोरह, उच्च विद्यालय मथुरापुर बाजार में सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, सामान्य विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की लिखित परीक्षा ली गई। संस्था के कोषाध्यक्ष सुमंत कुमार ने बताया कि 13 वर्षों से लगातार प्रति वर्ष प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन क्लब के द्वारा किया जा रहा है। ताकि प्रखण्ड क्षेत्र के विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुझान एवं प्रतिस्पर्धा पैदा की जा सके और प्रखण्ड क्षेत्र के छात्र आगे बढ़ कर समाज में प्रखण्ड का नाम रौशन करें। इस परीक्षा का परीक्षाफल 23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर रौदा गांव के प्राथमिक विद्यालय में प्रकाशित किया जाएगा और सफल विद्यार्थी के बीच कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालन में अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव राकेश कुमार एवं कार्यक्रम के संरक्षक कौशलेंद्र कुमार ने सक्रिय भूमिका अदा की।

# बच्चों में तकनीकी शिक्षा का ज्ञान होना जरूरी : कुलपति

### पंचानपुर में जूनियर डीपीएस स्कूल का सीयूएसबी के कुलपति ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**टिकारी।** आज के आगाज से ऐसा एहसास हो रहा है कि निश्चय ही एक दिन यह विद्यालय शैक्षणिक जगत के क्षितिज पर दृष्टि गोचर होता दिखाई देगा। शिक्षा की दिशा इस तरह की होनी चाहिए कि बच्चे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों। 21 सदी के इस दौर में बच्चों के बीच सांस्कारिक, व्यवहारिक, नैतिक शिक्षा व राष्ट्रीयता की भावना का समावेश तो हो ही साथ ही साथ तकनीकी शिक्षा का भी होना उतना ही जरूरी है। पंचानपुर गोह रोड देवी मन्दिर के समीप जूनियर डीपीएस स्कूल के उद्घाटन के उपरान्त अपने उद्गारों को व्यक्त करते हुए उक्त बातें दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने कहीं। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के इस दौर में बच्चों के कोमल मस्तिष्क पटल पर नैतिकता और राष्ट्रवाद की भावना के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की रेखाओं को अंकित करना भी शिक्षकों का दायित्व बनता है। कुलपति ने कहा कि समाज में सिर्फ मेरा सामर्थ्य बढ़ता जाय, मेरी समृद्धि और ऊंचाई बढ़ती रह और मेरे चारों ओर निर्धनता, विपन्नता से लोग घिरे दिखे वैसी स्थिति में हमारी संपन्नता भी सुरक्षित नहीं रहेगी। उन्होंने विद्यालय के निर्देशक से स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यालय में उन गरीब, असहाय, लाचार, निर्धन परिवार से आने वाले बच्चों को भी शिक्षा हासिल करने के लिए जगह अवश्य सुनिश्चित करें। अच्छाइयों की चर्चा सभी जगह करें और यदि बुराई की चर्चा करनी भी पड़े तो अपनों के बीच ही किया करें। उद्घाटन समारोह को पूर्व विधायक शिव वचन यादव, नगर परिषद मुख्य पार्षद अजहर ईमाम, निर्देशक ई सिद्धांत सहित कई प्रबुद्धजनों ने सम्बोधित किया। जैसा कि मालूम हो पंचानपुर बाजार गोह रोड देवी मंदिर के समीप जूनियर डीपीएस स्कूल का उद्घाटन सीयूएसबी के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, पूर्व विधायक शिव वचन यादव, निर्देशक ई सिद्धांत, नगर परिषद टिकारी सभापति अजहर ईमाम, जिला पार्षद सुरेश यादव, प्राचार्य गौतम किशोर द्वारा रिबन काटने के उपरान्त संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

# बांके बाजार ओपी को मिला थाने का दर्जा

### एसएसपी ने फीता काट किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** बांकेबाजार ओपी को थाने का दर्जा मिलने से प्रतिनिधियों से लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताया। गया के वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार भारती ने फीता काटकर थाने का शुभारंभ किया। इस मौके पर शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ के रामदास भी मौजूद रहे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बांकेबाजार प्रखंड के आम नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए रौशनगंज थाना जाना पड़ता था अब बांकेबाजार में प्राथमिकी दर्ज करा सकेंगे। एसएसपी आशीष कुमार भारती ने आम नागरिकों से आग्रह किया कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस का साथ दें। इस मौके पर बांकेबाजार प्रखंड प्रमुख अबीता कुमारी, उप प्रमुख बिंदेश्वर यादव, जिला परिषद बिंदु यादव, गोइठा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि द्वारिका यादव, लूटुआ पंचायत मुखिया जितेंद्र यादव, तिलैया पंचायत मुखिया अशोक यादव, तिलैया पंचायत समिति इंतखाब आलम के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे।

# गुरारू बाजार में किराएदारों के चरित्रों की होगी जांच पड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** थानाध्यक्ष चाहत कुमार इन दिनों गुरारू बाजार के मकानों एवं दुकानों में रखे गए किराएदारों के चरित्रों की जांच-पड़ताल करना शुरू कर दिया गया है। कई मकान मालिकों को इस संबंध में सूचना दी गयी। इस सूचना के संबंध में कई मकान मालिकों ने बताया कि मुझे भी थाना में उपस्थित होकर सूचना देने का सूचना प्राप्त हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से इस प्रकार का जांच-पड़ताल की जा रही है। मकान मालिक एवं दुकान मालिक किसी भी व्यक्ति को किराया देने से पहले यह आश्वस्त हो लें कि उनका किरदार उत्तम चरित्र का व्यक्ति है और किसी भी प्रकार के असामाजिक गतिविधियों में शामिल नहीं है अन्यथा भविष्य में उन्हें भी कानूनी कार्रवाईयों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा गुरारू में हुई डकैती काण्ड में बगडीहा महल्ला में रहने वाले किरायेदारों की संलिप्तता सामने आयी थी। वहीं कुछ बुद्धिजीवियों को थानाध्यक्ष द्वारा उठाए गए इस कदम का काफी सराहना किया जा रहा है।

## सरपंच प्रतिनिधि ने लगाया जनता दरबार, 7 मामले आए सामने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** तिनेरी पंचायत के ग्राम कचहरी खटनही में सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहू ने जनता दरबार रविवार को लगाया है जिसमें 7 मामले सामने आए हैं। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि दो फौजदारी एवं चार दीवानी एवं एक बंटवारा केस का मामला सामने आया। फौजदारी के मामले को निष्पादन किया गया तथा 4 दीवानी केस विचाराधीन है। वहीं, ग्राम कस्तूरीखाप से अवधेश कुमार निराला एवं नरेश यादव के बंटवारा का केस दर्ज किया गया है जिसे दोनों पक्ष के गवाही लेकर अगली तिथि को जमीन का कागजात लेकर ग्राम कचहरी में जमा करने को कहा गया। मौके पर न्याय सचिव विमलेश कुमार, सचिव अनीता कुमारी, पंच साजिया खातून, शबिया खातून, चैनवा देवी, कमलेश दास समेत अन्य पंच लोग मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** थाना परिसर आंती में थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अजय कुमार ने की। थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि एवं शिव बारात को लेकर चर्चा की गई जिसमें मिलजुल कर महाशिवरात्रि पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि महाशिवरात्रि पूजा श्रद्धा के साथ करें। किसी को शिकायत का मौका न दें। प्रशासन की ओर से कहा गया कि थाना क्षेत्र में छोटी-मोटी जो भी समस्याएं हैं आपस में लोग मिलजुल कर दूर कर, शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन करें। सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें। भड़काऊ गीत न बजाएं। सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एस आई अभिलाष सिंह, एस आई राम प्रवेश सिंह के अलावे चबूरा मुखिया संजय यादव, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, जदयू जिला महासचिव मो.आकिब आलम, सरपंच चंचल यादव, पंचायत समिति सदस्य हरेंद्र दांगी, मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रेमी जोड़ों की हिंदू रीति रिवाज से मुखिया प्रतिनिधि के सौजन्य से हुई शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड के पंचायत सरकार भवन आंती में दो प्रेमी जोड़ों की हिंदू रीति रिवाज से मुखिया प्रतिनिधि के सौजन्य से शादी शनिवार को हुई जो इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। कभी-कभी जनप्रतिनिधि भी गजब का काम कर देते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दरअसल आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने एक प्रेमी जोड़े की मदद करते हुए पंचायत सरकार भवन के परिसर में पंडित को बुलाकर हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह कराया। इसमें स्थानीय लोग घराती-बराती बने और पंडित ने मंत्र पढ़कर दोनों को विवाह बंधन में बांधा। दरअसल औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मंजरेठी निवासी रोहित कुमार (25) पिता स्व.भोला प्रजापत एवं गया जिले के आंती थाना क्षेत्र के ग्राम आंती निवासी कविता कुमारी (21) पिता स्व. कमलेश प्रजापत के प्रेमी युगल करीब तीन साल से एक-दूसरे के प्रेम में थे। परिजन को उन्होंने जानकारी देकर विवाह करने की इच्छा जताई तो परिजन ने इंकार कर दिया। प्रेमी जोड़े ने समझदारी दिखाते हुए आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव को सूचना देते हुए सीधे थाने का रुख किया और सारी कहानी सुनाते हुए मदद मांगी।

# समाजसेवी स्मृति शेष राम गोविंद शर्मा की 18वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** शांति निकेतन एकेडमी के संस्थापक एवं समाजसेवी स्मृति शेष राम गोविंद शर्मा की 18 वी पुण्यतिथि 02 मार्च को नूतन नगर बेलदारी टोला स्थित उनके आवास अवध निवास में मनाई गई। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, सांसद (गया) विजय मांझी, विधायक (मखदुमपुर) सतीश दास, मेयर (गया) बीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, अध्यक्ष (भाजपा, गया जिला) प्रेमप्रकाश उर्फ चिंटु जी, (डिप्टी मेयर) मोहन श्रीवास्तव, ए.एसपी. सतीश कुमार, ए.एसपी. पी.एन.साहु, फादर जेम्स जार्ज, डॉक्टर नवनीत निश्चल, रविरंजन कुमार(बीडीओ, वजीरगंज) मृत्युंजय कुमार (बीडीओ मानपुर), वेदप्रकाश (बीडीओ जहानाबाद) संतोष सिंह (बीडीओ, चंदौती) डीएसपी रेल, थानाध्यक्ष टेकारी एवं मेडिकल, आर.पी.एफ.इंस्पेक्टर, डा.नीरज कुमार, कमलनयन, संतोष सिंह (भाजपा नेता), डा. एन.के.नवल, डा.ऋषिकेश, डा.अभय सिंबा, प्रो. जितेंद्र सिंह (मगध विश्वविद्यालय), डा.मृत्युंजय सिंह, डा.क्रांति किशोर, डा.उज्जवल कुमार, डा.संजीत प्रकाश, डा.धनंजय धीरज, डा.प्रो.रूपेश कुमार, ओमप्रकाश (डिप्टी कमांडेंट), सुचिता रंजनी (प्रमुख) श्रवण शांडिल्य, प्रशासनिक पदाधिकारी, न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, शिक्षाविद, परिजन, मीडियाकर्मी एवं विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शर्मा जी का जीवन समाज के प्रति समर्पित एवं संत का जीवन था उन्होंने पूरे जीवन निःस्वार्थ सेवा भाव से समाज के सभी वर्गों की सहायता की। शर्मा जी के जीवन दर्शन का अध्ययन करने पर पता चलता है कि वह समाजसेवी होने के साथ-साथ दूर दृष्टि भी थे और उन्होंने आने वाली पीढ़ी को वैश्विक स्तर की शिक्षा मिल सके इसलिए उन्होंने शहर में छात्रों की बेहतर शिक्षा एवं मार्गदर्शन के उद्देश्य से 6 एकड़ के विशाल भूमि पर शांति निकेतन एकेडमी की स्थापना किये किये थे।

CMYK

संपादकीय

## नकल कानूनों पर लगातार नजर बनाए रखने की जरूरत

पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा सुधार के लिए अलग-अलग राज्य और चयन आयोगों ने अपने कड़े निर्णयों से लगातार सुधार करने का प्रयास जरूर किया था पर वे पूरी तरह से इसे रोकने में सफल नहीं दिख रहे थे। कारण था किसी कड़े कानून की कमी का होना। केंद्रीय मंत्रिमंडल की संस्तुति पर विगत 6 फरवरी को लोक परीक्षा (कदाचार रोकथाम) विधेयक,2024 को संसद में पेश किया गया। इस कानून के लागू हो जाने के बाद इस तरह के कदाचार में गिरोह बनाकर शामिल परीक्षा माफियाओं पर नकेल कसने में सीधे तौर पर मदद मिलेगी। इस विधेयक में संगठित अपराध,माफिया और पेपर लीक में मिलीभगत में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का कड़ा प्रावधान है। विधेयक में परीक्षाओं में अनियमितताओं से संबंधित अपराध के लिए अधिकतम 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

अगर सर्विस प्रोवाइडर फर्म के डायरैक्टर, सीनियर मैनेजमैंट और सीनियर अधिकारी पर दोष साबित हो जाता है तो उस पर 1 करोड़ तक का फाइन और 3 से 10 साल तक की सजा हो सकती है। कम से कम 3 साल की सजा तय है,जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है। अब तक ज्यादातर ऐसे मामलों में अभ्यर्थी मात्र को दंडित करने का प्रावधान हुआ करता था। जबकि इस कानून से पर्चा आऊट कराने वाले लोगों को सीधे रूप से दंडित करने पर ज्यादा जोर दिया गया है।

इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद करोड़ों परीक्षार्थियों ने राहत की सांस ली है। आए दिन किसी न किसी राज्य में प्रतियोगी परीक्षा के पर्चा लीक की घटना होती रहती है। अभी हाल ही में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में आयोजित 2 बड़ी परीक्षाओं में क्रमवार पर्चा आऊट की घटना सामने आई। पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आर.ओ./ए.आर.ओ. की प्रारंभिक परीक्षा का पेपर लीक हुआ जिसमें कुल 10 लाख आवेदनकर्त्ता थे तो इसके ठीक बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा का भी पर्चा आऊट हो गया।

इस परीक्षा में कुल 42 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित इस परीक्षा को रद्द करते हुए उत्तर प्रदेश की सरकार ने बयान जारी किया है कि 6 माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराई जाएगी। साथ ही सरकार ने यह भी कहा है कि दोषियों को ऐसी कड़ी सजा देंगे कि आने वाले समय के लिए इसे एक नजीर के रूप में देखा जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा पारित लोक परीक्षा विधेयक 2024 कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने में उत्तर प्रदेश सरकार की मदद करेगा। पिछले लगभग 5 वर्षों के आंकड़ों को देखा जाए तो मोटे तौर पर 16 राज्यों में पर्चा आऊट की कुल 48 घटनाएं हुई हैं,जिससे अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हुई है। इन परीक्षाओं के माध्यम से कम से कम 1 लाख पद भरे जाते और इसके रद्द होने से लगभग डेढ़ करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं।

इस कानून के पारित होने के बाद परीक्षा की शुचिता को भंग करने के अपराध में निश्चित तौर पर कमी आएगी। इसकी एक बड़ी वजह यह भी होगी कि अनियमितता और गड़बड़ी पर प्रस्तावित बिल में विद्यार्थियों/उम्मीदवारों को निशाना न बनाकर सीधे नकल माफिया और सांठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान है।यह एक केंद्रीय कानून होगा और इसके दायरे में संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाएं भी आएंगी। विधेयक में संगठित विधेयक में एक उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति के गठन का भी प्रस्ताव है,जो कम्प्यूटर के जरिए परीक्षा प्रक्रिया को और ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। लेकिन ये कानून भी फुलप्रूफ होंगे, यह अभी नहीं कहा जा सकता। जरूरत इनको पक्का करने की और इनके लगातार मॉनिटरिंग करने की है।

# ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना: एक डिजिटल क्रांति

**विकल्प मिश्रा**
**अधिवक्ता, दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय**

किसी भी प्रकार की क्रांति के लिए सामूहिक शक्ति, एकीकृत ऊर्जा और सक्रिय एवं समावेशी बदलाव की मांग की आवश्यकता होती है। डिजिटल क्रांति के उदय के साथ, तकनीकी युग अपनी लय को नया रूप दे रहा है। लोग तकनीक से गहराई से जुड़े हुए हैं, क्योंकि यह उनके जीवन के हर पहलू में सहजता से एकीकृत हो गया है।

तकनीकी प्रगति के लाभों का उपयोग करने के लिए, ई-कोर्ट परियोजना की संकल्पना राष्ट्रीय ई-शासन योजना के एक भाग के रूप में की गई थी। इस परियोजना का उद्देश्य ÷भारतीय न्यायपालिका में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय नीति व कार्य योजना÷ के आधार पर भारतीय न्यायपालिका का आईसीटी विकास करना है।

न्याय विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार और ई-समिति, सर्वोच्च न्यायालय के बीच एक संयुक्त साझेदारी में ई-कोर्ट परियोजना को विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण के तहत संबंधित उच्च न्यायालयों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

इस परियोजना का पहला चरण, मुख्य रूप से अदालतों में कम्प्यूटरीकरण और आंतरिक संचार-संपर्क को बढ़ाने पर केंद्रित था। इसमें एलएएन की स्थापना, राष्ट्रीय ई-कोर्ट पोर्टल का शुभारंभ और 14,249 जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण शामिल था। चरण-I में निर्मित बुनियाद को आगे बढ़ाते हुए परियोजना का चरण- II 2015 से 2023 तक जारी रहा। इस चरण में नागरिक-केंद्रित ई-सेवाओं पर जोर देते हुए अदालतों की तकनीकी सक्षमता की गति को बनाए रखा गया।

इस प्रयास के हिस्से के रूप में, अदालत परिसर में ई-फाइलिंग और पूरक सेवाओं में सहायता प्रदान करने के लिए 880 ई-सेवा केंद्र स्थापित किए गए। इसके अलावा, 99.4त्न अदालत परिसर डब्ल्यूएएन के माध्यम से जोड़े गए और 18,735 जिला एवं अधीनस्थ न्यायालय कम्प्यूटरीकृत किए गए। ई-कोर्ट एमएमपी ने न्यायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। उदाहरण के लिए, ट्रैफिक चालान मामलों को निपटाने के लिए, 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 25 वर्चुअल कोर्ट स्थापित किए गए हैं। इन अदालतों में 4.24 करोड़ से अधिक मामलों की सुनवाई हुई है और 47 लाख से अधिक मामलों में 492.79 करोड़ रुपये से अधिक का ऑनलाइन जुर्माना प्राप्त किया गया है।

कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान, उच्च न्यायालयों के साथ-साथ जिला और अधीनस्थ अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 3 करोड़ सुनवाई की, जिसे उल्लेखनीय कहा जा सकता है। उक्त परिस्थितियों में, सर्वोच्च न्यायालय ने 6,24,427 सुनवाई की। अदालती कार्यवाही तक पहुंच बढ़ाने के लिए, सर्वोच्च न्यायालय और 7 उच्च न्यायालयों में लाइव स्ट्रीमिंग शुरू की गई।

ई-कोर्ट चरण I और चरण II की उपलब्धियों के आधार पर और डिजिटल इंडिया दृष्टिकोण के अनुरूप, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ई-कोर्ट चरण III के लिए 7,210 करोड़ रुपये का पर्याप्त बजट आवंटित किया, ताकि ई-कोर्ट परियोजना के तहत प्रौद्योगिकी सक्षमता के माध्यम से न्यायिक अवसंरचना को और अधिक विस्तार दिया जा सके तथा मजबूत किया जा सके।

ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली की परिकल्पना की गई है जो सभी के लिए और भी किफायती, सुलभ तथा पारदर्शी हो। हितधारकों की बड़े पैमाने पर, विविधतापूर्ण और लगातार विकसित होती जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी के निरंतर विकास को देखते हुए, चरण III का विशेष ध्यान प्रौद्योगिकी को अपनाने और एक मजबूत शासन व्यवस्था प्रदान करने पर है। यह न्यायिक प्रणाली के लिए एक ऐसी अवसंरचना की परिकल्पना करता है, जो स्वाभाविक रूप से डिजिटल हो। यह केवल दस्तावेज-आधारित प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह डिजिटल वातावरण की दिशा में परिवर्तनकारी बदलाव का प्रतीक भी है, जिसमें पेपरलेस कोर्ट, एआई और ऑनलाइन विवाद समाधान जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का एकीकरण जैसे नए तत्व शामिल किए गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण की शुरुआत की गयी है। लक्ष्य है- सभी के लिए न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना, जैसा संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19 में निहित है। इसका उद्देश्य एक सुलभ और लागत प्रभावी न्याय प्रणाली स्थापित करना है तथा एक नए और सशक्त भारत को बढ़ावा देना है, जहां आम नागरिक के लिए संवैधानिक अदालतों तक पहुंच पहले से कहीं अधिक आसान हो।

बी.आर. अम्बेडकर के शब्दों में, न्याय को, अपने वास्तविक सार में, उत्पीड़ितों की रक्षा के लिए एक ढाल के रूप में और वंचित समुदाय के लिए आशा की किरण के रूप में काम करना चाहिए। यह निष्पक्ष, सत्ता के प्रति अडिग और जाति, पंथ या सामाजिक स्थिति के भेदभाव के बिना सभी के लिए सुलभ होना चाहिए।÷ केवल न्याय के माध्यम से ही हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान, समानता और मौलिक अधिकारों की रक्षा करता हो।

# वैश्विक सामाजिक न्याय की गुहार

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

जब जीवन में उथल-पुथल होती है तो उससे कुछ नया सृजन भी होता है। लेकिन ये उथल-पुथल हमारी शांति को भंग करती हैं। विश्व में उथल-पुथल जिंदगी जीने वाली कौमें संघर्ष कररही हैं। इनके जीवन में सृजन क्या हो रहा है, इसकी व्याख्या कदाचित कोई कर सकता है। सामाजिक न्याय की मांगें इसीलिए होती रही हैं कि हमारे समाज के हर व्यक्ति गरिमामय हों। उन्हें सूना जाए। उनको बराबरी का हक मिलता रहे। बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक न्याय की वकालत पूरी जिंदगी भर की। अपने समय-काल-परिस्थितियों के साथ लड़ते हुए एक ऐसे सभ्य समाज की कल्पना उन्होंने की जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियाँ शिकायत न करें। लेकिन उनके प्रयास, उनके त्याग व तपस्या वैचारिकी में भी शामिल नहीं हुए। धरातल पर उस उतरना तो दूसर की बात रही।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने किर्गिज़ गणराज्य के स्थायी मिशन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारा वैश्विक परिदृश्य संकटों से भरा है- भूराजनीतिक उथल-पुथल से लेकर आर्थिक अप्रत्याशितता तक- ये सभी संरचनात्मक असमानताओं को बढ़ाते हैं और लाखों लोगों को गरीबी, असुरक्षा और सामाजिक समर्थन के अभाव का खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने यह भी अभिव्यक्त किया कि आईएलओ के अनुसार, 2023 तक, 214 मिलियन श्रमिक अत्यधिक गरीबी में रहते हैं, जबकि इसके साथ-साथ, यह संख्या लगभग दोगुनी गरीबी में रहती है। अब यह सोचिये कि यह आंकड़ा 425 मिलियन लोगों का है जो गरीबी से जूझ रहे हैं। डेनिस का आह्वान है कि हमें इस अप्रिय स्थिति के निवारण के लिए साहसिक, उद्देश्यपूर्ण कदम उठाने चाहिए। हमें उत्पादकता बढ़ाने और जीवन स्तर को ऊपर उठाने के उद्देश्य से पहल लागू करके घरेलू अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना चाहिए। हमें क्षेत्रीय उत्पादकता को बढ़ावा देने और बहुपक्षीय विकास निधि की शक्ति का उपयोग करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का लाभ उठाना चाहिए। यह भी बिल्कुल जरूरी है कि हम सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं को समर्थन में तेजी लाएं, यह सुनिश्चित करें कि कोई भी देश पीछे न छूटे।

सामाजिक न्याय के दरअसल अब उन सूक्ष्म मुद्दों को समझना होगा और जो बड़े विषय हैं उन्हें भी समझना होगा। विश्व में केवल गरीबी मुद्दा नहीं है लेकिन हाँ आर्थिक गैर-बराबरी एक बड़ा कारन है सामाजिक न्याय न मिल पाने की, इसे स्वीकार करना पड़ेगा। यह सामाजिक न्याय की लड़ाई कई धड़े लड़ रहे हैं। ऐतिहासिक दस्तावेज़ हमें यहक बताते हैं कि हमारी राज्य की व्यवस्थाएं अपने नागरिकों को सामाजिक न्याय देने में असमर्थ और लचर हैं। वे अपने उन नागरिकों को चिन्हित करने में भी अक्षम हैं जो वर्षों से अपने गरिमा के लिए केवल नहीं अपितु जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में बहुत हास्यास्पद लगते हैं सतत विकास लक्ष्य के नारे और उन पर किए जाने वाले प्रयास भी। शून्य गरीबी तो गरीबी उन्मूलन से होगा। अफ्रीका, तीसरी दुनिया के अधिकाँश देश यदि अपने नागरिकों के बारे में सही आंकड़े भी नहीं रखते तो वे भला सतत विकास लक्ष्य के झूठे आंकड़ों के साथ दावे क्यों करते हैं? सभ्य काम और पूर्ण रोजगार की प्राप्ति और सामाजिक न्याय की खोज को सर्वोच्च प्राथमिकता के लिए उनके प्रयास ऐसे में बेमानीं नहीं तो और क्या हैं? दरअसल, पूरी पृथ्वी की सामाजिक स्थितियों को ठीक-ठीक कोई भी संस्था आंकलन नहीं कर सकी है। राज्यों के आंकड़े झूठ पर आधारित हैं। सामाजिक न्याय के लिए इसलिए जो पॉलिसीज हैं वे भी कभी कारगर नहीं साबित हो सकी हैं।

सन् 2025 आ रहा है। 2025 में विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन होगा। इसकी तैयारी हो रही है। वैश्विक सामाजिक न्याय के लिए एक और मंच आने वाले वर्षों में सजकर हमारे सामने होगा लेकिन सवाल यह है कि क्या हम कोपेनहेगन घोषणा की प्रतिज्ञाओं को पूरा कर लेंगे तब तक? प्रश्न है कि छोटे-छोटे देश या तीसरी दुनिया के रूप में जाने जाने वाले देश तब तक वैश्विक सामाजिक न्याय के कोपेनहेगन की घोषणाओं के सम्बन्ध में अपने नागरिकों तक उसकी मूल आत्मा को समझा सकेंगे? दुनिया के बहुत से देशों में बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी अल्पविकसित हैं। ऊर्जा, परिवहन और पर्यटन क्षेत्रों में विकास कितना हुआ है, सबको पता है। हितधारकों के साथ-साथ प्रतिनिधित्व कितने प्रतिशत राज्यों ने बनाया है, यह भी बात किसी से छुपी नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सदस्य राज्यों की भागीदारी संयुक्त राष्ट्र में भी तो उस तरह नहीं है जैसे विकसित देशों की है फिर उनके नागरिकों को कैसे सामाजिक न्याय मिलेगा, सवाल सबसे बड़ा यही है। विकासशील देशों के लिए एसडीजी की उपलब्धि की दिशा में प्रगति संयुक्त राष्ट्र भी चाहता है और इससे जुड़े जो मापांक के लिए एजेंसीज हैं, वे चाहती भी हैं कि सतत विकास लक्ष्य में सब गुडी-गुडी हो लेकिन सच छुपाकर यदि सामाजिक न्याय की तस्वीर पेश की गयी तो यह सबसे बड़ा धोखा होगा अपने साथ, समय के साथ और इस धरती के साथ। आखिर यह धोखा किया किसके साथ जा रहा है, इसका भी तो ज़वाबदेह कोई बने। डेनिस ने भी कहा कि सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन के पीछे एकजुट होकर, हम अपने समाजों और अर्थव्यवस्थाओं को अधिक एकजुट और प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए सशक्त बनाने के वादे को पूरा कर सकते हैं।

अध्यात्म

## जो होता है अच्छे के लिए होता है

एक बार की बात है, एक राजा तलवारबाजी कर रहा था तो अचानक से उसके अंगुली में कट लग गया। तो पास खड़े मंत्री अचानक बोल उठे, राजा साहब चिंता ना करें। जो होता है अच्छे के लिए होता है। यह सुनते ही राजा को गुस्सा आ जाता हैं। राजा उस मंत्री को कारागृह में बंद करने का आदेश दे देता है और बोलता है इसको फांसी पर चढ़ा दिया जाए। यह सुनकर मंत्री घबरा गया, उसने राजा से निवेदन किया, महाराज! मैंने आपके यहां इतने वर्षों तक काम किया है। क्या आप मेरी अंतिम इच्छा पूरी नहीं करेंगे? राजा बोला, ठीक है बताओ क्या है तुम्हारी अंतिम इच्छा? मंत्र बोला, कृपया मुझे 10 दिन का समय दीजिए। उसके उसके बाद आप मुझे जो चाहे वो सजा दे दीजिए। राजा ने उसकी अंतिम इच्छा मान ली। राजा दूसरे दिन अपने सैनिकों के साथ जंगल में शिकार पर निकला। जंगल के बीच में राजा अपने सैनिकों से बिछड़ गए और रास्ता भटक गए। रास्ता ढूंढते हुए राजा वनवासियों के बीच पहुंच गए, जो बली देने के लिए किसी को ढूंढ रहे थे। वनवासियों ने राजा को पकड़ लिया और वन की देवी को बली देने के लिए ले गए। बली देने की सारी तैयारियां पूरी हो गई। जैसे ही राजा को बली देने के स्थान पर ले जाया गया, वहा खड़े बुजुर्ग की नजर राजा की खंडित अंगुली पर पड़ी। उसने आवाज लगाई कि ये तो खंडित हैं, इसकी बली नही दी जा सकती। तो वनवासियों ने राजा को छोड़ दिया। राजा जैसे तैसे वहा से निकला और अपने राज्य पहुंचा। सबसे पहले कारागृह में अपने मंत्री से मिलने पहुंचा। राजा ने मंत्री से कहा,आपने सही कहा था अगर मेरी अंगुली नही कटी होती तो मैं जिंदा नही होता, यानी जो होता है वो अच्छे के लिए होता हैं। राजा ने फिर पूछा,मेरा तो फायदा हुआ लेकिन आपका कैसे फायदा हुआ। मैंने तो आपको सजा दी। मंत्री बोला, मैं आपके साथ शिकार पर हमेशा रहता हूं, उस दिन भी रहता, लेकिन मेरे खंडित नहीं होने के कारण मेरी बली चढ़ जाती। इसलिए मेरे साथ भी जो हुआ अच्छा हुआ। राजा प्रसन्न हुआ लेकिन छोटी सी बात पर मंत्री को सजा देने का दुख भी हुआ। इसलिए राजा ने मंत्री को कारागृह से निकल कर फिर से अपने साथ रख लिया। जीवन में भी बहुत से उतार चढ़ाव आते रहते हैं। कभी कभी कुछ चीजें मन मुताबिक नहीं होती हैं। इस कारण से कभी निराश नहीं होना चाहिए। हमेशा याद रखे जो होता हैं-अच्छे के लिए होता हैं। भले ही कुछ अच्छा हो या न हो, लेकिन उस परिस्थिति के प्रति सकारात्मक नजरिया रखने से उसका प्रभाव बहुत कम हो जाता हैं।

# पर्यावरण संतुलन के लिये वन्यजीवों की रक्षा जरूरी

> अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करने में डूबे इंसान को अब यह अंदाजा ही नहीं रह गया है कि वह अपने साथ-साथ लाखों वन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना कितना दूभर कर दिया है। तथाकथित विकास एवं स्वार्थ के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों का प्रबंधन और दोहन इस तरह से किया जा रहा है कि वन्य जीवों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा हैं। कितने ही पशु-पक्षियों की प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी हैं, तो कितनी विलुप्ती कगार पर हैं।

**ललित गर्ग**

दुनियाभर में तेजी से विलुप्त हो रहे वन्य पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी आदि अन्य खतरों पर नियंत्रण के उद्देश्य से विश्व वन्य जीव दिवस हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जंगली वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के फायदे बताकर जागरूक किया जाता है और वन्यजीव अपराध और वनों की कटाई के कारण वनस्पतियों और जीवों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए आह्वान किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को, अपने 68वें अधिवेशन में वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वनस्पति के लुप्तप्राय प्रजाति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिकी, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। इस दिवस की शुरुआत थाईलैंड में हुई थी।

विश्व वन्यजीव दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। इसमें से एक है वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। वन्यजीव मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुनःप्राप्ति में सहयोग करते हैं। पर्यावरण में जीव-जंतु तथा पेड़-पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व समझते हुए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस अथवा वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे मनाया जाता है। वन्य जीवों के सामने तस्करी के अलावा अन्य अनेक खतरे हैं। अब इन वन्य जीवों में 'फॉरएवर केमिकल्स' पाये जाने से इनका जीवन लुप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। वैज्ञानिकों को ध्रुवीय भालू से लेकर बाघ, बंदर और डॉलफिन जैसी मछलियों की 330 वन्यजीव प्रजातियों में 'फॉरएवर केमिकल्स' के पाए जाने के सबूत मिले हैं। जो दर्शाते हैं कि इंसानों द्वारा बनाया यह केमिकल न केवल पर्यावरण बल्कि उसमें रहने वाले अनगिनत जीवों के शरीर में पहुंच चुका है और उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। इनमें से कई प्रजातियां पहले ही खतरे में हैं।

यूरोप, अफ्रीका, एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में मछलियों और अन्य जलीय जीवों में यह फॉरएवर केमिकल मिले हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक चूंकि यह केमिकल्स आसानी से नष्ट नहीं होते ऐसे में यह लम्बे समय तक वातावरण में मौजूद रहते हैं। इतना ही नहीं यह वातावरण के माध्यम से लंबी दूरी तक भी जा सकते हैं। इसका मतलब है कि दुनिया के सुदूर क्षेत्रों में जो जहां जीव अभी भी औद्योगिक स्त्रोतों से दूर है जैसे अंटार्कटिका में पेंगुइन या आर्कटिक में ध्रूवीय भालू भी इन हानिकारक केमिकल्स के चपेट में




आ सकते हैं। अन्य शोधों से पता चला है कि इन हानिकारक केमिकल्स के संपर्क में आने से वन्यजीवों को भी इसी तरह नुकसान हो सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह संभावित स्वास्थ्य समस्याएं लुप्तप्राय या संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए विशेष रूप से चिंता का विषय हैं, क्योंकि उन्हें अब अपने अस्तित्व के लिए अन्य खतरों के साथ-साथ इन हानिकारक रसायनों से भी जूझना पड़ रहा है।

'फॉरएवर केमिकल्स' की ही भांति वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी के कारण भी वन्य जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। पिछले कुछ सालों में तस्करों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क एवं गिरोहों के कारण वन्यजीवों की तस्करी बढ़ी है। लम्बे समय से यह जरूरत महसूस की जा रही है कि वन्यजीव और इनके अंगों के तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने का काम तेजी से होना चाहिए। लेकिन, यह काम आगे नहीं बढ़ पाया। वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी को रोकने के लिए भारत समेत पांच देशों की सामूहिक रणनीति से काम करने की पहल को सकारात्मक ही कहा जाएगा। तस्करी के कारण जिन देशों में वन्यजीव खतरे में नजर आते हैं, वहां समन्वय की कमी भी एक कारण माना जाता है। इसकी वजह से यह गैरकानूनी काम बेरोकटोक होता रहा है।

आमतौर पर तस्करी के जरिए दूसरे देश से ऐसे वन्यजीव लाए जाते हैं, जो स्थानीय जंगल में नहीं मिलते। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया के विशेषज्ञों के साथ मिलकर दो दिन तक इस संकट पर गहन मंथन भी किया है। इन देशों ने वन्यजीवों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा तंत्र विकसित करने की योजना बनाई है। यह तंत्र इन देशों में वन्यजीवों की बरामदगी के प्रकरणों का विश्लेषण करेगा। साथ ही तस्करों के नेटवर्क की पहचान कर इसे इंटरपोल की मदद से तस्करों के वित्तीय प्रवाह के तंत्र को तोड़ने का काम भी करेगा। यह सर्वविदित बात है कि वन्यजीवों की तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसके ज्यादातर उन देशों में अपने संपर्क हैं, जिनके सहयोग से संरक्षित श्रेणी के वन्यजीवों की तस्करी एक देश से दूसरे देश में की जाती है। जहां इन वन्यजीवों की मांग होती है, उन देशों से ये तस्कर मोटी कमाई भी करते हैं। यह तथ्य भी सामने आया कि इन दिनों वन्यजीवों की तस्करी के लिए वायु मार्ग प्रमुख माध्यम बन गया है। इन जीवों को अफ्रीकी देशों से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में लाया जा रहा है। वहां से इन्हें चीन व भारत में भेजा जा रहा है।

पृथ्वी पर जीवन का विकास पर्यावरण के अनुकूल ऐसे माहौल में हुआ है, जिसमें जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतु सभी आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। प्रकृति ने धरती से लेकर वायुमंडल तक विस्तृत जैवविविधता को इतनी खूबसूरती से विकसित एवं संचालित किया है कि अगर उसमें से एक भी प्रजाति का वजूद खतरे में पड़ जाए तो सम्पूर्ण जीव-जगत का संतुलन बिगड़ जाता है। प्राकृतिक संतुलन के लिए सभी वन्य प्राणियों का सरंक्षण बेहद जरूरी है, अन्यथा किसी भी एक वन्य प्राणी के विलुप्त होने पर पूरी संरचना धीरे-धीरे बिखरने लगती है। चूंकि पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न जीव एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए अन्य प्राणियों की विलुप्ति से हम इंसानों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नए वैज्ञानिक अध्ययन चेताते हैं कि इंसान जानवर को महज जानवर न समझे, बल्कि अपना वजूद बनाए रखने का सहारा समझे। दो या तीन दशकों के भीतर इंसान अगर वन्य जीवों की संख्या में हो रहे गिरावट को नहीं रोक पाया, तो मानव अस्तित्व के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृषभ**
दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिये। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**सिंह**
आज दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन अचानक से स्थितियाँ आपके पक्ष में आती हुयी प्रतीत होंगी।

**कन्या**
अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे। आपके सामाजिक सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**तुला**
आपके ऊपर जिम्मेदारियाँ बढ़ने वाली है। किसी के भरोसे रहने के बजाय अपने काम को स्वयं पूरा करें। महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सम्भाल कर रखें।

**वृश्चिक**
धन से जुड़ा कोई मामला अटक सकता है। आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं।

**धनु**
मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है। जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे।

**मकर**
तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन विशेष शुभ सिद्ध होगा। अपने जीवन-स्तर को ऊँचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं।

**कुंभ**
मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा। परिवार जनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें।

**मीन**
आज दिन की शुरुआत तो काफी अच्छी रहेगी। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जायेगा। लेकिन आज स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

# मतदाताओं को सौंपे गये पहचान पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**समस्तीपुर।** आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नए मतदाताओं एवं सुधार कराने वाले मतदाताओं को डाक के माध्यम से भेजे जा रहे इपिक कार्ड हस्तगत कराने में हो रही परेशानी होकर निर्वाचन कार्य में शामिल अधिकारियों के द्वारा घर घर जाकर जनसंपर्क कर हालातों का जायजा लिया जा रहा है। इसमें भारी विसंगतियों के उजागर होने के बाद जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित दलसिंहसराय के अवर निर्वाचन पदाधिकारी रवि रंजन कुमार स्वयं भी इपिक कार्ड हस्तगत करा रहे हैं। इस क्रम में उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र के भगवानपुर देसुआ पंचायत पंचायत के वार्ड 14 विशनपुर समथू निवासी एवं पहली बार मतदाता बने शौर्य झा को पदाधिकारी द्व्य ने इपिक कार्ड सौंपा। इस कार्ड के साथ-साथ फोटो वग़ैरह सुधारने के बाद बने शौर्य झा के पिता डॉ राजीव कुमार झा एवं माता सुनीता झा का इपिक कार्ड भी डॉ झा को हस्तगत कराया गया। मौके पर दलसिंहसराय के अवर निर्वाचन पदाधिकारी रवि रंजन कुमार ने कहा कि डाक विभाग के द्वारा इपिक कार्ड मतदाताओं को हस्तगत कराने में घोर लापरवाही बरती जा रही है। उजियारपुर विधानसभा के रायपुर, सातनपुर, भगवानपुर देसुआ, पतैली, नाजिरपुर, निकसपुर आदि पंचायतों में जांच की गई और विसंगतियों से बिहार के पोस्ट मास्टर जनरल को इससे अवगत करा दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द हीं इसका निदान भी निकल जाएगा।

# विहिप के जिला उपाध्यक्ष बने राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** बिहार के गया में विश्व हिंदू परिषद का तीन दिवसीय प्रांत कार्य समिति बैठक सम्पन्न हुआ, जिसमें केंद्रीय सगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, क्षेत्र संगठन मंत्री वीरेंद्र विमल, राम जन्मभूमि ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल आदि उपस्थित रहें। इस दौरान बिहार में कई जिलों के दायित्व की घोषणा की गई। जिसमें भोजपुर जिला से विभाग सत्संग प्रमुख रमेश मिश्रा को प्रांत के सत्संग सह प्रमुख, आरा के राजीव रंजन को जिला उपाध्यक्ष, जिलाकोषाध्यक्ष विमल किशोर पाठक को जिला कोषाध्यक्ष एवं रजनीश राजन को जिला सेवा प्रमुख बनाया गया। बता दें की शहर मीरगंज बांसटाल निवासी नवमनोनित जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन पिछले कई वर्षों से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। वे आरा नगर निगम की महापौर इंदू देवी के देवर और भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन के छोटे भाई हैं। वर्तमान में वे मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं राजेंद्र प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। नव मनोनित पदाधिकारियों को भोजपुर जिला मंत्री उपेन्द्र तिवारी, जिला सह मंत्री अभिषेक चौरसिया और नगर मंत्री श्याम किशोर पाठक, सह संयोजक अमित पांडेय आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## एक नजर

### गौ सेवा के माध्यम से मनायी गयी पुण्यतिथि

**आरा (भोजपुर)।** स्व. सूर्यकालो देवी की छठी पुण्यतिथि पर आरा के श्री गौशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेतृत्व अभय विश्वास भट्ट ने बालबांध गांव निवासी शिक्षक सुशील भट्ट की माता सुर्यकालो देवी के पुण्यतिथि पर श्री गौशाला आरा में गौ सेवा किया गया। इस मौके पर उनके पुत्र सुशील भट्ट और अशोक भट्ट ने बताया कि प्रत्येक साल पुण्यतिथि पर जनहित में कार्यक्रम आयोजित होते रहा है। इस क्रम में दलित बस्ती में शिक्षा सामग्री वितरण, वृद्ध सम्मान समारोह, कम्बल वितरण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस बार गौ सेवा किया गया। इस मौके पर गौशाला में पशु आहार दिया गया। इस दौरान सत्य ट्रस्ट के संजय राय, धर्मदेव भट्ट, विनीत कुमार, सोमन्श प्रकाश, संजय श्रीवास्तव, उमेश राय सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण को लेकर किया गया फ्लैग मार्च

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कृष्णगढ़ थाना प्रभारी पवन कुमार के सौजन्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एएसआई भगवान यादव, एसएसबी के जवान एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान के साथ सरैया बाजार, गुंडी, बभनगांवा, उदयभानपुर, गलचौर, जगतपुर पकड़ी, नरगदा, यूपीबलुआ, पीपरपांती एवं अन्य गांव में फ्लैगमार्च किया। कृष्णगढ़ थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि लोक सभा के चुनाव के आलोक में वरीय पदाधिकारी के आदेश पर फ्लैग मार्च निकाला गया जिससे थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके। वही अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने हेतु ठोस कदम उठाया जाएगा। साथ ही फरार मुजरिमों के गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जायेगा।

### कृष्णगढ़ और सिन्हा थाना के अपग्रेडशन के बाद वरीय पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत कृष्णगढ़ और सिन्हा थाना का ओपी से थाना के रूप में अपग्रेडेशन के बाद पुलिस उपाधीक्षक ने निरीक्षण किया। डीएसपी कन्हैया कुमार कृष्णगढ़ थाना में जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की। ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु द्वारा सिन्हा थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं सम्मानित प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों के साथ मिलकर बैठक कर थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एंव क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुझाव लिया। डीएसपी कन्हैया कुमार ने बताया कि थाना के रूप में अपग्रेडेशन हो जाने से एफआईआर करने सहित किसी अन्य मुद्दे पर स्वतंत्र निर्णय लेने में थाना प्रभारी सक्षम रहेंगे। साथ ही पेट्रोलिंग एवं गस्ती अपराध एवं अपराधियों पर नकल कसने पर विशेष बल दिया जाएगा।

# अब आरा में चाय सुट्टा बार की लजीज चाय का मजा लीजिये

## आरा में खुला है नया आउटलेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** चाय सुट्टा बार, जो दुनिया भर में अपने अनोखे कॉन्सेप्ट, असली, लाजवाब और स्वादिष्ट चाय पीने के अनुभव और शानदार माहौल के लिए मशहूर है, बिहार के आरा में अपना नया आउटलेट खोला है। इस आउटलेट का पता स्टेशन रोड, नवादा चौक, आरा, बिहार में स्थित है। चाय सुट्टा बार चाय के स्वादिष्ट स्वाद और एक शानदार, सुविधाजनक और आरामदायक माहौल को पेश करके आरा के लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। चाय सुट्टा बार लाजवाब गुणवत्तापूर्ण चाय पीने के अनुभव का दूसरा नाम बन गया है। 2016 में अपनी शुरुआत के बाद चाय सुट्टा बार काफी तेजी से दुनिया की सबसे बड़ी टी-चेन बनती जा रही है। इसकी स्थापना अनुभव दुबे और आनंद नायक ने इंदौर में की थी। चाय सुट्टा बार की स्थापना भारत के सबसे पसंदीदा पेय पदार्थ चाय को आधुनिक और शानदार माहौल में सर्व करने के विजन के साथ की गई है।

# राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शामिल होकर मगध विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक कर रहे बिहार का नाम रोशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा।** राजस्थान के सीकर जिला अंतर्गत विश्व भारती कॉलेज में 1 मार्च से 7 मार्च तक भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे देश भर के कुल 13 राज्यों से आए 200 स्वयंसेवक तथा 10 कार्यक्रम पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। जिसमे वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रिय सेवा योजना के दो स्वयंसेवक तथा मगध विश्वविद्यालय, गया से 8 स्वयंसेवक बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वही टीम का नेतृत्व गया कॉलेज, गया के स्वयंसेवक आरभ कर रहे हैं।

शिविर के पहले दिन बिहार के स्वयंसेवकों द्वारा उद्घाटन सत्र के दौरान पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुत दी, वही दूसरे दिन वीर कुंवर सिंह वि.वि के स्वयसेवक आदित्य सिंह और गया की स्वयंसेवक उरोज द्वारा मंच संचालन किया गया, तथा टीम बिहार द्वारा ग्रुप डांस, ऐकल नृत्य आदि जैसे अनेकों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की गई। वहीं तीसरे दिन क्विज प्रतियोगिता में टीम बिहार द्वारा अद्भुत प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त कर बिहार का नाम रौशन किया।

शिविर में आरा से आदित्य सिंह, आर्यन प्रकाश वही गया से आरभ, ऋषभ राज, इम्तियाज, दिव्य भारती, तन्नु, रिया, स्मृति, उरोज़ तथा एक गया कॉलेज गया के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्रा सम्मिलित रहे।

# जिले से पहुंचे हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुलाब के फूलों से शीर्ष नेतृत्व का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बक्सर।** पटना के गांधी मैदान में आयोजित महागठबंधन जन विश्वास रैली में जिले से पहुंचे कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने गुलाब के फूलों की बरसा कर राहुल गांधी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का तारामंडल के समीप भव्य स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी एवं श्री खड़गे को पुष्पगुच्छ भेंट कर भी स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय ने बताया कि रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित महागठबंधन की रैली पुरानी सभी रैलियों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। रैली मे पहुंचे लगभग 10 लाख लोगों की भीड़ ने साबित कर दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव में महागठबंधन बिहार में 40 की 40 सीटों को जीतकर इतिहास रचेगा। डॉ पांडे ने आगे बताया कि आज की रैली के बाद केंद्र और बिहार की सरकार को नींद नहीं आने वाली है। रैली की अपार सफलता से एनडीए गठबंधन परेशान हो गया है। केंद्र और बिहार की सरकार विधायक तो खरीद सकती है लेकिन जनता को खरीदने की हिम्मत नहीं है। अब एनडीए को जनता सबक सिखाएगी।

बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि डॉ प्रमोद ओझा ने कहा कि महागठबंधन की जन विश्वास रैली मे जुटी भीड ने महागठबंधन की पूर्णता पर विश्वास की मोहर लगा दी हैं। बिहार में महागठबंधन की लहर ही नही बल्कि आंधी चल रही है। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कंग्रेस के प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, डॉ सत्येंद्र ओझा, जिला युवा कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय ओझा, जिला कंग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता भोला ओझा, त्रियोगी नारायण मिश्रा, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भरत यादव, प्रखंड कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय ओझा, गोलू पांडे, रविंद्र प्रधान, अजय यादव, अभय मिश्रा, दीपक पांडे समेत हजारों कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का स्वागत करने महागठबंधन की रैली में शिरकत किए।

# दुल्हिनबाजार में की गई जन संवाद सह परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज।** दुल्हिनबाजार प्रखंड के ऐनखां गांव में जन सुराज की ओर से जन संवाद सह परिचर्चा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक लक्ष्मण शर्मा व संचालन रामानंद तिवारी ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. श्यामनन्दन नंदन शर्मा ने कहा कि 33 साल से बिहार में बारी-बारी से राजद, जदयू व भाजपा के नेतृत्व में सरकारें चल रही है। आजादी के समय जो बिहार कृषि विकास, उद्योग, शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में देश मे अग्रणी था। आज इनके शासन में बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज बन गया। पूरा बिहार आज अधिकारियों के जंगल राज में तब्दील हो गयी है। रिश्वत व रंगदारी टैक्स के रूप में वसूला जा रहा है। आज पूरा शासन व प्रशासन तंत्र ने मिलकर बिहार को बर्बाद कर दिया है। बिहार आज पूरे देश केलिय मजदूर सप्लाई का केंद्र बन गया है। वही उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर के नेतृत्व में चल रही जन सुराज अभियान नया बिहार बनाने के लिए पूरे बिहार में नीचे से ऊपर तक ईमानदार, जिम्मेवार राजनीतिक टीम बनाने, युवाओं को यूथ क्लब से जोड़कर प्रशिक्षित करने तथा समाज के प्रबुद्ध जनों, किसान मजदूरों के बीच से कुशल मार्गदर्शक संगठन करता कर टीम खड़ा कर जन जन के लिए जनता का राज बनाने के लिए संकल्पित है। मौके पर आम जनों को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। बैठक को विजय सिंह, त्रिधुलधारी सिंह, रामकुमार विद्यार्थी, राजेश्वर सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग जन सुराज के संस्थापक सदस्य बने। जबकि पंचायत स्तरीय कमिटी के गठन किया गया। जिसके संयोजक राम कुमार विद्यार्थी को तथा सदस्य लक्ष्मण शर्मा, त्रिशूल धारी सिंह, श्रीकांत प्रसाद, धीरज कुमार, रंजीत कुमार, बिपुल कुमार, चंद्रकांत शर्मा, उदय शर्मा को बनाया गया।

# भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अश्विनी चौबे को तीसरी बार संसद में भेजने के लिए हैं कृतसंकल्प : सौरभ तिवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि विश्वामित्र महोत्सव में स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के कथन को गलत ढंग से परिभाषित कर भाजपा के खिलाफ विरोधी लोग माहौल बना रहे हैं।

सांसद ने अपने संबोधन में बक्सर को आध्यात्मिक एवं महर्षि विश्वामित्र के विषय में चर्चा के दौरान कहा था कि श्रीराम कर्मभूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर के द्वारा बक्सर के आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए ही सनातन संस्कृति समागम का आयोजन किया गया था। जिसका धर्म विरोधी लोगों द्वारा विरोध किया गया।

महर्षि विश्वामित्र प्रभु श्रीराम के महत्व के लिए किए गए आयोजन का विरोध करना कहां तक उचित है। श्री चौबे ने बक्सर की आध्यात्मिक प्रतिष्ठा को स्थापित करने के लिए अपने संकल्प को व्यक्त किया है। एक प्रेस बयान के अधूरे क्लिप को दिखा कर कुछ लोगों के द्वारा आम जन को दिग्भर्मित करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यह सर्वविदित है कि जो भ्रष्टाचारी है, दुराचारी है, जो घर मे रहकर घर ढहाने की बात करता है उसका विनाश निश्चित है। यह बात हमारे भारतीय सांस्कृतिक विरासत में प्राप्त वेदों में उद्धृत है। भाजपा का कार्यकर्ता जिसने पंच निष्ठा की शपथ ली है, वह पार्टी एवं प्रतिनिधि का कभी विरोध कर ही नहीं सकता।

ऐसे लोग जो पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल हैं पार्टी में रहकर पार्टी व विचार के खिलाफ कार्य कर रहे हैं। समर्पित कार्यकर्ता किसी भी स्थिति में पार्टी के झंडा को ऊंचा उठाने के लिए कृत संकल्पित है। निःसंदेह तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प के साथ भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपने सांसद को तीसरी बार संसद भवन भेजने का काम करेंगे।

# 10 चक्का ट्रक में लोड 770 कार्टन विदेश शराब के साथ दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सिंघौल थानान्तर्गत अवैध नशीले पदार्थ की बिक्री एवं भंडारण के विरूद्ध चलाए गए अभियान में भारी मात्रा में एक 10 चक्का ट्रक में लोड किया हुआ कुल 770 कार्टून जिसमें 6831 लीटर अवैध विदेशी शराब को जब्त किया गया। साथ ही दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान समसीपुर जिला के पूसहो चौक वार्ड नं 03 निवासी मुसहरो महतो का पुत्र राजकुमार राजन सहरसा जिला के सिमरी बख्तियार वार्ड नं 10 निवासी पप्पू साह का पुत्र दिलखुश कुमार बताया जाता है। इधर एसपी मनीष ने बताया कि दिनांक 29 फरवरी को सिंघौल थाना को समय लगभग 9:50 बजे शाम में बिहार मद्यनिषेध पटना टीम के माध्यम से गुप्त सूचना मिली की सिंघौल थानान्तर्गत तहिति होटल के पास एक 10 चक्का ट्रक लगा हुआ है जिसमे अवैध विदेशी शराब लोड किया हुआ लगा है जिसे कारोबारी द्वारा कहीं खपाने का प्रयास किया जाने वाला है। प्राप्त सूचना को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में सिंघौल थानाध्यक्ष पुअनि नवीन कुमार पुअनि अर्जुन प्रसाद सशस्त्र बल एवं टाईगर मोबाईल की पुलिस टीम के द्वारा बताए हुए स्थान पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को ट्रक पर ही पकड़ा गया। पकड़ाए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम राजकुमार राजन और दिलखुश कुमार। संदिग्ध स्थिति में ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक में लोड किया हुआ कुल 770 कार्टून जिसमें 6831 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गयी और साथ में एक काला रंग का जैमर मशीन व चार मोबाइल। विधिवत ट्रक सहित अवैध शराब को जब्त करते हुए दोनों पकड़ाए व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। वहीं एसपी ने घोषणा किया कि छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मेरे द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

## 100 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**बेगूसराय।** तेघड़ा थानान्तर्गत आधारपुर गांव में पेठियागाछी से तस्करों द्वारा एक टोयटा इट्स गाड़ी से ले जा रहे कुल 100 बोतल जिसमें 75 लीटर अवैध विदेशी शराब को पुलिस टीम के द्वारा जब्त किया गया।

एसपी मनीष ने बताया कि दिनांक 01 मार्च को तेघड़ा थानान्तर्गत रात्रि गश्ती के दौरान सूचना मिली की पेठियागाछी गांव के निकट एनएच 28 से होते हुए एक टोयटा इट्स गाड़ी जिसमे अवैध विदेशी शराब रखा हुआ है जो तस्करी के लिए ले जा रहा है। प्राप्त सूचनानुसार तेघड़ा थाना परि पुअनि नवीन कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा आधारपुर चौक के पास वाहन चेकिंग लगाया गया कुछ ही देर में तेजी से आ रही एक टोयटा इट्स गाड़ी को रोकवाने की कोशिश की गई परन्तु गाड़ी चालक के द्वारा पुलिस बल को देख गाड़ी से तेजी से भागने लगा। पुलिस बल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गाड़ी को आधारपुर गाँव में पकड़ा गया परन्तु 02 व्यक्ति गाडी को छोड़कर सकरे गलीनुमा रास्ते से होते हुए भाग गये।

विधिवत गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी की सीट पर से प्लास्टिक के चार बोरे में कुल 100 बोतल जिसमें 75 लीटर अवैध विदेशी शराब को बरामद किया गया। उत्पाद अधिनियम के तहत विधिसम्मत आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को एसपी के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# बेमौसम बारिश ने फसल को किया बर्बाद, किसान चिंतित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** रविवार को अहले सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने खेतों में लगे फसल को नुकसान से किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। खेतों में लगी राई, सरसों, चना, मसूर, खेसारी आदि फसलों की काफी क्षति हुई है।

फसलों में लगे सारे फूल गंदे हो जाने से फल नही लगेंगे। उपज को भरी नुकसान होने की संभावनाएं से किसान काफी चिंतित नगर आ रहे हैं। खपुरा के किसान अजय शर्मा, राम विनोद शर्मा कहते हैं कि इस बार रवी की फसल काफी अच्छी लगी थी। इधर कुछ दिनों में कई बार वे मौसम वारिश होने से खेतों में लगे फसल को भरी क्षति पहुंची है। इससे मौसम बारिश से फायदे कम नुकसान अधिक होने वाली है।

वही बारिश होने से नगर बाजार के मठ रोड बाबा बोरिंग रोड सहित अन्य मोहल्लों में कीचड़ हो गया है। वही इस बारिश से फायदे काम नुकसान ज्यादा हैं।

# सरकारी लाभ दिलाने को लेकर लगाया गया शिविर



**मसौढ़ी/पटना।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता को आसानी से मिले। इसके लिए मसौढ़ी वार्ड नंबर 24 के वार्ड पार्षद उज्जवल पटेल ने शिविर लगाकर वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लिए लोगों का आवेदन ऑनलाइन करवाया। वार्ड पार्षद उज्जवल ने बताया के वह हर साल शिविर लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाते हैं। इस शिविर के द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए लगभग पांच सौ लोगों ने आवेदन पत्र ऑनलाइन किया गया। भविष्य में भी इस तरह का कार्य के लिए कैंप लगाया जाएगा। ताकि लोग सरकारी लाभ से वंचित न रहे। इस मौके पर सीएससी केंद्र के रवि कुमार एवं धीरज कुमार अविनाश, रौशन, साकेत, रजनीश, रणविजय, अरूण, सूरज, विकास सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मोदी की गारंटी, जनता की गारंटी : रामकृपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** मोदी सरकार गरीबों के लिए कार्य कर रही है। जनता को विश्वास है कि मोदी है तो गरीबी मिटेगी। मोदी की गारंटी जनता की गारंटी है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पाटलिपुत्र सांसद रामकृपाल यादव ने बिक्रम ब्लॉक स्थित बुनियादी केन्द्र बिक्रम के प्रांगण में दिव्यांगजनो के शिविर को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेजनारायण शर्मा ने की। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविर एडिप योजना के अन्तर्गत एलिम्को द्वारा निःशुल्क दिब्याग जनो के बीच 82 लाभुक के बीच बाईस लाख के लागत से साइकिल बैट्रि साइकिल बैसाखी छड़ी कान की मशीन बिल चेयर कृत्रिम अंग आदि का वितरण किया गया जिसकी अध्यक्षता तेज नारायण शर्मा ने किया। पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा ने कहा कि गरीबो के हित की कोई सरकार है जो गरीबो के उत्थान के लिए काम करती है तो केन्द्र में मोदी की सरकार है। पूर्व प्रयाशी अतुल कुमार ने कहा कि सरकार के काम को भाजपा कार्यकर्ता गांव गांव गरीबो के बीच जाकर सरकार की योजना को बताएँ। कार्यक्रम में शुभम कुमार, प्रखंड प्रमुख रामईश्वर पासवान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उदय शंकर सिंह मन्टू, बीडीओ प्रशान्त कुमार, जद यू अध्यक्ष सुरेश वर्मा, लोजपा रामबिलास अध्यक्ष सुजीत कुमार, नीरज कुमार, दिलकेश कुमार, रजनीश कुमार, श्रीराम शर्मा, लालबाबु सिंह, धमेन्द्र कुमार, अभिनव मनीष, अभिशेख रंजन मोन्टी, योगेश तिवारी आदि थे।

# हत्या की साजिश रच रहे 4 अपराधियों को हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण में हत्या की साजिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। पूर्वी चंपारण जिला के पकड़ीदयाल अनुमंडल क्षेत्र में एक बड़े रसूख वाले व्यक्ति की हत्या की साजिश रची जा रही थी लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से हथियारों का प्रदर्शन कर अपनी दबंगई दिखा रहे युवक की गिरफ्तारी हो गई। पुलिस ने तीन अन्य युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों के पास से दो देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, चोरी की चार बाइक, दो मोबाइल, कई गाड़ियों के नंबर प्लेट और चार चाभी बरामद हुई है। गिरफ्तार युवकों का आपराधिक इतिहास है। पुलिस इन अपराधियों से पूछताछ कर रही है ताकि इनके गैंग के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया जा सके। एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एक मार्च को एक युवक ने हथियार का प्रदर्शन करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिस युवक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में पकड़ीदयाल और गड़हिया ओपी पुलिस की टीम बनायी गई पुलिस टीम ने हथियार का प्रदर्शन करने वाले युवक को गिरफ्तार किया। इसके निशानदेही पर तीन अन्य युवकों को हथियार, कारतूस और चोरी के कई वाहनों के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि इन लोगों ने पकड़ीदयाल अनुमंडल क्षेत्र के एक रसूखदार व्यक्ति की हत्या करने का प्लान बनाया है। इसे समय रहते नाकाम कर दिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में गड़हिया ओपी क्षेत्र का रहने वाला मो. शबाब, मो. महमूद, मेहसी थाना क्षेत्र का रहने वाला अर्जून कुमार और मुजफ्फरपुर के मोतीपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला अरविंद कुमार शामिल है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार मो. शबाब पर फेनहारा, पिपराकोठी और मधुबन थाना में चार मामले दर्ज हैं मो. महमूद पर मधुबन थाना में एक मामला दर्ज है। एसपी ने बताया कि चारों से पूछताछ की जा रही है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## अभद्र टिप्पणी कर वायरल मामले में दो नामजद, एक गिरफ्तार

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति को पुलिस महज कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया। वीडियो वायरल मामले में पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने रविवार को अनूमंडल पुलिस पदाधिकारी चकिया व चकिया थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम ने दिशा निर्देश के आलोक में वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को चकिया से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सिम धारक विवेक कुमार बताया गया। सिम धारक ने पुछताछ में बताया कि मेरे भाई के द्वारा एक धर्म विशेष पर अभद्र टिप्पणी कर वीडियो वायरल किया गया है। पुलिस चिन्हित व्यक्ति के गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

# 48 बंडल चोरी के बिजली तार के साथ पिकअप जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



पिकअप के साथ गिरफ्त में आरोपित

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** मोतिहारी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दरपा थाना क्षेत्र में दुबहा गांव से नरकटिया आदापुर सड़क के समीप एक पिकअप खड़ी हैं। जिसपर बिजली का तार लदा हुआ है, जो मोतिहारी की तरफ जाने वाली है। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल व दरपा थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। दिशा निर्देश के आलोक में पुलिस ने छापामारी कर एक पिकअप लदे 48 बंडल बिजली तार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर किया। गिरफ्तार अपराधी भोजपुर जिला कोईलवर थाना क्षेत्र के मैनुल हक उर्फ मुन्ना बताया गया। छापामारी दल में धीरेन्द्र कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल, उमाशंकर माझी थानाध्यक्ष दरपा, मोहन कच्छप सहित दरपा थाना के रिजर्व पुलिस बल शमिल थे।

# रफ्तार : अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहटा।** थानाक्षेत्र में बीते देर शाम को बिहटा - लई मुख्य सड़क मार्ग में थानाक्षेत्र के राजपुर गांव के सूर्य मंदिर के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंदा डाला। मौके पर युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के समस्तु गांव निवासी स्व. विश्वनाथ पासवान के 20 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। मौत की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि बाइक सवार युवक बिहटा स्थित एक टेलर के यहां करीब दो साल से दुकान के मालिक को घर छोड़ने का मुख्य काम करता था। देर शाम को जितेंद्र कुमार मालिक को घर छोड़ कर वापस बाइक से अपना घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक टेलर के यहां रहकर अपने परिवार का भरण पोषण करने का काम करता था। थाना प्रभारी सुनील कुमार जयसवाल ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत होने की सूचना प्राप्त हुई हैं। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया ह। साथ ही अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई किया जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहटा।** दानापुर रेल मंडल के बिहटा रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक की पहचान विकास कुमार का पुत्र गोलू कुमार के रूप में हुई है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अस्पताल भेज दिया है इस संबंध में जीआरपी थानाप्रभारी ने बताया की पोल संख्या 571/01और 03 बीच ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हुई है फिलहाल शव की पहचान कर लिया गया है।

## दूल्हे की गाड़ी नहर में पलटी, देवदूत बने ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले के केसरिया थाना क्षेत्र में बारात लेकर निकले दूल्हे की गाड़ी पानी भरे नहर में पलट गई जिसमें दूल्हा समेत पांच लोग सवार थे। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों की इसपर ननजर पड़ी। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार का शीशा तोड़ा, फिर दूल्हा सहित सभी लोगों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। घटना केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर-कोटवा रोड की है। नहर में गाड़ी पलटने के बाद पानी के तेज बहाव में कार बहने लगी। तभी कार में सवार लोग शोर मचाने लगे। तबतक पीछे से आ रही बारात की अन्य गाड़ियां भी पहुंच चुकी थी। स्थानीय ग्रामीण ने मौके पंहुचकर काफी मशक्कत के बाद डुबते हुए उन्हे निकाला।

# सिमुलतला आवासीय विद्यालय का कक्षा छह प्रवेश परिणाम जारी, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहटा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय के कक्षा छह में नामांकन के लिए लिए गए मुख्य प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। टॉप टेन में एक बार फिर से पटना के बिहटा आवासीय बाल प्रतियोगिता निकेतन के छात्र छात्राओं ने बाजी मारी है। प्रतियोगी परीक्षा में पुरे बिहार में टॉप करनेवाले छात्र गोविंद राज पटना जिले के बिक्रम का रहनेवाला है जबकि दूसरे स्थान पर आदित्य नौबतपुर का निवासी है। छात्राओं में निहारिका राज ने बिहार टॉप किया है जो गया की रहनेवाली है और सेकंड स्थान पर शाक्षी रानी नालंदा की रहनेवाली है, शेष सभी सेकंड और थर्ड इसी विद्यालय में रहकर परीक्षा की तैयारी करते थे। बताते चलें कि पिछले वर्ष भी इसी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बिहार टॉप किया था कुल एक सौ बीस सीटों में से 37 छात्र छात्राएं इसी स्कूल के हैं। रिजल्ट के बाद विद्यालय में खुशी की लहर है, बच्चे एवं शिक्षक एक दूसरे को बधाई दे रहें हैं विद्यालय के प्राचार्य राम विनय सिंह ने रिजल्ट पर खुशी जताते हुए उतीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य ने बताया कि इस सफलता में स्कूल की पूरी टीम की भागेदार है जिन्होंने कोर्स को गंभीरता से बच्चों को पढ़ाया।1990 में स्थापित इस विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया है। चिकित्सीय जांच के बाद सारे बच्चों का एडमिशन सिमुलतला में शुरू हो जायेगा। सफल छात्रों को बधाई देनेवालों में विद्यालय प्रबंधन प्रभारी निशांत कुमार, रमिता सिन्हा, उप प्राचार्य ब्रजेश कुमार आदि शामिल रहे।

# हथियार का भय दिखाकर अपराधियों ने बोलेरो व मोबाइल लूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस सर्किल क्षेत्र के माधोपुर गांव से परसागढ़ जाने वाली सड़क पर माधोपुर गांव में बोलेरो चालक से अनुरोध कर रीठ गांव में जाने के लिए बोलेरो पर सवार हुए तीन युवकों ने चालक को हथियार का भय दिखकर रीठ गांव में बोलेरो लूट लिया। इस दौरान अपराधियों ने हथियार का भय दिखकर चालक की मोबाइल फोन भी लूट ली। बोलेरो लूटने के बाद अपराधी बोलेरो को लेकर परसागढ़ बाजार गांव की ओर फरार हो गये।

बताया जाता है कि एकमा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी बोलेरो चालक चंदन कुमार यादव एकमा से माधोपुर गांव होते हुए परसागढ़ बाजार जा रहा था। इसी दौरान माधोपुर गांव स्थित गंडक नहर सड़क पुल के समीप पहले से खड़े तीन युवकों ने चालक से अनुरोध कर रीठ गांव में जाने के लिए बोलेरो पर सवार हो गए। बताया जाता है कि रीठ गांव में सुनसान सड़क पर चालक चंदन कुमार यादव को हथियार का भय दिखकर बोलेरो व मोबाइल लूट लिया। सूचना मिलने पर एकमा थाने की पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए सात घंटे में लूटी गई बोलेरो वाहन को परसागढ़ बाजार से हुस्सेपुर गांव जाने वाली सड़क पर बरामद कर लिया। इस संबंध में आसपास के लोगों ने बताया कि पकड़े जाने के भय से अपराधियों ने संध्या में बोलेरो को सुनसान जगह पर छोड़कर रीठ गांव की ओर पैदल फरार हो गए। इससे संबंधित एकमा थाने में केस दर्ज कराया गया है। वहीं पुलिस मामले में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## नौ मार्च को अमित शाह की होने वाली रैली को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** भाजपा के पूर्वी मंडल की बैठक चढ़ोस पैक्स गोदाम में मंडल अध्यक्ष नारायण कुमार के अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के प्रभारी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा शामिल थे। जिसमें लाभार्थी कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान 9 मार्च को पालीगंज कृषि फार्म में अमित शाह का होने वाली रैली की तैयारी हेतु विचार विमर्श किया गया।

# अंचल निरीक्षक ने नवनिर्मित हरपुर थाने का किया उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड अंतर्गत हरपुर में रविवार को नवनिर्मित थाना का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन छौडादानों के अंचल पुलिस निरीक्षक धनंजय कुमार ने किया। उद्घाटन के बाद थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि व्यवस्था के साथ साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी। साथ ही थाना में हर कांड दर्ज किया जाएगा, व लोगों की सारी समस्याएं सुनी जायेंगी साथ ही त्वरित कार्रवाई की जायेगी। थाना बनने से ग्रामीणों में काफी खुशी है। मौके पर एसआई विजय कुमार व हरे राम प्रसाद आदापुर थाना एसआई कन्हैया सिंह मुखिया सुमीर कुमार, बेलवा मुखिया जितेंद्र सिंह, चंदर मुखिया, सरपंच तेजामुल हक, डीलर शुशेष कुमार, सशस्त्र सीमा बल के 71वीं बटालियन नायक टोला सहित अन्य सभी ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने मुफ्त जांच शिविर का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)। नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य से नगरवासियों के लिए ईस्ट चंपारण लायंस क्लब ने रविवार को मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया। महीने के प्रत्येक रविवार को मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया किया जाता है। शिविर डॉ परवेज हॉस्पिटल में सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे तक हुआ। हार्ट के लिए ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज (मधुमेह) जांच के लिए कुल 96 लोगों की जांच की गई। जांच कैंप में शहर के कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर परवेज अजीज के मौजूदगी में उनके डॉक्टर टीम के द्वार ईसीजी तथा ब्लडप्रेशर की जांच की गई। वहीं लाइफ स्पोर्ट दायग्नोस्टिक, गांधी कंम्प्लेक्स के लायन पंकज कुमार तथा लैब के टेक्नीशियन टीम के द्वारा डायबिटीज की जांच की गयी। अधिकांश मरीजों को डॉक्टर परवेज अजीज के द्वारा परामर्श भी दिया गया। क्लब द्वारा जरूरतमंदों जैसे चलते राहगीर, सुबह टहलने वाले, ई-रिक्शा, ऑटो वाले एवं अन्य लोगों को निःशुल्क जांच कराने एवं परामर्श की सूचना ध्वनि विस्तारक यंत्र से दी गई थी। मौके पर लायन डॉ परवेज अजीज ने बताया कि कोरोना के बाद हार्ट पेशेंट की संख्या ज्यादा बढ़ गई है, इसको देखते हुए प्रत्येक रविवार को ईसीजी निःशुल्क हॉस्पिटल के टेक्नीशियन टीम के द्वारा क्लब के बैनर तले किया जा रहा है। क्लब अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मानव की सेवा करना है। इसी के तहत डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं ईसीजी जांच कैंप का आयोजन लगातार किया जा रहा है। आगे भी हर महीने के पहले, तीसरे एवं पांचवें रविवार को डॉ परवेज हॉस्पिटल तथा दूसरे और चौथे रविवार को लाइफ सपोर्ट डायग्नोस्टिक लैब गांधी कांप्लेक्स, भाजपा कार्यालय के बगल में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन होता रहेगा। शिविर में कोषाध्यक्ष अमित कुमार सेन, मनोज जायसवाल, अजीत कुमार नन्हे, अनिल कु.वर्मा, संजीव कुमार, मनीष कु.झा, सोनल सरस्वती मौजूद थे।

# मुंबई में मोतिहारी का जलवा सम्मानित हुईं कई फिल्मी हस्तियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** मुम्बई में भोजपुरी सिनेमा के प्रसिद्ध अवार्ड समारोह 'ग्रीन सिनेमा अवार्ड' समारोह में मोतिहारी का जलवा बरकरार रहा। समारोह में फिल्म निर्देशक के रुप में बिहार के चर्चित अभिनेता निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना व अमित सर्राफ पुनः सम्मानित हुए। इस वर्ष का यह दूसरा बड़ा सम्मान था। मुम्बई के मीरा रोड स्थित भारत रत्न स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में संपन्न हुए प्रतिष्ठित 'ग्रीन सिनेमा अवार्ड' समारोह में भोजपुरी सिनेमा जगत से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के दर्जनों मशहूर हस्तियों को सम्मानित किया गया। जिनमें सुप्रसिद्ध अभिनेता अवधेश मिश्रा, संजय पाण्डेय, चिंटू पाण्डेय, देव सिंह, मटरू सिंह, श्यामली श्रीवास्तव, रिंकू भारती गोस्वामी, निर्माता निशांत उज्ज्वल, पीआरओ संजय भूषण पटियाला गायिका प्रियंका सिंह एवं लेखक वीरू ठाकुर समेत फिल्म निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों के दर्जनों लोगों को सुप्रसिद्ध निर्देशक राजकुमार आर पाण्डेय एवं रजनीश मिश्रा के द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डा. राजेश अस्थाना, निशांत उज्ज्वल व अमित सर्राफ बिहार के मोतिहारी के रहनेवाले हैं। कार्यक्रम के आयोजक विजय पाण्डेय और चर्चित पुरुष उद्घोषक धरम दुबे व महिला उद्घोषक अभिनेत्री श्यामली श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से प्रतिष्ठित 'ग्रीन सिनेमा अवार्ड' समारोह का आयोजन किया जा रहा है और यह छठा आयोजन है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मे यह अवार्ड समारोह सम्पन्न हुआ।

## कोटवा में डिजिटल बाजार का शुभारंभ

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** कोटवा स्थित राय एंड सन्स पेट्रोल पंप के समीप डिजिटल बाजार का नया प्रतिष्ठान का रविवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। डिजिटल बाजार का उद्घाटन किसान श्री से सम्मानित वीरेंद्र सिंह एवं रामभजन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि अब एक छत के नीचे फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक समान सस्ते एवं सुविधाजनक रूप से लोग खरीद सकेंगे। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर राजीव रंजन एवं कुमार ओंकार ने बताया कि अब फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के लिए किसी को दूर दराज जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की लाभार्थी जनसंपर्क कार्यशाला को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** दुल्हिनबाजार प्रखंड के निसरपुरा गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी जनसंपर्क कार्यशाला का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा संयोजक विनोद कुमार तथा संचालन मंडल अध्यक्ष जीत कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम के पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा ने एक से चार मार्च तक बृहद स्तर पर चलाए जाने वाले लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता को लाभार्थियों के घर-घर जाना है और मोदी सरकार द्वारा गरीब के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनका अनुभव प्राप्त करना है। विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा के लिए समर्थन मांगना है। वही इचीपुर गांव में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अभिमन्यु कुशवाहा ने किया। मौके पर अभिमन्यु ने बताया कि भारत के गृह मंत्री अमित शाह का आगमन दिनाक 9 मार्च को पालीगंज में होने जा रहा है। जिसमे लोग ज्यादा से ज्यादा भाग ले। साथ ही उन्होंने बताया कि बैठक जा मुख्य उद्देश्य मोदी सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाभ लेनेवाले लाभार्थियों से भाजपा कार्यकर्ता को सम्पर्क करना है।

मौके पर भाजपा के पटना जिला महामंत्री नीरज तिवारी, मंडल महामंत्री कुन्दन कुमार, रामनिवास सिंह, सूर्य मोहन सिंह, महेश यादव, सिन्धु सिंह,जय प्रकाश, मनोज सिंह, गुंजन, रंजीत, रमेश महराज, विनय, जितेन्द्र, निरज, अजीत सिह, जिला अध्यक्ष धमेन्द्र कुमार, जिला प्रभारी विशन, सुनील सिह, अजेश कुमार, कृष्ण मोहन पासवान, अभय सिंह, महेश सिह, श्री निवास सिह व रमेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज।** थाना क्षेत्र के बालीपाकड़ गांव में दो पक्षो के बीच हुए मारपीट के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिहटा थाना क्षेत्र के दोघडा गांव निवासी हरि मिस्त्री की पुत्री प्रतिभा कुमारी की शादी वर्ष 2016 में पालीगंज थाने के बालिपाकड़ गांव निवासी योगेंद्र मिस्त्री के पुत्र आनन्द शर्मा के साथ हुआ था। प्रतिभा ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालवालों ने दहेज को लेकर प्रताड़ित कर मारपीट करना शुरू कर दिया था। मायके वालों ने मेरे पति तथा ससुर को समझने का बहुत प्रयास किया लेकिन नही माने। कुछ दिनों पूर्व मेरे साथ मारपीट की गई। जिसकी सूचना पाकर मायके से मेरे तीन भाइयों ने बालीपाकड़ गांव स्थित मेरे घर आए। उसी दौरान ससुरालवालों व मायकेवालों के बीच कहा सुनी होने लगा। कहा सुनी के दौरान मेरे ससुराल वालों ने मेरे मायके से आए तीन भाइयों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसमे विकास कुमार, प्रकाश कुमार व बिक्रम कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। वह ससुरालवाले पक्ष के लोगों ने भी मारपीट होने की बात कही है जिसमे आनन्द कुमार, कृष कुमार, उपेन्द्र मिस्त्री, राहुल कुमार व सरिता देवी गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही ससुरालवाले घायलों का इलाज पालीगंज अनुमंडल अस्पताल व मायकेवाले पक्ष के घायलों का इलाज पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

# चैतन्य शोभायात्रा आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तीकरण और शांति का देती है संदेश: उप महापौर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**छपरा (सारण)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छपरा शाखा की ओर से महाशिवरात्रि महापर्व के अवसर पर रविवार को छपरा शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से जुड़े सैकड़ों भाई-बहन अपने हाथों में कलश और शिव बाबा का ध्वज लिए यात्रा में शामिल हुए। इस शोभायात्रा में शक्तिपुंज शिवलिंग, भारत माता, रथ पर सवार लक्ष्मी नारायण एवं राम सीता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसका विधिवत शुभारंभ छपरा नगर निगम की उप महापौर रागिनी कुमारी एवं राजयोग केन्द्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी के द्वारा संयुक्त रूप से शिव बाबा का पूजन और नारियल फोड़ने के बाद शिव बाबा का ध्वज एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। शोभायात्रा छपरा शहर के गुदरी राय के चौक स्थित राजयोग सह सेवा केंद्र से निकलकर शहर के निचले मार्ग के कटरा, बहुरियाकोठी, एसडीएस कॉलेज, अस्पताल चौक, डाक बंगला पथ होते हुए रामराज्य चौक, नारायण चौक, थाना चौक, साहेबगंज, कटहरी बाग से मेवालाल चौक, मौना चौक होते हुए नगरपालिका चौक, बस स्टैंड, दरोगा राय चौक, भरत मिलाप चौक होते हुए भगवानबाजार थाना रोड से वापस केंद्र पर आकर समाप्त हुआ।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता धर्मनाथ पिंटू, डॉ बृजभूषण, पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, रंजीत भोजपुरिया, प्रिंस कुमार, बीके प्रियांशु बहन, भाई अविनाश, भाई सचिन, भाई प्रशांत, सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

चैतन्य शोभायात्रा आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और शांति का देता है संदेशः उप महापौर इस दौरान उपमहापौर रागिनी कुमारी ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय इकाई छपरा के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष निकलने वाला शिव बारात सह चैतन्य शोभायात्रा छपरा शहर ही नही बल्कि राज्य और देश के लिए आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और शांति का संदेश देने वाला है। कहा भी गया है कि निराकार परमात्मा शिव को याद करने से जीवन को मुक्ति मिलती है। वहीं शिवरात्रि का यह त्यौहार अज्ञान के अंधकार की रात्रि को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश लाने वाला यादगार पर्व है। जिस कारण हम सभी को इस पावन पर्व के अवसर पर अपने मन के अंदर और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए।

CMYK

# उमंगेश्वरी महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को मिलेगी प्राथमिकता : डीएम

## 8 एवं 9 मार्च को होगा महोत्सव का आयोजन, डीएम एवं डीडीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर।** दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उमगा में एक समीक्षा बैठक की। बैठक में महोत्सव के तैयारी एवं मंदिरों के सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महोत्सव का आयोजन आगामी 8 एवं 9 मार्च को होगा। इस दौरान 48 लाख की लागत से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, शौचालय, पेवर ब्लाक लगाने, सिढियो एवं मंदिर के अंदर एवं बाहर लक्खा ग्रेनाइट पत्थर मार्वल लगाया जाएगा। इसके लिए बैठक में प्राक्कलन तैयार करने का निर्णय लिया गया है। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दिया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत प्रतिनिधियों, सभी मुखिया, सरपंचों एवं पंचायत समिति सदस्यों को कार्यक्रम से संबंधित आमंत्रण पत्र दें, ताकि उन्हें अपनापन की भावना महसूस हो सके। डीडीसी अभ्येन्द्र मोहन सिंह ने कहा कि जिला परिषद विकास निधि मद से सार्वजनिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तावित है। सूर्य मंदिर में लक्खा ग्रेनाइट एवं चबुतरा तथा सिढियों में काले रंग का ग्रेनाइट लगाने व सांस्कृतिक मंच की मरम्मति कार्य कराने का निर्देश दिया। इस वर्ष महोत्सव में प्रख्यात कलाकारों को भी बुलाया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित कुमार, वरीय अधिवक्ता प्रेमेन्द्र कुमार मिश्र, सीओ अकबर हुसैन, थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रधान पुजारी बालमुकुंद पाठक, बेरी मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, राकेश सिंह, मुखिया विवेक कुमार गुप्ता, हेमंत कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अजय पाठक, दिलीप पाठक, जनेश्वर राम सहित अन्य मौजूद थे।

## संपत्ति कर नहीं देनेवाले 784 लोगों को निगम ने किया डिफॉल्टर

**पटना।** घोषित नगर निगम ने मिशन-30 के तहत 31 मार्च तक सभी बकायदारों से संपत्ति और कचरा शुल्क वसूलने के लिए अभियान चला रखा है। सभी वार्डों से संपत्ति कर के बड़े बकायदारों की सूची तैयार की है, जिसमें से 784 लोगों को डिफॉल्टर घोषित किया है। ये ऐसे लोग हैं जिनके पास निगम की ओर से कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया गया। ऐसे लोगों के घर पर अब नगर निगम की टीम जा रही है। संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर घर की कुर्की की कार्रवाई भी होगी। सभी 75 वार्डों में डिफॉल्टर घोषित किए 784 संपत्ति मालिकों पर निगम का 50-50हजार रुपए से अधिक की राशि बकाया है। इन बकायदारों सेटैक्स की वसूली के लिए बनाई गई विशेष टीम में राजस्वकर्मी के साथ सफाई इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर और पदाधिकारी भी शामिल हैं। बकायेदार यदि टैक्स के भुगतान के लिए तैयार नहीं होत हैं तो इन पर नियामानुसार कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

## हार्डवेयर दुकान में चोरी, तीन आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज कासमा पथ के पचार गांव के समीप छड़ सीमेंट प्लम्बर दुकान में सामान सहित कुल 95 हजार रुपए की सामग्री की चोरी कर ली गई। इस मामले में दुकान मालिक राजा बगीचा निवासी नंदलाल कुमार ने राजा विगहा के मनीष राज, गोलु कुमार, गया जिला का कोंच थाना क्षेत्र के पांडये पोखर वर्तमान में गुरारू थाना क्षेत्र के बगडीहा कबाड़ा दुकान निवासी चंद्रदेव यादव को नामजद आरोपित बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि 24 फरवरी की रात्रि में दुकान के पीछे बांस बल्ली बांधकर उक्त आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया था काफी छानबीन करने पर जानकारी मिल की कबाड़ा दुकान के चंद्रदेव यादव के कहने पर उक्त आरोपियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है और ग्राहक ढूंढ कर तीनों मिलकर सामान की बिक्री कर देते हैं। थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिक की दर्ज कर गुरारू थाना के बगदीहा गांव में चंद्रदेव यादव के कबाड़ा दुकान में छापामारी किया गया। उक्त दुकान से चोरी किया गया 09 पीस सिंक नल, दो पीस टू इन वननल, 16 पीस बेसिंग नल, एक पीस टोटी नल, 02 कैन्सिल वॉल्व बरामद किया गया तथा चंद्रदेव यादव को गिरफ्तार किया गया। साथ इसी निशानदेही पर मनीष राज एवं गोलु कुमार को गिरफ्तार कर सभी को जेल भेज दिया गया है।

## निजी विद्यालय संचालक के घर चोरी करने गए चोर को किया पुलिस के हवाले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** निजी विद्यालय संचालक के घर चोरी करने गए एक चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस मामले में निजी विद्यालय संचालक आरबीआर हाई स्कूल गली निवासी गिरीश सिंह ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया। जिसमें उल्लेख किया है कि रात्रि लगभग 11:55 बजे आवाज सुनाई पड़ा तो अपने आसपास के लोगों को फोन करके जगाया। पड़ोसी के सहयोग से घेराबंदी करने लगा तो हम लोगों का आहट जानकर तीन व्यक्ति मेरे घर के खिड़की से आगे भागने लगे। दो व्यक्ति भागने में सफल रहा तथा एक व्यक्ति पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर चंदौल गांव निवासी गौरव कुमार अपना नाम बताया। जिसे पड़कर थाना के सुपुर्द किया गया। इन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि कुछ दिन पूर्व मेरे घर से डेढ़ लाख रुपए का तांबा का पाइप चोरी हुआ था। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि गौरव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सार्वजनिक शौचालय का हुआ उद्घाटन, स्थानीय लोगों में खुशी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** स्थानीय बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय का जिला परिषद सदस्य चंदा प्रवीण ने उदघाटन किया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि एकलाख खान, रिटायर्ड शिक्षक नागेश्वर राम, रालोमो नेता देवनारायण यादव, धर्मेंद्र कुमार लाला, राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बताया जाता है कि सार्वजनिक शौचालय का निर्माण योजना मद षष्टम वित्त आयोग के 22-23 से निर्माण कराया गया है। स्थानीय लोगों द्वारा यहां पर शौचालय निर्माण करने की मांग की जा रही थी। जिला परिषद सदस्या ने कहा कि सार्वजनिक जगहों पर शौचालय का होना जरूरी है। खासकर महिला यात्रियों को अधिक परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए इसका निर्माण कराया गया है। जिला परिषद चंदा प्रवीण ने कहा कि इसके पहले धोबी घाट मोड़ के समीप सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जो स्थानीय लोगों के विरोध के कारण संभव नहीं हो पाया था। उन्होंने सार्वजनिक शौचालय उद्घाटन के उपरांत उपयोग के लिए आम जनता को चाभी सुपूर्द कर दिया।

## अनियमित मौसम व रिमझिम बारिश से फसलों का नुकसान, किसान मायूस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार दो दिनों से मौसम के बदलने से किसानों को अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अनियमित मौसम, मिजाज का बदलाव और रिमझिम बारिश से फसलों को नुकसान होता हुआ नजर आ रहा है। इससे किसान काफी चिंतित एवं मायूस होते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रखंड क्षेत्रों के किसानों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि अनियमित बारिश होने से दलहन एवं तेलहन जैसी फसलों को काफी नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रखंड के आत्मा अध्यक्ष विनय पटेल, किसान राजेन्द्र वर्मा, रामजन्म सिंह, बलिराम शर्मा, जयंत किशोर शर्मा, बृजकिशोर तिवारी, पुरषोत्तम शर्मा सहित दर्जनों किसानों ने कहा कि इस तरह के बारिश होने से किसानों की मेहनत का पूरा मूल्य नहीं मिल पाता है और इसके अलावा किसानों की आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित कर सकता है।

# शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों का होता है बौद्धिक क्षमता का विकास



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण पर रविवार को हरी झंडी दिखाकर ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल बोधगया के लिए कस्तूरबा विद्यालय के संचालक सह राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमलेश कुमार केशरी ने रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना से छात्राओं का बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। ऐतिहासिक स्थलों का देखने से महत्वों की जानकारी मिलती है। छात्र-छात्राओं को विद्यालय में रहते मन उबाऊ हो जाता है। शैक्षणिक परिभ्रमण से बाहरी वातावरण का समझने-बुझने तथा अनुश्रवण से मनोबल बढ़ता है। ज्ञानार्जन होता है, शैक्षणिक परिभ्रमण दल का नेतृत्व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के वार्डेन प्रीति कुमारी ने किया। दल में मीना देवी, शकुन्तला कुमारी, रंजू कुमारी एवं सियाराम यादव आदि शामिल थे।

## बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने पर बल

**दाउदनगर (औरंगाबाद )।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवशंकर झा ने उनके कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कहा गया कि स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर तरीके से स्वास्थ्य उपकेंद्रो पर आम जनता को लाभ पहुंचायें। गर्भवती महिलाओं की जांच, आरसीएच पोर्टल पर अपलोड करने, नियमित टीकाकरण, डिजिटल माइक्रोफ्लान को अद्यतन करने यू-विन पोर्टल पर अपलोड करने से संबंधित दिशा निर्देश दिये गये।

## दारोगा की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बारुन (औरंगाबाद)।** बारुन थाना परिसर में शनिवार की देर शाम सेवानिवृत दारोगा उमेश पासवान के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष कुमार सौरभ व संचालन एसआई अजीत कुमार सिंह ने किया। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने कहा कि उमेश पासवान 39 वर्ष 11 महीने पुलिस में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि इनके कार्यकाल से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये ऐसे अधिकारी हैं जिनके ऊपर सेवा के प्रारंभ से लेकर विदाई समारोह तक पुलिस विभाग के द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। यह प्रत्येक पुलिसकर्मियों एवं विभाग के लिए बड़ी बात है। विदाई समारोह के मौके पर उमेश पासवान के साथ काम किये एसआई अजीत कुमार सिंह, दिनेश मंडल, मनोज सिन्हा, निधि कुमारी एवं रिमझिम कुमारी ने अपने संस्मरण साझा किए। मौके पर एएसआई धर्मेंद्र यादव, एसआई बाबधन राम, शत्रुघ्न भगत, नरेंद्र प्रसाद, उमेश महतो, कपिलदेव, पीएसआई दीपक कुमार राय, पीटीसी परमानंद यादव, रामलक्ष्मण प्रसाद, शम्भु महतो, मुंशी रविंद्र कुमार समेत सैप एवं बिहार पुलिस के सभी जवान उपस्थित रहे।

# सोल्लास मनाया गया वीर लोरिक जयंती गाथा समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज।** रफीगंज के डाकबंगला मैदान मे वीर लोरिक जयंती गाथा समारोह मनायी गयी। समारोह का शुभारंभ लोरिक के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षता डॉ. तुलसी यादव एवं संचालन विनोद कुमार ने किया। मौके पर बारून के प्रमुख विजय यादव एवं गया के पूर्व विधायक महेश सिंह यादव के पुत्र डॉ. कुमार जितेंद्र सहित अन्य अतिथियों को डॉ. तुलसी यादव ने अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। मगध सम्राट बिरहा गायक सुदर्शन यादव ने लोरिक के जीवनी पर आधारित बिरहा गीतों की प्रस्तुती दी। उनके होली गीतो का लोगों ने आनंद उठाया। वायरल गर्ल सोनाली एवं सृष्टि ने दहेज एवं शराब मुक्ति पर गीत गायी। डॉ. तुलसी यादव, प्रमुख विजय यादव, डॉ. कुमार जितेंद्र, सिद्धी यादव सहित कई वक्ताओं ने वीर लोरिक की जीवनी पर प्रकाश डाला। डॉ. तुलसी यादव ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को बलवान एवं विद्वान बनाना है। इस अवसर पर किशोरी मोहन, कृष्ण देव राम, डॉ. विकास, डॉ. अखिलेश, अजय ठाकुर, रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र यादव, अनुज यादव, सुभाष यादव ,मुन्ना यादव, रविंद्र कुमार, विरेंद्र यादव, राजेन्द्र यादव, परिखा यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने को उमड़ी भीड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के वार्ड संख्या आठ जन वितरण प्रणाली विक्रेता नीरज कुमार के पास ब्लॉक कोऑर्डिनेटर लवकुश कुमार के द्वारा आयुष्मान भारत कार्ड बनवाया जा रहा है। एक शिविर का आयोजन कर आयुष्मान भारत कार्ड बनाया गया। जन वितरण प्रणाली विक्रेता नीरज कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का इलाज मुक्त मे किया जाएगा।

## कविता हमेशा अपने समय के साथ करती है मुठभेड़

### जन हुंकार मंच ने ऑनलाईन कार्यक्रम के जरिये कई कवियों को लाया एक मंच पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** जन हुंकार मंच का 12 वां ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.अलखदेव प्रसाद 'अचल' ने की जबकि संचालन युवा कवि जितेंद्र कुमार चंचल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व समीक्षक डॉ. अली इमाम खां ने कहा कि कविता हमेशा अपने समय के साथ मुठभेड़ करती है। कविता का काम न सिर्फ पाठकों को उद्वेलित करना होता है, अपितु समस्या के समाधान भी ढूंढना होता है। यह सब उसी कवि की कविताओं में मिल सकेगा, जो जनवाद में विश्वास करता है। बोकारो से जुड़े वरिष्ठ कवि कुमार सत्येंद्र ने आज के हालात को दर्शाते हुए सुनाया- हत्याओं के इस दौर में/ खेत- खलिहान/ घर - दालान/ सब हैं वीरान। वहीं नवादा से जुड़े प्रगतिशील कवि शंभू विश्वकर्मा ने समाज के विद्वेष को दर्शाते हुए सुनाया कि सर कलम हमने किया इल्जाम है इतिहास में/ दोष सिद्धि के लिए अकबर कभी आया नहीं। दाउदनगर से जुड़े शायर डॉ. एजाज दाउदनगरी ने समाज में समानता का संदेश देते हुए कहा कि दिल से नफरत निकालकर जीना/ खुद को उल्फत में ढालकर जीना। वहीं औरंगाबाद से जुड़ी शायरा अंजुम आरा ने मानवता पर हो रहे हमले को दर्शाते हुए सुनाया कि हमने तो यकीं उसकी शराफत पे किया है/ लेकिन ओ छुपाकर के था खंजर नहीं देखा। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रो अलखदेव प्रसाद 'अचल', डॉ. राजेश कुमार विचारक, जितेन्द्र कुमार चंचल ने भी अपनी-अपनी कविताएं सुनाई। कार्यक्रम में गोपाल प्रसाद, डॉ. सत्यदेव सिंह, साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी, देवेन्द्र कुमार, प्रेम कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

■ कविता का काम न सिर्फ पाठकों को उद्वेलित करना होता है, अपितु समस्या के समाधान भी ढूंढना होता : डॉ. अली इमाम खां

## नि:शुल्क कोचिंग के लिए 10 मार्च तक आवेदन

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की देखरेख में संचालित होने वाले मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले निःशुल्क कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हर महीने ?1000 की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके अलावा 2 साल में प्रत्येक छात्रों को 24 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस निःशुल्क कोचिंग में पढ़ने के लिए विद्यार्थी 10 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उनका चयन इंटरव्यू और लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। परीक्षा समिति ने कहा है कि बीएसइबी, सीबीएसई, आईसीएसई या अन्य बोर्ड के 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले वैसे विद्यार्थी, जो 11वीं कक्षा में बिहार बोर्ड से संबद्ध संस्थान में नामांकन लेने के इच्छुक हैं, वे भी इसमें पढ़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं।


## आरपीएफ-जीआरपी ने जब्त की 54 लीटर विदेशी शराब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के फतुहा में गश्ती कर रही आरपीएफ-जीआरपी ने ट्रेन संख्या 13424 की चेन पुलिंग के दौरान फतुहा और बंका घाट स्टेशन के बीच उतर कर जा रहे दो युवकों को रोका। पुलिस को देखते ही दोनों अपना पिट्ठू बैग छोड़कर भाग निकले। बैग की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई। जब्त की गई करीब 54 लीटर विदेशी शराब की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक है। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर बिनोद कुमार विश्वकर्मा, जीआरपी थानाध्यक्ष गनौरी दास और आरपीएफ-जीआरपी के जवान मौजूद थे। बता दें कि जवानों ने चैन पुलिंग कर भाग रहे दो युवकों को रोकना चाहा। जवानों ने दोनों को खदेड़कर पकड़ना चाहा। इस दौरान युवक शराब छोड़ मौके से फरार हो गए, जब आरपीएफ-जीआरपी के जवानों ने सभी बैग और थैले को चेक किया गया। चेकिंग में सभी बैग से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। वहीं, फतुहा आरपीएफ थानाध्यक्ष विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि भारी मात्रा में शराब की टेट्रा पैक समेत अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत 50 हज़ार रुपए से ज्यादा की है। राज्य में शराबबंदी कानून लागू होने की वजह से शराब जब्ती की सूची तैयार कर फतुहा जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया।

## महाशिवरात्रि पर 300 साल बाद बन रहा दुर्लभ योग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस साल शिवरात्रि 8 मार्च को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर इस बार 300 साल बाद खास त्रिकोण योग बन रहा है। यह शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और चर्तुग्रही योग का दुर्लभ संयोग है। इसके साथ ही शुक्रवार दिन होने के कारण शुक्र प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है। इस दुर्लभ योग और शुभ अवसर पर भगवान शंकर की पूजा करने से भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य मोहन ने बताया कि इस दिन कुंभ राशि पर शनि मूल त्रिकोण में बैठे हैं। इसके साथ सूर्य, चंद्रमा और शुक्र भी विराजमान है। इसके चलते चतुग्रही योग बन रहा है। महाशिवरात्रि के लिए निशिता काल पूजा का मुहूर्त चतुर्दशी तिथि में होना आवश्यक है। रात्रि का आठवां काल निशिता काल कहलाता है। रात्रि 9:58 बजे से 12:31 मिनट तक निशिता काल रहेगा। महाशिवरात्रि के दिन शहद से शिवलिंग का अभिषेक करना शुभ होता है। गन्ने के रस से शिव का अभिषेक करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

## फतुहा में अपराधियों ने युवक को मारी गोली, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के फतुहा में फोरलेन आरओबी से पहले सड़क किनारे एक 25 वर्षीय युवक को गोली मार दी गई। इससे उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। खून से लथपथ हालत में युवक की लाश मिली है। इसे पुलिस ने एनएमसीएच भेजवा दिया है, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार की देर रात गोली मारी गई है। सभी अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। यह घटना फतुहा दनियावां स्टेट हाइवे फोर लेन आरओबी के ठीक पहले की है। घटना की सूचना फतुहा थाने को स्थानीय लोगों ने दिया। सूचना मिलते ही पहले तो 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

## देवकुंड में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित ऐतिहासिक बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मंदिर की भव्य सजावट, रंग-रोगन, साफ-सफाई आदि का कार्य किया जा रहा है। महाशिवरात्रि को जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। महाशिवरात्रि को यहां विशेष पूजन होता है। जिसको लेकर मंदिर कमेटी द्वारा तैयारियां की जा रही है। दिन में यहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना करेंगे। वहीं रात को वैदिक वेदमंत्रों से रूद्राभिषेक कर शिव व शक्ति का अभिषेक करेंगे। मंदिर पुजारी संजय गिरी ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन बाबा दूधेश्वरनाथ की मंदिर में पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं को कच्चा दूध, पानी, धतूरा, आंक के सफेद फूल, भांग, बेलपत्र, शक्कर, घी, दही, शहद, अक्षत आदि से पूजा करना चाहिए।

# गोखुलपुर व कल्याण बिगहा थाने का डीएसपी ने किया उद्घाटन

## अपराध नियंत्रण में होगी सहूलियत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रंखड में रविवार को जिले के गोखुलपुर व कल्याण बिगहा थाना को सरकार के अधिसूचना के अनुसार अब पूर्ण रूप से थाना के रूप में नवसृजित कर दिया गया है। गोखुलपुर में इसका उद्घाटन यातायात सुनील कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। डीएसपी ने बताया कि सरकार के आदेश के आलोक में गोखुलपुर ओपी को थाना बनाया गया हैं। थाना बनने से लोगों को काफी सुविधा होगी। थानाध्यक्ष शिवम कुमार सुमन ने बताया कि वर्तमान में इस थाने में दो पंचायत के बोधनगर, चैरिया, गजपर, उमरचक, सतीस्थान, भाथा, संदलपुर, कटबिगहा, धिमोय, चिन्तामनचक, भथियार, मिराचक, गोकुलपुर, वाजीतपुर, बसनियावा, महिमाचक, तिसकुरवा, शाहपुर, अमेत्रा, गगटा, खरथुआ, महुआबाग, हरिहरपुर, दक्षिणीपुर, रामपुर व पकडिया बिगहा गांव ही शामिल है। थानाध्यक्ष व ग्रामीण संजय सिंह, रंजन सिंह, महेश प्रसाद सिंह, डॉ. सुधांशु, सुरेद कुमार अकेला आदि ने डीएसपी से बताया कि अब यह थाना हो गया। कहा आए दिन इस थाना क्षेत्र में कुछ और पंचायतों को भी जोड़ी जाए। जिसको लेकर ट्रैफिक डीएसपी मुस्कुराते हुए कहा अवश्य एसपी से समक्ष रखी जाएगी। डीएसपी ने कहा कि इस ओपी में जो भी मामला होता था उस मामले को हरनौत थाना में काण्ड दर्ज होती थी। अब यही थाना में ही मामला दर्ज होगा। शराब तस्करी, सड़क दुर्घटना, लूटपाट, छीनतई एवं विभिन्न प्रकार के घटनाओं पर लगाम लगेगी। और अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी। कल्याण बिगहा में भी सदर डीएसपी नुरुल हक ने फीता काट कर उद्घाटन किया। जहां सदर डीएसपी व थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है। जिसमें कल्याण बिगहा, बराह, महथवर, डिहरा, बलवापर, दलदलीचक, टाडापर सर्किल, कोलावा, सागरपर, वरूणतर, सिरसी, हसनपुर, बड़की आमर, छोटकी आमर, त्रिलोकी बिगहा, करीमचक बलवा, महमुद्पुर बलवा व गंगा बिगहा इस थाने क्षेत्र में आता है। उन्होंने बताया थाने में अपग्रेड होने के बाद इन इस ओपी को पूर्ण रूप से स्वायत्तता मिल जाएगी। इसके अलावा डायल-112 सेवा से भी इन थानों को टैग किया जाएगा। अब से केस रजिस्टर्ड होना शुरू हो जाएगा। मौके पर एसआई देवेंद्र पंडित, एएसआई सुनील कुमार, एएसआई गुलाब प्रसाद, एएसआई संजय कुमार पुरी, ग्रामीण बिहारी सिंह व पप्पू सिंह, सीटीएनएस अस्मिता कुमारी, डीएपी तनुजा कुमारी, डीएपी रिंकू कुमारी, डीएपी सोनम कुमारी, डीएपी बादल कुमार, रणवीर पासवान, मनोज, मनीष समेत अन्य मौजूद थे।



# निःशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के बराह गांव में रविवार को चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। समाजसेवी इंजीनियर अशोक सिंह ने बताया कि नारायण हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर संपतचक द्वारा बराह गांव के समीप तालाब पर आयुष्मान भारत निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र इलाके के 1000 से अधिक विभिन्न रोग से ग्रसित मरीजों का डॉक्टरों द्वारा जांच कर इलाज किया गया। शिविर के दौरान शिशु रोग, नाक, कान, गला, हीमोग्लोबिन स्त्री रोग, बीपी, शुगर एवं अन्य प्रकार की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई।

सभी मरीजों को मुफ्त में दवा भी दिया गया। जांच शिविर सुबह 10 बजे से शुरू हो गया था, जो करीबन देर शाम तक चलता रहा। शिविर के दौरान डॉ. मनीष कुमार, नितीश कुमार, रागिनी, अंजनी के अलावा दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

**गोड्डा।** गोड्डा जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव की तैयारी के लिए बसंतराय, पथरगामा एवं ठाकुरगंगटी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जेएसएलपीएस की महिला समूह की स्वीप कोषांग के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया। सुदूर इलाकों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए रंगोली, प्रभात फ़ेरी आदि का आयोजन किया गया। सहायता समूह की दीदियों ने निर्वाचन केन्द्रो के आसपास के गांव में मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि हम अपनी मनपसंद सरकार चुन सकते हैं जो आगामी 05 साल तक देश के लिए कानून बनाएंगे और कार्य करेंगे। गोड्डा के पथरगामा जनजातीय डिग्री कॉलेज में भी जागरूकता अभियान के तहत एनएसएस यूनिट 1 से 5 तक की इकाइयों ने छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को न्यू एजुकेशन पॉलिसी, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत आदि के बारे में भी बताया गया।

### धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी धराया

**बिहारशरीफ।** स्थानीय थाने में दर्ज प्राथमिकी 2022 में जमीन धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। प्राप्त सामाचार के अनुसार वादी -अश्वनी कुमार पिता स्व. सिद्धेश्वर प्रसाद ग्राम लोहराजपुर नालंदा द्वारा कतरीसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी नामजद वांछित अभियुक्त मुरारी कुमार पिता अरुण कुमार अम्बष्ट मोहल्ला सोहनकुआं रामचंद्रपुर थाना लहेरी जिला नालंदा थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि जमीन खरीद बिक्री के मामले में बहुत दिनों से फरार चल रहे आरोपी को गुप्त सूचना पर अम्बेर चैक बिहारशरीफ से गिरफ्तार किया गया।

### कार ने ट्रक में मारी जोरदार टक्कर, चार घायल

**कैमूर।** कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के कर्मा गांव के पास एनएच दो पर कार ने ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार ट्रक में फंस गई तथा करीब एक किलोमीटर तक घसीटते हुए चली गई। बगल से गुजर रहा है बाइक सवार ने ट्रक चालक को घटना के बारे में जानकारी दिया तब उन्होंने ट्रक रोक कर आसपास के लोगों की मदद से कर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची एनएचआई की टीम ने सभी घायलों को कुदरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों में बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि कार पर सवार दंपत्ति अपने दो बच्चों के साथ शादी समारोह में भाग लेकर वाराणसी से शिवसागर जा रहे थे। कार जैसे ही कर्मा के पास पहुंची चालक को झपकी लगी और गाड़ी पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।

# चुनाव को लेकर केन्द्रीय बलों की तैनाती शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** बिहार में सुपौल लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए केन्द्रीय बलों की तैनाती का काम प्रारंभ कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने आज बताया कि ITBP की एक कम्पनी कल शनिवार को यहां पहुंच गई है। जिनका ठहराव स्थल किशनपुर के पंचायत भवन में रखा गया है और फिलहाल वहीं से उनके तैनाती की प्रकिया शुरू कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि ITBP की एक कम्पनी की छोटी छोटी टीम बनाकर जिला पुलिस बलों के साथ अशांति की आंशका वाले क्षेत्रों में छापामारी और फ्लैग मार्च कराया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि कोसी तटबंधों के बीच मतदान केन्द्र वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च चलाएं जायेंगे। जिसकी शुरुआत आज किशनपुर पुलिस के साथ शुरुआत कर दी गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया सुपौल लोक सभा क्षेत्र नेपाल के बड़े भूभाग से जुड़ा हुआ इसलिए भारत - नेपाल सीमा क्षेत्र में भी छापामारी और फ्लैग मार्च किया जाएगा । साथ ही शराब माफिया की धड़पकड़ के लिए इनका सहयोग लिया जाएगा ।

# लाभार्थियों के घरों में जाकर किया गया संपर्क

## चुनाव में फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील

**संपर्क अभियान**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिले के आरआईटी मंडल अंतर्गत वार्ड संख्या 24 के ग्वालापाड़ा, इच्छापुर बस्ती में भाजपा द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लाभार्थियों के घरों में जाकर उनसे संपर्क किया गया और उनके विचारों एवं अनुभव को सुना गया। साथ ही उनके घरों में स्टीकर चिपकाकर 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया गया। यह अभियान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंहदेव के नेतृत्व में चलाई जा रही है। जिले के सभी मंडल एवं प्रखंड क्षेत्र में भाजपा द्वारा यह अभियान प्रारंभ की गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले दिन जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जिले के सभी प्रखंड एवं मंडल क्षेत्र में भाजपा द्वारा लाभार्थियों से संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर चुके लोगों से संपर्क कर उनका अनुभव लिया जा रहा है।

# बिहारशरीफ से शराबी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** रविवार को थाना क्षेत्र के थरथरी दादुपुर के बीच सड़क से तीन वर्षीय पुत्र को बेचने के आरोप में शराबी गिरफ्तार किया। सोमवार को जेल भेजा जाएगा। घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष पप्पु कुमार सिंह ने बताया कि मिल्कीपर दादुपुर गांव से कुछ महिला फोन कर सूचना दिया कि नबादा का रहने बाला एक शराबी तीन वर्षीय पुत्र को बेच रहा है। पुलिस जब घटनास्थल पर गई तो युक्त युवक मुकेश केवट नशे की हालत में बेहोश पड़ा हुआ था। उन्होनें कहा कि बच्चे को उसके परिजन को सुपुर्द कर दिया गया और युक्त शराबी को गिरफ्तार कर स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। जिसे सोमवार को जेल भेज दिया जाएगा।

# मिथिलांचल में धार्मिक पर्यटन को रोजगार से जोड़कर विकसित होने की है प्रबल संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** बिहार के नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार संजय कुमार झा का अभिनन्दन सह सम्मान समारोह का आयोजन ज़िला जदयू द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को सम्बोधित करते हुए सांसद ने उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार में सारी सीटें हमलोग जीतेंगे। मुझे नहीं लगता कि वे लोग एक भी सीट ले पाएँगे। बिहार विधानसभा का चुनाव अपने तय समय पर होगा। मिथिलांचल में धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक पर्यटन को सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही नहीं देखना चाहिए, अपितु आर्थिक दृष्टि से रोजगार की बड़ी संभावना इसमें है। निजी क्षेत्र के उद्योगपतियों को यहां निवेश के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे बिहार में उद्योग-धंधों में बढ़ोत्तरी हो और रोजगार मिलने के साथ ही आर्थिक स्थिति में सुधार हो। साथ ही नालन्दा या विक्रमशिला की तरह यहां भी शिक्षाकेंद्र रहा होगा, जिसकी खुदाई नहीं हो पाई है। आवश्यकता है कि आनेवाले समय में ऐसे स्थलों को चिह्नित कर खुदाई की जाए, जिससे मिथिलांचल का महत्व भी बढ़ेगा और विकास भी होगा। प्रेस वार्ता में जिला जदयू अध्यक्ष सत्येन्द्र कामत, जदयू उपाध्यक्ष सोनी कुमारी, पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय सहित जदयू के नेता उपस्थित थे।

# सांसद ने एमिनेंट डिजिटल्स के बीपीओ सेंटर का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में एमिनेंट डिजिटल्स का बीपीओ सेंटर खोला गया है। सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने एमिनेंट डिजिटल्स के बीपीओ सेंटर का उद्घाटन किया। बीपीओ सेंटर में चयनित युवाओं को सांसद ने नियुक्ति-पत्र सौंपा। सांसद ने कहा कि देवघर जैसे छोटे शहर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क कोई सोच भी नहीं सकता है, लेकिन आज देवघर भी आइटी सेक्टर में रोजगार देने वाला बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में कई कंपनियां बीपीओ सेंटर चालू कर चुकी हैं, जिसमें स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। देवघर जैसे शहर में सॉफ्टवेयर तैयार हो रहा है। एमिनेंट डिजिटल्स शुरुआत में 30 युवाओं को प्लेसमेंट दे रही है। दिसंबर तक 200 युवाओं को प्लेसमेंट देने की योजना कंपनी ने बनायी है। उन्होंने कहा कि भारत में सरकार के साथ-साथ प्राइवेट कंपनियों में भी वर्क कल्चर बदली है। आइटी कंपनियां सिर्फ बड़े-बड़े शहरों में नहीं, बल्कि रिमोट एरिया में भी रुख कर रही है।

# मंत्री ने नवनिर्मित ऊपरी कक्ष राजी पड़हा भवन का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा कुडू प्रखंड अंतर्गत विधायक निधि से नवनिर्मित ऊपरी कक्ष राजी पड़हा भवन का उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल हुए एवं पाहन पुजार द्वारा पारंपरिक पूजा पद्धति कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। यह हमारी पहचान है जिन्हे पुरखों ने हमे उपहार स्वरूप दिया है। आधुनिक युग में हमें अपनी पूजा, पद्धति, संस्कृति, धरोहर एवं आदर्शों को हृदय में संजोएं रखने की जरूरत है ताकि भावी पीढ़ी का भी धार्मिक सांस्कृतिक उत्थान हो सके। इसी क्रम में विधायक निधि से कुडु प्रखंड में राजी पड़हा भवन में कक्ष का निर्माण किया गया है।

वर्तमान युग में आदिवासियत बचाने की जरूरत है। पहला जमीन, दूसरा भाषा, तीसरा संस्कृति, हमें गर्व से कहना चाहिए की हम आदिवासी हैं। जब मैं सांसद था क्षेत्र बड़ा होने के कारण हमने अखड़ा का निर्माण कम बना पाया पर फिर से लोहरदगा की जनता ने मुझे विधायक के रूप में मौका दिया तब मैंने संस्कृति परंपरा को बचाने के लिए अब तक 170 अखड़ा का निर्माण कराया है और अभी 60 अखड़ा में सोलर लाइट भी लगाया जा रहा है, एवं जिले में 40 धुमकुडिया भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

हमने झारखंड सरकार के वर्तमान बजट में पास किया है कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में अखड़ा का निर्माण कराया जाए।

# बाजार एवं गांवों में अगलगी से बचाव को लेकर दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** बिहार अग्निशमन सेवा विभाग की ओर से अनुमण्डल क्षेत्र में आग से बचाव को लेकर अग्निशमन कर्मियों के द्वारा बाजार के अलावे गांव-गांव घूमकर आगलगी से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अग्निशमन पदाधिकारी रामअवध सिंह ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में अगलगी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने को लेकर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया है। वहीं बाजार के बड़े प्रतिष्ठानों में जाकर अग्नि सुरक्षा से सम्बंधित सुझाव दिए जा रहे हैं। इस दौरान बताया कि आगजनी की घटनाओं में कैसे बचाव किया जाए। साथ ही गैस सिलेंडर में आग लगने पर किसी भींगा हुआ सूती बोरा या कंबल से ढ़क कर आग बुझाई जा सकती है। अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि गर्मी के दिनों में सबसे अधिक अगलगी की घटनाएं खेतों में लगे फसलों में होती है। हम लोगों को किचन व अन्य स्थानों पर लगने वाली आग से बचाव के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने चाहिए।

नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आग से बचाव हेतु चूल्हा के समीप ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने, खेत व खलिहान में अलाव लगाते समय सुरक्षा का ध्यान रखने, आग लगने पर अग्निशमन विभाग के नंबर पर सूचना देने, आग बुझाने के लिए आसपास में पानी की व्यवस्था रखने एवं फूंस के घर में अलाव लगाने के दौरान ध्यान रखने की बातें लोगों को बताई गई। साथ ही अग्नि सुरक्षा से सम्बंधित पम्पलेट का भी वितरण दुकानदार समेत आम लोगों के बीच किया गया। बाजार में दुकानदारों को आग लगने से बचाव के लिए सबसे पहले सावधानी बरतने की बात कही है। साथ ही बताया गया कि जागरूकता व सावधानी से अगलगी की घटनाएं कम हो सकती है। यदि आग लग जाए तो धैर्य पूर्वक आग बुझाने का प्रयास करें। अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि अगलगी की घटना होने पर इसकी सूचना तत्काल अग्निशमन कार्यालय को देनी चाहिए। आग लगने पर अग्निशमन कार्यालय रजौली के मोबाइल संख्या 7485805892 पर कॉल करके आग लगने की सूचना दी जा सकती है। सूचना देने के बाद बाद अग्निशमन कार्यालय से अग्निशामक दस्तक टीम घटनास्थल पर भेजी जाती है।

खेत में लगी फसल में आकर घटनाएं दिसंबर व जनवरी माह के बाद से अधिक मिलने लगती है। ठंड से बचने के लिए अलाव जलाने के लिए कई बार गलती से आगजनी की बड़ी घटनाएं हो जाती है। अग्निशमन पदाधिकारी जानकारी देते हुए बताया कि फसल काटने तक बोरिंग पर पंपसेट तैयार हालत में रखना चाहिए। अगर खेत में आग लग गई हो तो फैलने वाले दिशा में थोड़ी दूर पर फसल काटकर भी आग को रोका जा सकता है।

खेत के आसपास बीड़ी सिगरेट आदि नहीं पिए और ना ही किसी को पीने दें। फसल के आस-पास यदि अलाव या चूल्हा जलाते हैं तो निगरानी के साथ इसके सभी आग को बुझाने के बाद ही वहां से हटें। पक्की फसलों के खेतों के अगल-बगल गिरने वाले पत्ते या झाड़ियों में आग नहीं लगाएं। इस प्रकार से बचाव के उपाय करने से आगलगी जैसी घटना से बचा जा सकता है। इस मौके पर अग्निक ऋषिमुनि देव के अलावे दर्जनों अग्निशमन कर्मी मौजूद रहे।






# लाभार्थियों से संपर्क कर हर घर दस्तक दे मोदी सरकार की उपलब्धियां बतायें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** प्रखंड अंतर्गत बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष में रजौली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक समपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य ने बताया कि बैठक शुरू होने के उपरांत सबसे पहले हम सभी के प्रेरणादायक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजलि दिया गया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि आज की बैठक में केन्द्र से आये लाभार्थी सूची के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों के नाम, मोबाइल नंबर एवं मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिये लोगों से मिलकर प्रत्येक शक्ति केन्द्र प्रभारी अपने-अपने शक्ति केन्द्रों के प्रत्येक बूथों पर एक टोली बनाकर हर घर-दस्तक देकर पत्रक के माध्यम से लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें अवगत करायेगे कि मोदी सरकार के इन योजनाओं का लाभ आपने लिया है। इसी क्रम में मै आपके बीच आया हूं मोदी जी ने मुझे आपसे समर्थन लेने के लिए भेजा है। आप अपने मोबाईल से इस नंबर पर 9638002024 पर मिस्ड कॉल मारकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्थन दे। आपने ही मोदी जी को शक्ति दिया कि आज नरेन्द्र मोदी आप सभी देशवासियों का सेवा समर्पित भाव से कर रहे है। मोदी सरकार ने



आप सबों के विभिन्न गरीब कल्याण योजना जैसे प्रधानमंत्री मुफ्त अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना ऐसे कई योजनाओं का लाभ आप सबों को शत प्रतिशत अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ये मोदी सरकार का लक्ष्य है। आप सबों के दिये ताकत का ही परिणाम है कि मोदी जी ने समृद्ध भारत, समृद्ध बिहार, हर एक देशवासी एवं हर एक बिहारवासी को समृद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं। मोदी जी को फिर से एक बार आप सभी देशवासी अभूतपूर्व जन-समर्थन दे जिससे भविष्य में भी इन सभी एवं और भी कई नई योजना का लाभ आप सभी देशवासियों को मिले। इसलिए फिर से आनेवाले 2024 के लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व जन समर्थन एक-एक वोट देकर नरेन्द्र मोदी को फिर से एक बार प्रधानमंत्री बनाये। जिससे हमारा देश हर क्षेत्र में ऐसे ही एक नया आयाम स्थापित करे। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी देशवासियों के नाम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र हरेक टोला, कस्बों, बूथों पर वितरण सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने इर्द-गिर्द के बूथों, शक्ति केन्द्रों पर घर-घर जाकर कर रहे हैं। इस मौके पर पार्टी के अभिभावकों, समर्पित संगठन साथियों, रजौली के सभी भाजपा परिवारजनों ने अपना-अपना सुझाव पार्टी को सशक्त, मजबूत बनाने की दिशा में दिया। सबों ने एक स्वर में फिर से एक बार देश का नेतृत्व एवं देश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाने का संकल्प लिया। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक स्वर के साथ नवादा संसदीय सीट जीताकर मोदी जी को देने का संकल्प लिया।

इस मौके पर अतिपिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, मनोज बरहपूरिया, मनीष कुमार, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जावेद अंसारी, मिथिलेश राजवंशी, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, प्रोफ़ेसर सुरेंद्र चौधरी, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुसाफिर चौधरी, ऋषि कपूर, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, ललन कुमार दिनकर, अशोक साव, कारू राम, विनोद आर्या, मनीष सोनी, छोटू कुमार राज, सिमू राय, सुरेश कुमार सिंह भाजपा परिवारजन उपस्थित थे।

# महिला प्रीमियर लीग 2024 - मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हराया

**बेंगलुरू, एजेंसी।** यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 9वें मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में हार से उबरकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए तीन शुरुआती विकेट चटकाए और फिर एलिसे पेरी की 38 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवरों में 131/6 के मामूली स्कोर तक पहुंच गई। जहां पेरी ने अपनी 38 गेंदों की पारी के दौरान पांच चौके लगाए, वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 27 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।जीत के लिए 132 रनों का पीछा करते हुए मुंबई



इंडियंस ने एलिसे पेरी, यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट के योगदान की बदौलत 15.1 ओवर में 133/3 का स्कोर बना लिया और 29 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया।दिल्ली कैपिटल्स पर शुरुआती दौर में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। शनिवार की जीत के बाद मुंबई इंडियंस चार मैचों में छह अंकों के साथ आगे है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार अंकों पर बनी हुई है।कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरहाजिरी में टीम की अगुवाई करते हुए नैट साइवर-ब्रंट ने तीसरे ओवर में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना को नौ रन पर आउट करके पहला झटका दिया, जबकि सैका इशाक ने सोफी को फंसाकर स्कोर 31/2 कर दिया। डिवाइन एलबीडब्ल्यू के बाद साइवर-ब्रंट ने सब्बिनेनी मेघना को 11 रन पर आउट कर आरसीबी की मुश्किलें बढ़ा दीं।हालांकि एलिसे पेरी ने अकेले संघर्ष करते हुए नाबाद 44 रन बनाए, ऋचा घोष (7) और सोफी मोलिनेक्स (12) ज्यादा योगदान नहीं दे पाईं। पूजा वस्त्राकर ने 2-14 जबकि इस्सी वोंग और सैका इशाक ने एक-एक विकेट हासिल किया।जवाब में यास्तिका भाटिया (31) और हेले मैथ्यूज (26) ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े।

## डब्ल्यूटीसी पाइंट टेबल: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की हार से भारत को फायदा

# अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची इंडिया

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 172 रन से हरा दिया। वेलिंगटन में खेले गए इस मुकाबले में कंगारुओं ने कीवियों के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 196 रन पर ऑलआउट हो गई। पिछले दो दशक में यह ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 20 टेस्ट में से 17वीं जीत रही। कंगारू ने इस दौरान सिर्फ एक मैच गंवाया है। ऑस्ट्रेलिया की जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को फायदा हुआ है। टीम इंडिया इस अंक तालिका में न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंच गई है।

### अंक तालिका का हाल

ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत 75 से घटकर 60 रह गया है। उसने अभी तक पांच टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। एक में कीवी टीम को हार मिली है। कीवी टीम 36 अंक और 60 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर लुढ़क गई है। वहीं, भारत का अंक प्रतिशत 64.58 है। उसने अपने आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दो में हार मिली है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत के 62 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 59.09 है। उसके 78 अंक हैं। कंगारुओं ने अभी तक 11 टेस्ट खेले हैं और सात में जीत हासिल की है। तीन में ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली है और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। बांग्लादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से चौथे टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत 19.44 है और टीम आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। इंग्लैंड ने अभी तक 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में नौ टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। पांच मैच हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। श्रीलंका का अंक प्रतिशत शून्य है और वह नौवें स्थान पर है।



### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

### मैच में क्या हुआ?

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेले गए टेस्ट की बात करें तो न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन बनाए। कैमरन ग्रीन ने 174 रन की पारी खेली। वहीं, मिचेल मार्श ने 40 रन बनाए। कीवियों की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट लिए। वहीं, न्यूजीलैंड की पहली पारी 179 रन पर समाप्त हुई। ग्लेन फिलिप्स ने 71 रन और मैट हेनरी ने 42 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लियोन ने चार विकेट झटके। पहली पारी में कंगारुओं को 204 रन की बढ़त मिली थी।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 164 रन बनाए। लियोन ने 41 रन, ग्रीन ने 34 रन और ट्रेविस हेड ने 29 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से फिलिप्स ने पांच विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 368 रन की हुई और कीवियों को 369 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 196 रन पर सिमट गई। रचिन रवींद्र ने 59 रन बनाए, जबकि डेरिल मिचेल ने 38 रन की पारी खेली। नाथन लियोन ने छह विकेट झटके। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने 172 रन से जीत हासिल की। ग्रीन को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

### इंग्लैंड के खिलाफ जीता भारत तो पहला स्थान बरकरार

भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ जीत हासिल करता है तो टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखेगा। हालांकि, अगर पांचवां टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त होता है या यदि इंग्लैंड जीत जाता है, तो यह ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों के लिए अंक तालिका में टेबल-टॉपर्स के रूप में भारत से आगे निकलने का दरवाजा खोल देगा। वहीं, न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट शुक्रवार, आठ मार्च से क्राइस्टचर्च में शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बजरंग पूनिया की पत्नी पहलवान संगीता फोगाट ने युजवेंद्र चहल को कंधे पर उठाया



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर युजवेंद्र चहल और पहलवान संगीता फोगाट ने शुक्रवार को झलक दिखला जा रैप-अप पार्टी के दौरान कुछ ऐसे पल साझा किए जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, दोनों इस तरीके से मस्ती की कि उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में संगीता को चहल को अपनी पीठ पर उठाते हुए और उन्हें नचाते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान चहल डर के मारे संगीता को रोकने की कोशिश करते हैं। काफी देर नचाने के बाद संगीता चहल को उतार देती हैं, लेकिन उनका सिर घूम रहा होता है। चहल की पत्नी धनश्री वर्मा डांस रियलिटी शो के पांच फाइनलिस्टों में से एक हैं और चहल ने अपने फैंस से उनके लिए वोट करने का अनुरोध किया था। धनश्री ने भी पार्टी की कुछ तस्वीरें साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी में शिव ठाकरे, राजीव ठाकुर के साथ तस्वीर भी शेयर की है। इस बीच भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने चहल को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने पर हैरानी जताई थी।

### दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को बॉब जोन्स पुरस्कार

**फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है। वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल



हैं। वुड्स 9 बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने बयान में कहा, 'बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं।

# हैदराबाद की कप्तान करते दिख सकते हैं कमिंस, स्टेन को लेकर ये है अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच के रूप में अपनी भूमिका से ब्रेक का अनुरोध किया है, भले ही फ्रेंचाइजी 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के आगामी सीज़न के लिए कप्तान के रूप में पैट कमिंस की घोषणा कर सकती है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कहा जा रहा है कि स्टेन ने फ्रेंचाइजी से इस साल के लिए हैदराबाद में अपनी कोचिंग भूमिका से ब्रेक के बारे में पूछा है। इसमें कहा गया है कि फ्रेंचाइजी अब नए गेंदबाजी कोच की तलाश कर रही है और इस संबंध में जल्द ही घोषणा की जा सकती है। दक्षिण अफ्रीका के लिए अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में 93 टेस्ट, 125 वनडे और 47 टी20 मैच खेलने के अलावा, स्टेन ने आईपीएल में अब बंद हो चुकी डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए भी खेला था।



2022 में, स्टेन एक गेंदबाजी कोच की भूमिका में हैदराबाद फ्रेंचाइजी में शामिल हो गए और उन्हें तेज गेंदबाज उमरान मलिक के विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने का श्रेय दिया गया, जिन्होंने टी20 और वनडे में भारत की कैप हासिल की और हाल ही में उन्हें बीसीसीआई से तेज गेंदबाजी अनुबंध का मौका मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और आवश्यकताएं पूरी होने तक स्टेन के अगले सीज़न में फ्रैंचाइज़ी में लौटने की उम्मीद है। पिछले साल अंक तालिका में सबसे नीचे रहने के बाद, हैदराबाद को न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर डेनियल विटोरी के रूप में नया मुख्य कोच मिला, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच हैं। इस बीच, आईपीएल 2024 के लिए हैदराबाद कप्तानी के बारे में बात करते हुए, उम्मीद है कि पिछले साल दुबई में नीलामी में 20.5 करोड़ रुपये में उन्हें हासिल करने के बाद फ्रेंचाइजी कमिंस को अपना नया कप्तान घोषित करेगी।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) और पुरुष वनडे विश्व कप जीता था। पिछले दो सीज़न में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्करम ने की थी, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। हालाँकि, मार्करम ने एसए20 के पहले दो सीज़न में हैदराबाद फ्रैंचाइज़ी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने 2024 अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 27 मार्च को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस.के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी।

### नाथन लियोन ने रचा इतिहास

# डब्ल्यूटीसी के इतिहास में यह कमाल करने वाले पहले गेंदबाज



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और उसकी पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट हासिल किए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइटवॉचमैन के रूप में 41 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली थी।

**नाथन लियोन ने बनाए ये रिकॉर्ड्स-** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन के नाम अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा (10) फाइव विकेट हॉल हो गए हैं, उन्होंने भारत के रविचंद्रन अश्विन (नौ) को पछाड़ दिया है। लियोन अब टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर कर्टनी वॉल्श को पछाड़ दिया। लियोन के नाम अब 128 टेस्ट मैचों में 527 विकेट हो गए हैं और उनका औसत 30.35 का है। उन्होंने अपने करियर में उन्होंने 24 बार पांच विकेट और पांच बार 10 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने 11 मैच में लियोन ने 18.90 की औसत से 60 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में उनका औसत पांचवां सर्वश्रेष्ठ है। लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन बार पांच विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड में छह विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर बन गए हैं।



## कॉन्ट्रैक्ट से बाहर होते ही श्रेयस अय्यर का फॉर्म गायब

### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सिर्फ 8 गेंद खेलकर चलते बने

**मुंबई, एजेंसी।** बीते हफ्ते श्रेयस अय्यर ऐसे पहले क्रिकेटर बन गए, जिन्हें रणजी ट्रॉफी न खेलने के कारण बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हाथ धोना पड़ा था, लेकिन जिस तरह से वह घरेलू क्रिकेट में भी शॉर्ट बॉल से एक्सपोज नजर आ रहे हैं, वह उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। रणजी ट्रॉफी में ऐसे खेल के साथ तो उन्हें ऐसे भी कॉन्ट्रैक्ट मिलता नहीं दिख रहा है। तमिलनाडु के खिलाफ जारी सेमीफाइनल मुकाबले में श्रेयस अय्यर सिर्फ आठ गेंद में तीन रन बनाकर चलते बने। अय्यर के फैंस को विश्वास था कि उनका पसंदीदा क्रिकेटर बल्ले से आलोचकों को करारा जवाब देगा, लेकिन ऐसा हो न सका। ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हुए श्रेयस अय्यर को तेज गेंदबाज संदीप वारियर ने क्लीन बोल्ड कर दिया।

# भारतीय टीम ने हासिल किया नंबर-1 का ताज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम को 172 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच में गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। कैमरून ग्रीन ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया और उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच जीतने में सफल रही। उन्होंने मैच में 174 रनों की पारी खेली। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की जीत से भारतीय टीम को तगड़ा फायदा हुआ है। भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गई है और न्यूजीलैंड को नुकसान हुआ है।



**पहले नंबर पर पहुंचा भारत-** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हारते ही न्यूजीलैंड की टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में एक स्थान का नुकसान हुआ है। न्यूजीलैंड की टीम दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वहीं भारतीय टीम ने नंबर-1 का ताज हासिल कर लिया है। हार के साथ न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक हो गए हैं। भारतीय टीम के 64.58 अंक हैं। लेकिन जीत के बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे नंबर पर बनी हुई है। टीम के 59.09 प्रतिशत अंक हैं।

**न्यूजीलैंड को मिली हार -** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जो गलत साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन बनाए। टीम की तरफ कैमरून ग्रीन ने 174 रनों की पारी खेली। मिचेल मार्श ने 40 रनों का योगदान दिया। जोस हेजलवुड ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी सिर्फ 179 रनों पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 369 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 196 रनों पर ऑलआउट हो गई।

### इंग्लैंड के खिलाफ किया दमदार प्रदर्शन

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 में भारतीय टीम ने अभी तक 8 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से टीम ने पांच में जीत हासिल की है और 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं एक टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ है। टीम इंडिया इस समय घर पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। भारत ने पहले ही सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर बने रहने के लिए टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड की टीम ने 2023-25 में 5 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से टीम ने तीन में जीत दर्ज की है और 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

# प्रधानमंत्री की लोकप्रियता से बिहार की सभी 40 सीटें जीतेगा एनडीए : सांसद

## औरंगाबाद सांसद ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जताया आभार


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है और इस जनसभा ने यह संकेत दे दिया है कि इस बार बिहार की सभी 40 सीटें एनडीए गठबंधन के पास जाएंगी। यह बात औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने रविवार को अपने आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। सांसद ने इस वृहद आयोजन में अपनी उपस्थिति से इसे भव्यता देने के लिए औरंगाबाद, काराकाट, गया सासाराम आदि संसदीय क्षेत्र की जनता, भारतीय जनता पार्टी तथा सहयोगी दलों के नेताओं/कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से ही यह विशाल आयोजन संभव हो सका है। उन्होंने औरंगाबाद जिला प्रशासन तथा पुलिस के प्रति भी अपना आभार जताया तथा कहा कि प्रशासन और पुलिस ने इतनी अच्छी व्यवस्था की कि इतना बड़ा आयोजन भी बड़ी सहजता से पूरा हो गया और किसी को कोई तकलीफ नहीं हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस दौरे के मेजबान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और पूरी टीम को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन सफल बनाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। प्रेस की भूमिका की चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि मीडिया ने इस पूरे कार्यक्रम को जिस बड़े पैमाने तक आम जनता तक पहुंचाया और वैसे करोड़ों लोग जो इस कार्यक्रम में सीधे नहीं आ सके थे उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री को संदेश के संदेश को सुना, यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसके लिए मीडिया को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चोरी गई बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** चोरी की एक बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित ईटवा गांव निवासी विकास कुमार है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चौराही स्कूल के पास छापेमारी की गई जिसमें एक चोरी गई बाइक के साथ आरोपित पकड़ा गया। आरोपित से आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में पाया गया कि उक्त बाइक का चेचिस नंबर मिटा दिया गया था। पूछताछ के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। **दूसरी ओर,** चुनाव के मद्देनजर विशेष अभियान के फलस्वरुप शराब के साथ एक धंधेबाज को नवीनगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान मंझियावा के अकल राम के रूप में की गई है। इसके पास से 17.5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है, इसी क्रम में शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# अंबे महोत्सव में दिखेंगे कला और संस्कृति के विविध रंग

## आज से शुरू हो रहा दो दिवसीय अंबे महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सोमवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय अंबे महोत्सव के दौरान कला और संस्कृति के विविध रंग नजर आएंगे। दरअसल बिहार सरकार और जिला प्रशासन जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर अंबा स्थित तीर्थ स्थल सतबहिनी धाम को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने तथा इस स्थल की महत्ता के बारे में लोगों को बताने के उद्देश्य से अंबे महोत्सव का आयोजन करते है। इस दौरान यहां विविध प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। इस संबंध में जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को कलश यात्रा और झांकी से होगी तथा 2:00 बजे दिन से मंच का उद्घाटन किया जाएगा। शाम में दीप यज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन यानी मंगलवार को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, जिसमें प्रश्न मंच, चित्रकला, निबंध एवं सुलेख, कुश्ती, कबड्डी आदि प्रतियोगिताएं शामिल है, का आयोजन किया जाएगा। शाम 3 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा तथा शाम 6 बजे के बाद से सांस्कृतिक कार्यक्रम सह समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल मां सतबहिनी मंदिर की समीप स्थित चिल्हकी हाई स्कूल का खेल परिसर होगा। इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तथा प्रखंड प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। इस बीच जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त एवं अपर समाहर्ता ने सूर्य स्थल उमगा जाकर वहां आयोजित होने वाले उमगा महोत्सव की तैयारी का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वहां मंदिर के रखरखाव तथा पुनरुद्धार के लिए कई दिशा निर्देश दिए।

# प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को मिला इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड

## शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए इकोनामिक ग्रोथ फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार के जाने-माने शिक्षाविद तथा सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें इकोनामिक ग्रोथ फाउंडेशन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया है। डॉक्टर मिश्रा ने यह पुरस्कार दुबई में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्राप्त किया जो सामाजिक विकास तथा अर्थव्यवस्था के भूमंडलीकरण विषय पर विमर्श के लिए 25 फरवरी को आयोजित किया गया था। डॉ. मिश्रा को यह पुरस्कार मिलने पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संगठन के अध्यक्ष प्रोफेसर कासिम फरीदी, उपाध्यक्ष प्रेमेंद्र मिश्रा, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी, जिले के तमाम प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए डॉक्टर मिश्रा को कई सम्मान दिए जा चुके हैं। गत वर्ष अक्टूबर माह में नेपाल की राजधानी काठमांडू में भारत नेपाल फ्रेंडशिप समिट 2023 के दौरान भी उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया था। डॉक्टर मिश्रा की गणना बिहार के जाने-माने शिक्षाविदों में होती है। एमएससी गोल्ड मेडलिस्ट, पीएचडी तथा यूएस से डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि धारण करने वाले डॉक्टर मिश्रा को इससे पहले भी चार दर्जन से ज्यादा पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हो चुके हैं जिनमें बिहार हेल्थ एजुकेशनल काउंसिल की ओर से बिहार गौरव सम्मान, बिहार आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट काउंसिल की ओर से बिहार रत्न सम्मान, बिहार शिक्षा शिरोमणि सम्मान, बिहार शिक्षक रत्न सम्मान नेशनल यूथ वेलफेयर काउंसिल की ओर से नेशनल महावीर शिखर सम्मान, पाटलिपुत्र हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से बिहार गोल्ड स्टार सम्मान, स्वामी सहजानंद सरस्वती बिहार गौरव सम्मान, बिहार विभूति सम्मान, बिहार ज्योति सम्मान, श्री कृष्णा सिंह बिहार गौरव सम्मान, भारत गौरव श्री सम्मान जैसे सम्मान के साथ-साथ कई अंतराष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हुए हैं जिनमें एशिया पेसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड तथा इंटरनेशनल बेस्ट एजुकेशनल प्रॉमिनेंट अवार्ड भी शामिल है। डॉक्टर मिश्रा का शिक्षण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है और शिक्षा की बेहतरी के लिए उनके शोध कार्य बेहद चर्चित रहे हैं।

# दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खान कपसिया मोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो सगे भाई समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में खान गांव निवासी कन्हैया कुमार, धंधवा गांव निवासी मो. नासिर व उसका भाई शामिल है। जानकारी के अनुसार कन्हैया बाइक से सामान की खरीददारी करने औरंगाबाद बाजार जा रहा था, जैसे ही खान कपसिया मोड़ के समीप पहुंचा तभी सामने वाली बाइक से टकरा गया, जिससे तीनों घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचाया।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ किये गये कार्रवाई के क्रम मे दाउदनगर थाना की पुलिस ने अंकोढ़ा के पास मुख्य सड़क से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां ने बताया कि ट्रैक्टर का चालक पुलिस को देखकर बालू गिराते हुए ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया।

# डॉ. हरिवंश नारायण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर हुआ वस्त्र दान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



नबीनगर। डॉ. नारायणवास सेवा संस्थान के तत्वावधान में आदर्श ग्राम बेलाई में सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ हरिबंश नारायण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि देने के बाद स्वजनों द्वारा जरूरतमंद को जलपान एवं वस्त्र प्रदान किया गया। पुण्यतिथि पर 100 लोगों को साड़ी, धोती, चादर, गमछा दिया गया। ज्ञात हो कि डॉ. हरिवंश नारायण सिंह आयुर्वेद स्वर्ण पदक प्राप्त चिकित्सक थे जिन्होंने बिहार बंगाल झारखण्ड के चिकित्सा क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त की थी। मौके पर डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति से सुख चैन की प्राप्ति होती है। डॉ नारायनवास सेवा संस्थान जरूरतमंदों की सेवा में अनवरत कार्य कर रही है। प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान किया जाता है, इसका लोग लाभ उठाएं। संजय मिश्रा ने कहा कि नारायनवास सेवा संस्थान द्वारा वर्ष में दो बार इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है जिससे गरीबों बहुत राहत मिलती है। मौके पर डॉ अशोक सिंह, डॉ धनज्जय सिंह, किशोर कुमार सिंह, बिनोद कुमार सिंह, डॉ मनोज सिंह, ललन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दीपक कुमार सिंह, संजय मिश्रा, बिनोद सिंह, हरेन्द्र सिंह, सिकंदर सिंह, सुधीर कुमार सिंह, विद्यासागर सिंह,राम किशुन मिस्त्री, रामचन्द्र मिस्त्री, शंकर पासवान, जयकांत कुमार, ब्रिजदेव राम, मोगल राम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# पूर्ण बहुमत से फिर बनेगी मोदी सरकार : भीम चन्द्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद बिहार मेनिफेस्टो कमिटी सह प्रभारी भीम कुमार सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक करोड़ लोगों से मंतव्य प्राप्त किया जाए। पार्टियां चुनाव से पहले घोषणा पत्र तैयार करती है हमारी पार्टी एवं मोदी जी घोषणा पत्र नहीं संकल्प पत्र जारी करते हैं। उन्होंने बताया कि 2014 में 530 संकल्प लिए थे उसमें से 529 संकल्प पूरे किये। दूसरे कार्यकाल में लगभग 250 संकल्प लिए थे उसमे से भी 222 संकल्प पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता यह बॉक्स आम जनों के बीच लेकर जा रहे है। मत पेटी के माध्यम से जो जो सुझाव नहीं देना चाहते हैं उनके लिए एक नंबर भी जारी किया गया है। 9090902024 इस नंबर पर रिंग कर एवम नमो एप्प पर भी अपना सुझाव दे सकते है। 28 फरवरी से बिहार में रथ घूम रहा है जिन्हें प्रदेश जो 15 मार्च तक यह कार्यक्रम चलेगा। अच्छे सुझाव मिलेंगे उसे संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता निशांत राज ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने और अति पिछड़ा समाज के नेता डॉ भीम सिंह को राज्यसभा के लिए चुने जाने से पूरे प्रदेश में अतिपिछड़ा वर्ग उत्साहित है और भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व रूप से गोलबंद है, जिसका प्रभाव आगामी चुनावों में स्पष्ट दिखाई देगा। संवाददाता सम्मेलन में प्रीतम सिंह, जयप्रकाश सिंह, धीरेन्द्र रत्नाकर, मनोज सिंह, उदय कुमार, श्रीनिवास सिंह, प्रमोद सिंह, कामता सिंह, सूर्यनाथ सिंह गोपाल शर्मा, कपिल जी, प्रमोद यादव, शिव कुमार, स्वर्णकार चंद्रशेखर, नवीन कुमार, हरेंद्र, मुकेश मिश्रा, अवधेश पांडेय, प्रणव कुमार, रामेश्वर ताँती, विकास राज, दिपक कुमार, उमंग कुमार आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## भगवान भास्कर की धरती औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत


प्रधानमंत्री का स्वागत एवं अभिवादन करते औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिवादन करते भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर सिंह


प्रधानमंत्री का अभिवादन करते भाजपा के वरीय नेता सुनील कुमार सिंह


प्रधानमंत्री का स्वागत करते अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते सांसद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह


भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह औरंगाबाद जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने गर्मजोशी के साथ किया प्रधानमंत्री का अभिवादन


भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह काराकाट लोकसभा प्रभारी अनिल कुमार सिंह एवं जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा प्रधानमंत्री का अभिवादन करते हुए


प्रधानमंत्री का स्वागत करते भाजपा नगर अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह उर्फ पिंटू


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्रा एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह


महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनिता सिंह एवं युवा नेता प्रवीर सिंह का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री